


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पीढ़ियों को अनुप्राणित करने वाले भारत रत्न डॉ. बीसी रॉय व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 96, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



**आज का मौसम** | 33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे, बारिश होगी। | सूर्योदय 05 : 19 | सूर्यास्त 07 : 06

मुरादाबाद, रविवार, 30 जून 2024

श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की...16

# 11 साल का इंतजार खत्म, भारत ने जीता टी-20 विश्व कप

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारत ने 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मैच में 7 रन से हराकर टी20 विश्व कप जीत लिया। इसके नायक रहे विराट कोहली, जिन्होंने जीत के साथ ही टी-20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया। भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप जीता था और आखिरी आईसीसी खिताब 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका में चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी। पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप फाइनल में टीम आस्ट्रेलिया से हार गई थी। पावरप्ले में मिले झटकों से उबरते हुए विराट और अक्षर ने भारत को 7 विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। अगला टी20 विश्व कप नहीं खेलने वाले विराट और रोहित के चेहरे पर जीत का इत्मीनान था। इसके साथ ही कोच राहुल द्रविड़ को भी शानदार विदाई मिली।

भारत ने पांचवें ओवर में 3 विकेट सिर्फ 34 रन पर गंवाए थे। इसके बाद अक्षर और कोहली ने टीम को संकट से निकाला। जवाब में हेनरिच क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के करीब पहुंचाया था, लेकिन भारत ने जीत दर्ज की। हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए और दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी।

## दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराया

### भारतीय क्रिकेट टीम ने करोड़ों लोगों का दिल जीता : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को टी 20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी और उन्हें चैंपियन करार देते हुए कहा कि क्रिकेटरों ने विश्व कप के साथ-साथ करोड़ों लोगों का दिल भी जीत लिया है। प्रधानमंत्री ने ' 'एक्स' ' पर एक पोस्ट में कहा कि चैंपियंस! हमारी टीम शानदार अंदाज में टी-20 विश्व कप लेकर आई है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम पर गर्व है।




## यह मेरा आखिरी टी-20 विश्वकप था : कोहली

**बारबाडोस।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टी-20 विश्वकप जीतने के बाद ऐलान किया है कि यह उनका आखिरी टी-20 विश्वकप था। भारत ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक फाइनल में 7 रन से हरा दिया। कोहली ने इस अहम मुकाबले में 76 रन का योगदान दिया। जीत के बाद भावुक हुए विराट ने कहा कि यह मेरा आखिरी टी-20 विश्वकप था। मैं इससे पहले छह टी-20 विश्वकप खेल चुका हूं। अब वक्त आ गया है जब नई प्रतिभाओं को मौका मिले। यह लम्हा मेरी जिंदगी के लिए यादगार रहेगा। इस जीत के लिए टीम का हर सदस्य बराबर का हकदार है। सभी ने बेहतरीन खेल दिखाया जिसके चलते भारत यह विश्वकप अपने नाम कर सका। जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली एक दूसरे के गले लग कर रो पड़े। हार्दिक पांड्या, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत समेत हर भारतीय खिलाड़ी की आंख नम थी मगर यह खुशी के आंसू थे। कमेंटरी बाक्स में पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान भी रो पड़े।

## एक नजर

### 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थ नष्ट किए

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने केंद्र शासित प्रदेश में 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया है। मादक पदार्थ निपटान कार्यक्रम के तहत जीबी पंत अस्पताल में लगभग 238.41 किग्रा मेथमफेटामाइन, 67.63 किग्रा गांजा, 1.060 किग्रा कोकीन, 76 ग्राम चरस समेत अन्य मादक पदार्थ नष्ट किए गए।

### पासपोर्ट घोटाले में 33 जगह सीबीआई के छापे

**मुंबई।** सीबीआई ने महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर छापेमारी की है और भारी रिश्वत के बदले संदिग्ध पासपोर्ट जारी करने के आरोप में 32 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने नासिक के अलावा मलाड और लोअर परेल में पासपोर्ट सेवा केंद्रों में पासपोर्ट विभाग के 14 अधिकारियों के खिलाफ मुंबई और नासिक में 12 मामले दर्ज किए और विभिन्न स्थानों पर छापे मारे।

### संप्रेक्षण गृह से 10 लड़के फरार, खोज शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक सरकारी बाल संप्रेक्षण गृह से शनिवार को 10 लड़के भाग गए। लड़कों ने अपने कमरे की लोहे की ग्रिल तोड़ दी और भाग गए। सभी रायपुर के हैं और हत्या, चोरी, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम और अन्य मामलों के आरोपी हैं।

# मेधावियों के नाम पर होंगी सड़कें

## मुख्यमंत्री ने कहा, स्कूल जाने से कोई छात्र वंचित न रहने पाए

- योगी ने लोकभवन में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान
- छात्रों को प्रमाण पत्र, टैबलेट व एक लाख रुपये किए वितरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का नाम मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई छात्र स्कूल जाने से वंचित न रहने पाए। यह देश की सबसे बड़ी सेवा होगी। मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर छात्रों को प्रमाण पत्र, टैबलेट और एक लाख रुपये वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये छात्र जिस गांव व मोहल्ले के होंगे, वहां की सड़क का नामकरण उनके नाम पर होगा। सड़क का निर्माण कार्य सरकार के स्तर पर होगा। विधायक व सांसद के साथ मिलकर इन्हीं से शिलान्यास भी कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य है। शिक्षकों का आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में होना चाहिए। कहा कि हमारे विद्यालय 'इनोवेशन' और 'रिसर्च' के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, छात्र-छात्राओं के अंदर कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो, इसके लिए शिक्षक स्वयं को तैयार करें।

समारोह में हाईस्कूल और इंटर की मेरिट में जगह बनाने वाले कुल 170 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिनमें छात्र 58 हैं और छात्राएं 112 हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी व स्कूल बैग खरीद के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं के माता-पिता या अभिभावकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजने की प्रक्रिया की शुरुआत की।



समारोह में बच्चे को पाठ्य सामग्री देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### इन योजनाओं की शुरुआत व लोकार्पण

- ड्रेस-स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये खाते में
- विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान
- 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी विद्यालय का लोकार्पण
- 11 जिलों के डायट में अतिरिक्त कक्षा का शिलान्यास
- कक्षा एक व दो की पुस्तकों के वितरण की शुरुआत
- टोल फ्री नंबर 1800-889-3277 की शुरुआत
- शैक्षणिक शोध संकलन 'शोध संगम' का विमोचन

### योगी ने बच्चों को बताया सफलता का मंत्र

मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को सफलता का मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी क्षेत्र में जाना हो, याद रखें, परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जीवन में 'शॉर्टकट' का रास्ता अपनाने वाला व्यक्ति कभी भी अपनी मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकता, इसलिए जीवन में जितना कठिन परिश्रम कर सकते हैं, करना चाहिए। जिन छात्रों ने कठिन परिश्रम किया, मेरिट में उनका नाम आया। सफलता हमें ये भी बताती है कि हमने मंजिल पा ली है, हमारी दिशा सही है, हमें दिशा भ्रम में नहीं पड़ना है।

## चिकित्सकों ने पैर की जगह कर दी गुप्तांग की सर्जरी

**पैर में चोट लगने पर भर्ती था**

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शाहपुर के एक नौ वर्षीय लड़के के माता-पिता ने पुलिस से अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने उनके बेटे के घायल पैर की जगह गुप्तांग की सर्जरी कर दी। पीड़ित नाबालिग के माता-पिता के आरोप पर एक स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। नाबालिग के माता-पिता ने संवाददाताओं को बताया कि पिछले महीने जब नाबालिग बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था तब उसके पैर में चोट लग गई थी। उसे 15 जून को शाहपुर के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने उसके जख्मी पैर की जगह गुप्तांग का खतना कर दिया। उन्होंने कहा कि बाद में अपनी गलती का एहसास होने पर चिकित्सकों ने जख्मी पैर की सर्जरी की। माता-पिता ने शाहपुर पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच चल रही है। जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी आरोपों की जांच करेंगे।

## नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामला

# सीबीआई की गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी

- झारखंड के हजारीबाग से एक पत्रकार को भी दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि चार जिलों - आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य के अलावा हिंदी अखबार के एक पत्रकार जमालुद्दीन अंसारी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था।

### दो दिन में घोषित होगी नीट-पीजी की नई तिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को हरियाणा के पंचकूला में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नई तारीख की घोषणा करेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर बढ़ते विवाद के बीच एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद की गई परीक्षाओं में नीट-पीजी की परीक्षा भी शामिल है।

### तीन और अभियुक्तों की सीबीआई को मिली रिमांड

**पटना।** सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने शनिवार को (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने हजारीबाग से गिरफ्तार डॉ. एहसान उल हक, इम्तियाज और जमालुद्दीन को विशेष अदालत में पेश कर हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। अदालत ने तीनों को 29 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेऊर के अधीक्षक को दिया है।

# टैंक सवार जवान बहे, जेसीओ समेत 5 की मौत

**एलएसी के पास हुआ हादसा**

## लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान श्योक नदी में फंस गया था टैंक

लेह, एजेंसी

लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास श्योक नदी में शुक्रवार देर रात अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक पर सवार एक 'जूनियर कमिशंड ऑफिसर' (जेसीओ) समेत पांच सैन्यकर्मी डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई। लेह में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने कहा कि 28 जून, 2024 की रात एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के बाद, पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया। बयान में कहा गया कि बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव और अधिक जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हो सका और टैंक के चालक दल के सदस्यों की जान चली गई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लद्दाख में एक टैंक को नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के हमारे पांच बहादुर कर्मियों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

### देश जवानों के परिवारों के साथ: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लद्दाख में अचानक आई बाढ़ में सैनिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि पूरा देश उनके परिवारों के साथ है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे की सूचना से मन व्यथित है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले वीर जवानों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरा देश वीर जवानों के परिजनों के साथ है।

### राहुल गांधी और प्रियंका ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा ने लद्दाख में पांच सैनिकों की मौत होने पर शनिवार को गहरा दुख व्यक्त किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि लद्दाख में पांच बहादुर सैनिकों की मौत से बहुत दुखी हूं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सैन्यकर्मियों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। प्रियंका गांधी ने भी सैन्यकर्मियों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## ऊर्जा निगमों में अब 65 वर्ष तक रह सकेंगे निदेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में निदेशक अब 65 वर्ष तक रह सकेंगे। राज्य सरकार ने उनकी सेवानिवृत्ति आयु तीन वर्ष बढ़ा दी है। चयन प्रक्रिया में भी आयु सीमा की छूट दी गई है। इस सिलसिले में आदेश जारी किया गया है। पहले निदेशक पद पर तैनात बिजली अभियंता 62 वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे थे। निदेशक पद पर चयन के लिए अब न्यूनतम 50 और अधिकतम 62 वर्ष तक सेवानिवृत मुख्य अभियंता, कार्यरत मुख्य अभियंता या प्रोन्नति के लिए चयनित अधीक्षण अभियंता आवेदन कर सकेंगे।



**सूखी नदी में कारें बहीं**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार दोपहर भारी बारिश हुई, जिससे सूखी नदी में बाढ़ आने से कई कारें तेज बहाव में बह गईं। हरिद्वार में बारिश का पानी घरों में घुस गया और प्रमुख सड़कों में जलजमाव हुआ। यह नदी आमतौर पर सूखी रहती है इसलिए लोग अपनी गाड़ियां सूखी नदी के किनारे खड़ी कर देते हैं।

# केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

**आबकारी घोटाला**



- तीन दिन की हिरासत के बाद सीबीआई ने कोर्ट में किया था पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शनिवार को यहां की अदालत ने 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को सीबीआई ने तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच और न्याय के हित में उनकी हिरासत जरूरी है। याचिका मंजूर करते हुए विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने कहा कि केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश किया जाए। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में अनियमितताओं के सिलसिले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

सीबीआई ने केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया।

**बदरंग तस्वीर**

**कानपुर में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होने की जगह एकसाथ हैं, जो गंगा व पांडु नदी को कर रहे प्रदूषित**

# गंगा क्यों न हो मैली, बहा रहे करोड़ों लीटर सीवेज

- गंगा को निर्मल बनाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' सिस्टम की आवश्यकता
- बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से वर्षा जल के साथ गंगा में बहा रहे मल-जल

अभिषेक वर्मा, कानपुर



**अमृत विचार :** कानपुर को भले ही स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है, लेकिन यहां का लचर ड्रेनेज सिस्टम पूरे शहर की तस्वीर बदरंग कर रहा है। स्मार्ट सिटी में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होना चाहिए, लेकिन शहर में आज भी 80 प्रतिशत सीवेज सिस्टम नालों से कनेक्ट हैं। लिहाजा, बारिश के पानी के साथ मल-जल भी नालों के जरिए गंगा और पांडु नदी में बहा दिया जाता है। वर्षा जल के साथ करोड़ों लीटर सीवेज भी नदियों में जाता है। 2019 में बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से भी सीवेज मिला वर्षा जल गंगा में बहाया जा रहा है। ऐसे में गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' यानी सतही जल निकासी मात्र एक विकल्प बचा है।

कानपुर शहर में 16 बड़े नाले हैं। इनमें से 10 टैप्ड (बंद) हैं, जबकि छह खुले हैं। टैप्ड नालों में सीवेज पंपिंग स्टेशन के माध्यम से गैर-शोधित पानी को एसटीपी भेजा जाता है, जबकि छह अनटैप्ड नालों में बायोरेमिडिएशन विधि से जलशोधन होता है। नगर निगम के प्रभारी पर्यावरण अभियंता आरके पाल ने बताया कि भारी बारिश के बाद नालों में जलप्रवाह बढ़ जाता है। टैप्ड नालों में भी पानी पहुंचता है। लोड संभालने के लिए टैप्ड नालों में आपात स्थिति में चैनल को खोलना पड़ता है, जिससे पानी गंगा में गिरता है। पाल ने बताया कि हमारे पास स्टॉर्म वाटर और सीवेज का अलग-अलग चैनल नहीं है। ऐसी स्थिति में पानी गंगा में छोड़ना मजबूरी है। वरना, शहर तो बहेगा, साथ ही चैनल भी टूट जाएंगे।

### ड्रेनेज समस्या से जूझ रहा 80 फीसदी शहर

शहर की बसावट वर्ष 1800 के बाद शुरू हुई। बरसाती पानी के निकासी के लिए वर्ष 1892 में सीसामऊ नाला बनाया। जब सीसामऊ नाला बना, तब आबादी डेढ़ से दो लाख थी। 132 साल बाद भी सीसामऊ नाला शहर का 20 प्रतिशत ड्रेनेज संभाले हुए है। शहर की बसावट अब 300.89 वर्ग किमी में हो गई है। आबादी भी 50 लाख से ज्यादा हो गई है, लेकिन ड्रेनेज सिस्टम अपडेट नहीं किया गया।

### 18 सौ करोड़ खर्च करने के बाद भी समस्या

शहर में गंगा को निर्मल बनाने में 1810 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अब भी शहर में ड्रेनेज सिस्टम के नाम पर सीवर और नाला एक में है। अंग्रेजों के जमाने में शहर में जल निकासी के लिए डॉट नाला बनाया गया था। शहर का विस्तार होता गया। गंगा को साफ करने में करोड़ों खर्च होने के बाद भी न तो गंगा साफ हुई और न ही शहर का ड्रेनेज सिस्टम सुधरा।

कानपुर स्मार्ट सिटी तो है, लेकिन यहां चंडीगढ़ की तरह स्टॉर्म वाटर ड्रेन सिस्टम नहीं है। शहर की बसावट के अनुसार सीवेज और वर्षा जल निकासी की लाइनें अलग होनी चाहिए, जो शहर में नहीं हैं। जीओ के तहत ही नालों के जरिए वर्षा जल गंगा में भेजा जाता है। - **अमित मिश्रा**, क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

हमारी प्राथमिकता पहले शहर को डूबने से बचाने की होती है। मजबूरी में ही नालों को खोला जाता है। ऐसा नहीं करेंगे तो चैनल फट जाएंगे। सरकार की गाइडलाइन का पालन किया जाता है। -**आरके पाल**, पर्यावरण अभियंता (प्रभारी), नगर निगम

## शहर में आज



☞भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12:30 बजे।

☞बिलासपुर में चल रही श्रीराम कथा का आयोजन दोपहर 2 बजे।

## एक नजर

### चार घंटे बंद रहेगी अखाड़ा मल्ली खां की बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर में जर्जर तार, पुराने खंभों को बदला जा रहा है। इसी के चलते रजा बिजलीघर के फीडर अखाड़ा मल्ली खां की आपूर्ति सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ द्वितीय पीके सिंह ने बताया कि रजा बिजलीघर के फीडर अखाड़ा मल्ली खां की 11 हजार की जर्जर लाइन को बदलवाया जाएगा। इसके चले सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक अखाड़ा मल्ली खां, पपिया वालान और सराए कला की आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ ने बताया कि तीनों क्षेत्रों में 500 उपभोक्ता हैं।

### शाहबाद गेट बिजलीघर के जेई का तबादला

**रामपुर, अमृत विचार :** उपकेंद्र शाहबाद के जेई आलोक तिवारी का तबादला दक्षिणांचल हो गया है। वह दिनभर नवाबगेट डिवीजन में कागजों की तैयारी कराते रहे। उनकी पहली तैनाती पहाड़ी गेट पर थी। उन्होंने शाहबाद गेट बिजलीघर का चार्ज एक माह पहले ही संभाला था। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि उनका स्थानांतरण हो गया है। उनकी स्थान पर किसी अन्य जेई को अतिरिक्त चार्ज दिया जाएगा।

### बूंदाबांदी से गुल रही पहाड़ी गेट बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को हुई बूंदाबांदी से पहाड़ी गेट क्षेत्र की आपूर्तितीन घंटे ठप रही। तीन घंटे बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने जेई संजीव चौरसिया से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि बारिश होने की वजह से तारों में खराबी आ गई थी। इसे सही कराने के लिए पेट्रोलिंग कराई गई। दोपहर तीन बजे बाधित आपूर्ति को सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

# लाइसेंस के लिए पांच जुलाई तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी के साथ मौजूद अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को आत्म निर्भर बनाने व उनकी आय में वृद्धि के बारे में बताया। हिन्दुस्तान इंसेक्टिसाइड्स लिमिटेड (एचआईएल) से कीटनाशी डीलरशिप लाइसेंस के बारे में भी जानकारी दी।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उर्वरक लाइसेंस के लिए बीएससी (कृषि) तथा कीटनाशी लाइसेंस के बीएससी (कृषि) अथवा रसायन विज्ञान में स्नातक योग्यता अनिवार्य है। किसी एफपीओ के निदेशक व सदस्यों के पास यह योग्यता नहीं है। उन एफपीओ के निदेशकों व सदस्यों को कृषि विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा (डीएईएसआई) योजना के तहत सीमा, रहमानखेड़ा के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। यदि एफपीओ के निदेशकों व सदस्यों के पास योग्यता है तो वह इन लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी एफपीओ के निदेशक व सदस्य बीएससी (कृषि) अथवा रसायन विज्ञान में स्नातक न हो तो उन्हें कृषि विस्तार सेवाओं में (डीएईएसआई) योजना के तहत डिप्लोमा कराकर लाइसेंस दिलाए जाएं। जिलाधिकारी ने मंडी लाइसेंस, जीएसटी लाइसेंस, एफएसएसएआई लाइसेन्स के लिए आवेदन कराने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लाइसेंस दिलाने के भी निर्देश दिए। यह भी निर्देश दिये कि पांच जुलाई तक सभी एफपीओ सम्बन्धित पोर्टल पर लाइसेंस के लिए आवेदन करें। ताकि एक से 14 अगस्त तक लाइसेंस दिए जा सकें। एफपीओ के प्रतिनिधियों से कहा कि आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उप कृषि निदेशक से संपर्क करें।

### ऑनलाइन प्रतियोगिता में देश-विदेश से 140 प्रतियोगियों ने किया प्रतिभाग

# अंतर्राष्ट्रीय भजन गायन प्रतियोगिता में शिप्रा रहीं अव्वल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



विजयी प्रतियोगी को पुरस्कार देतीं विधायक की पत्नी गुंजन सक्सेना। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरिता के यूट्यूब चैनल पकवान के माध्यम से ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें देश-विदेश के 140 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के द्वितीय मापदंड में रामपुर की शिप्रा सक्सेना को प्रथम पुरस्कार मिला। जबकि, प्रथम मापदंड में कानपुर की काव्यांशी श्रीवास्तव अव्वल रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रसिद्ध गजल गायक सखावत हुसैन खां और अंकिता रहे।

प्रतियोगियों के भजन सरिता के यूट्यूब चैनल पकवान पर अपलोड किए गए थे। प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने के लिए दो मापदंडों को आधार बनाया गया। प्रथम मापदंड निर्णायकों के श्रेष्ठ चयन के आधार पर था। इसमें प्रसिद्ध गायक उस्ताद सखावत हुसैन खां एवं राजकीय महिला डिग्री कॉलेज के संगीत विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंकिता थीं। प्रथम पुरस्कार काव्यांशी श्रीवास्तव (कानपुर), द्वितीय पुरस्कार स्वप्निका (नोएडा), तृतीय पुरस्कार आयुष श्रीवास्तव (कानपुर) एवं चतुर्थ पुरस्कार मोनालिका (रामपुर) को दिया गया।

द्वितीय मापदंड सर्वाधिक लाइक्स और व्यूज के आधार पर था। इसमें प्रथम पुरस्कार शिप्रा सक्सेना (रामपुर), द्वितीय अनु गोयल (किरतपुर), तृतीय अनंत अग्रवाल (मुरादाबाद), चतुर्थ नीता गुप्ता (रामपुर) को दिया गया। 40 अन्य सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इसमें मेघा उप्रेती (दुबई), शताक्षी गंगवार (नीदरलैंड), विवान दुबे (नोएडा), डॉ. नीलो मिश्रा (बरेली), इशिता आर्य (ऑस्ट्रेलिया), रिशान गुप्ता (मुंबई), डॉ. सुमन डुडेजा (रामपुर), आरवि (हल्द्वानी), अद्वित अग्रवाल (मुरादाबाद), जोगिंदर कुमार (रामपुर), आरती प्रजापति (गाजियाबाद), गीतांजलि अरोड़ा (रामपुर), अंजना अग्रवाल (रामपुर), दीपिका तिवारी (मुरादाबाद), नरेंद्र कौर गब्बी, इश्मीत कौर आदि रहे। कुछ पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र सरिता सिंघल ने उनके निवास पर जाकर दिए। विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना ने विजेताओं को पुरस्कृत कराया। इस अवसर पर उनके साथ महिमा सिंघल भी मौजूद रहीं।

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 20 टॉपर्स को किया सम्मानित

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण, प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था हुई बेहतर : विधायक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




कलेक्ट्रेट सभागार में शहर विधायक और जिलाधिकारी के साथ सम्मानित हुए मेधावी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है। अध्यापक समय से विद्यालयों में पहुंच रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति में भी वृद्धि हुई है। अध्यापक बच्चों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा दे रहे हैं। इससे बच्चों को उन्नति के अवसर मिल रहे हैं। सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

जिले के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार की दोपहर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी हुआ। सम्मान समारोह में प्रदेश स्तर पर इंटरमीडिएट में आठवां स्थान प्राप्त करने वाले श्री हरि इंटर कॉलेज बेनजीर उर्फ घाटमपुर के छात्र अजय कुमार को दसवां स्थान मिला। एसआरएम इंटर कॉलेज रौरा कला मिलक के छात्र अंकुश कुमार को एक-एक लाख रुपए के चेक, टैबलेट, मेडल और प्रशस्ति पत्र दिए। हाईस्कूल में जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 छात्र-छात्राओं एवं इंटरमीडिएट के आठ छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार रुपये के चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यालयों की भौतिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए मिशन कायाकल्प के तहत सभी मूलभूत संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। ताकि बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही अच्छे माहौल में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले और वह उन्नति के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करें। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वह विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करें। स्थितियां अनुकूल अथवा प्रतिकूल हो सकती हैं परंतु लक्ष्य के प्रति तनिक भी विचलित न हों। जीवन में जो भी उन्नति का लक्ष्य निर्धारित करें उसे प्राप्त करने के लिए पूरी क्षमता के साथ प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश कुमार डुडेजा ने किया।

### इंटरमीडिएट के यह छात्र हुए सम्मानित

इंटरमीडिएट में जनपद में तीसरा स्थान चार छात्र-छात्राओं ने पाया था। इनमें कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की छात्रा पूनम देवी, कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की छात्रा वैशाली, श्री जानकी इंटर कॉलेज मिलक के छात्र ऋषभ कुमार थे। एसआरएम इंटर कॉलेज रौरा कलां के छात्र अमन शामिल हैं। जिले में चौथे स्थान पर श्री जानकी इंटर कॉलेज मिलक के छात्र समीर अली, पांचवें स्थान पर कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की छात्रा रितु गंगवार और छठे स्थान पर श्री जानकी इंटर कॉलेज मिलक के छात्र केशव और एसआरएम इंटर कॉलेज रौरा कला के छात्र गौरव कुमार थे। प्रत्येक को 21-21 हजार रुपये का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रभारी हरिनाथ सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार, अरविंद कुमार भास्कर, शालू कौशल, जितेंद्र सक्सेना, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, जतिन, वीरेन्द्र आर्य, गुफरान तथा सम्मानित छात्रों के विद्यालयों के अध्यापक, प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।

### यह हैं हाईस्कूल के टापर्स

जिले के टॉपर्स में हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं में जिले में प्रथम स्थान पर कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की कामिनी गंगवार हैं। द्वितीय स्थान पर श्री गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज की परिणीता अग्रवाल, तृतीय स्थान पर कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की मंतशा, तीसरे स्थान पर ही श्यामा देवी इंटर कॉलेज रास डंडिया मिलक के छात्र विशेष कुमार हैं। इसके अलावा चौथे स्थान पर कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की छात्रा निशि राठौर, पांचवें स्थान पर कलावती कन्या इंटर कॉलेज धनेली उत्तरी मिलक की छात्रा तौसीबा, श्री रामचंद्र मेमोरियल इंटर कॉलेज मझरा मढ़ौली के छात्र विशाल कुमार हैं। रामपुर नेशनल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मिस्बा, आरपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेसरा टांडा के आसिफ रजा, छठे स्थान पर रामपुर नेशनल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की लायबा नूर हैं।

# जिले के डाकघरों में पोस्ट कार्ड का टोटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डाकघरों में पोस्ट कार्ड का टोटा है। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखंड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां ने जिले के डाकघरों में पोस्ट कार्ड न होने की शिकायत केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की है। पोस्टकार्ड का उपयोग अधिकतर रेडियों के श्रोता करते हैं।

शनिवार को (इंटेक) रुहेलखंड चैप्टर के सह संयोजक ने बताया कि उन्होंने हेड पोस्ट ऑफिस समेत सात डाकघरों में पोस्ट कार्ड की तलाश की। लेकिन सब जगह एक ही जवाब मिला कि पोस्ट कार्ड अब कोई नहीं खरीदता है। कोई खरीदे या न खरीदे लेकिन हकीकत यह है कि जिले के डाकघरों ने खुद ही पोस्ट कार्ड बेचने बंद कर दिए हैं। भारत का पहला पोस्टकार्ड 1879 में जारी किया गया। इसकी कीमत तीन पैसे थी। साल की पहली तीन तिमाही में ही लगभग 7.5 लाख रुपये के पोस्टकार्ड बेचे गए थे। लेकिन, अब डाकघरों में पोस्ट कार्ड न मिल पाना दुर्भग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि पोस्ट कार्ड का अपना अलग ही महत्व है। परंतु जनपद के डाकघरों की मनमानी ने चिट्ठी के इस माध्यम का अंत ही कर दिया। उन्होंने इस मामले की शिकायत डाक विभाग के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की है। पोस्टकार्ड का उपयोग अधिकतर रेडियो के श्रोता करते हैं। अपनी पसंद के गीत सुनने के लिए श्रोताओं के ढेरों पत्र आकाशवाणी रामपुर पहुंचते हैं।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने काशिफ खां को दिए पोस्ट कार्ड

डाकघरों में पोस्ट कार्ड न मिलने का मुद्दा सोशल मीडिया पर भी छाया रहा। इंटेक रुहेलखंड चैप्टर के सह संयोजक काशिफ खां की पोस्ट पर कई लोगों की प्रतिक्रियाएं आईं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने उनकी पोस्ट पर लिखा कि कुछ पोस्ट कार्ड मेरे पास हैं, अगर आपको जरूरत है तो ले लीजिए। काशिफ खां ने बताया कि उन्होंने अभय गुप्ता से संपर्क कर पोस्ट कार्ड प्राप्त कर लिए हैं।



पोस्टकार्ड का प्रतीकात्मक चित्र।

- इंटेक रुहेलखंड चैप्टर के सह संयोजक ने केंद्रीय मंत्री को भेजी शिकायत
- पोस्ट कार्ड का अधिकतर उपयोग करते हैं रेडियो के श्रोता



बच्चों द्वारा बनाया गया पौधा। ● अमृत विचार

# बच्चों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में समर कैंप में शनिवार को मोटे अनाज के प्रयोग से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। बच्चों को पुराने बर्तन या गमले में पौधा रोपित करने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाध्यापक सुमन सिंह ने बच्चों को प्लास्टिक की खाली बोतलों और मिट्टी के बर्तनों में लतायुक्त पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर कूड़ा-कचरे का प्रयोग कर कंपोस्ट खाद एवं पर्यावरण अनुकूल कीटनाशकों के संबंध में जागरूक किया गया।

समर कैंप में बच्चों ने पत्तों व छाल का प्रयोग कर सुंदर पेड़ बनाया। उन्होंने घास से उस पेड़ पर एक घोंसला भी बनाया। उसके नीचे बर्तन में पानी वह अनाज के दाने भी रखे। इससे बच्चों ने संदेश दिया कि हम सभी को अपने घर में पेड़ पर वेस्ट मटेरियल से घोंसला बनाकर टांग देना चाहिए। किसी बर्तन में पानी तथा अनाज के दाने भी रखें।

# निर्धारित ड्रेस में रहेंगे ऑपरेटर : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पेयजल परियोजना को सुचारु बनाए रखने को कहा। यूजर चार्ज की वसूली में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सचिवों द्वारा तैयार किए गए अभिलेखों का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आपरेटर को ड्रेस और बैग भी दिए जाएंगे। यह बैग और ड्रेस ही आपरेटर्स की पहचान होंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से पेयजल परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं को निर्बाध रूप से संचालित रखने तथा ग्राम पंचायतों की आय में बढ़ोतरी के साधन के रूप में विकसित करने पर जिला प्रशासन गंभीरता पूर्वक कार्य कर रहा है। वर्तमान रिपोर्ट के मुताबिक जिले के 300 गांवों में 163 पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। जिन परिवारों को पेयजल की आपूर्ति की जा रही है उनसे 50 रुपये यूजर चार्ज लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव परियोजनाओं के संचालन में रुचि दिख रहे हैं।

उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार द्वारा 36,000, अमित कुमार भटनागर द्वारा 42,300, इंतजार अली द्वारा 55,000, रोहित कुमार द्वारा 7,400, गंगा सिंह द्वारा 17,500, राजा सिंह द्वारा 7,500 और अमित हयांकी द्वारा 32,600 रुपये यूजर चार्ज वसूलने और अभिलेख दुरुस्त करने पर सराहना की। बैठक में मौजूद सचिवों से यूजर चार्ज प्रभावी बनाने के दौरान आने वाली समस्याओं और आमजन के फीडबैक के बारे में भी जानकारी ली।

### परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कराने पर दिया जोर

जिलाधिकारी ने कहा कि पेयजल परियोजनाओं के उद्देश्यों को प्रभावी बनाने वाले सचिवों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। पेयजल परियोजनाओं पर नियुक्त होने वाले ऑपरेटरों को वर्दी मिलेगी तथा अभिलेखों के रखरखाव के लिए बैग भी दिया जाएगा। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन को निर्देशित किया कि वह प्रत्येक स्तर पर गंभीरता पूर्वक मॉनिटरिंग करें। जिलाधिकारी ने सभी परियोजनाओं का कार्य जल्द पूर्ण करने और शत-प्रतिशत परिवारों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए।

- सचिवों को मिलेगा सम्मान, बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**प्रतियोगिता** बालिका वर्ग में फिजिकल स्टेडियम की टीम ने 16-13 से जीता मैच, बालक वर्ग में फिजिकल की टीम ने 28-25 से जीशान एकेडमी को दी शिकस्त

# संघर्ष पूर्ण मुकाबले में फिजिकल स्टेडियम की टीमों ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




ट्रॉफी के साथ मौजूद विजयी टीम। ● अमृत विचार



मैदान में भिड़ती टीमें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खेलो इंडिया अभियान के तहत राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता चल रही है। शनिवार को बालिका वर्ग में फिजिकल स्टेडियम और महिला कालेज किला की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। फिजिकल कालेज स्टेडियम के खिलाड़ियों ने 16-13 से महिला कालेज किला को मैच हराकर यह खिताब जीत लिया। बालक वर्ग में भी फिजिकल कालेज की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 28-25 से जीत दर्ज की।

क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में खेल चेतना शिविर में दूसरे दिन प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के युवाओं को खेल से जोड़ने वाले विजन खेलो इंडिया अभियान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में किया गया। बालिका वर्ग में फिजिकल स्टेडियम और महिला कालेज किला की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। फिजिकल कालेज के खिलाड़ियों ने 16-13 से महिला कालेज किला को हराकर खिताब जीत लिया।

बालक वर्ग में फिजिकल कॉलेज और जीशान एकेडमी के बीच मैच खेला गया। इस मैच में भी फिजिकल कॉलेज नें 28-25 के स्कोर से मैच जीत लिया। मुख्य राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी निर्णायक संजय कुमार निर्णय किया गया। इस मौके पर क्रीड़ा भारती के विभाग संयोजक तुषार शर्मा, क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में डॉ.अनूप कुमार सिंह, जिलेश कुमार, जीशान, दिव्या, विजय, राजीव, स्वाति, राहुल आदि मौजूद रहे।

### लापरवाह आशाओं की सेवाएं करें समाप्त

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने लापरवाह आशाओं की सेवा समाप्त करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित बैठक हुई। इसमें बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एक से 31 जुलाई तक विशेष अभियान चलेगा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

कहा कि स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी आशाओं के साथ बैठक करके उन्हें इसके लिए निर्देशित कर दें। संस्थागत प्रसव नहीं कराने वाली आशाओं को चिह्नित करने और लापरवाही बरतने वाली आशाओं की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह के अलावा सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।



स्कूल में पौधरोपण की तैयारी करते बच्चे। ● अमृत विचार

# समर कैंप में बच्चों ने जमकर की मस्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुलने पर समर कैंप के दूसरे दिन विद्यालय आए बच्चों ने खूब मौज मस्ती की और खेल-खेल में बहुत कुछ सीखा। इसके अलावा बच्चों ने स्कूल में पौधरोपण भी किया।

समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने विद्यालय में लगे हुए झूलों पर खूब मस्ती की। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण के महत्व के बारे में समझाया। उन्हें यह बताया कि किस तरह हम प्लास्टिक की बेकार बोतल में भी पौधे लगा सकते हैं।

इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को मोटे अनाज के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि किस प्रकार मोटे अनाज को खाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, नसरीन बी, सीमा गौहर, संगीता यादव, रजनी गुप्ता, नेहा कश्यप, शाजिया बी, शहनाज फातिमा, मलखान सिंह आदि उपस्थित रहे।




**आज का मौसम**

आसमान में बादल छाए रहेंगे। वर्षा होने का अनुमान है।

32.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:16

# मुठभेड़ में गोली लगने से दो पशु तस्कर घायल, तीन गिरफ्तार

## घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, एसपी ने घायलों से की पूछताछ गोवंश को पिकअप में भरकर फरार होने की जुगत में थे बदमाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहजादनगर पुलिस और गो तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से दो पशु तस्कर घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार की सुबह पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने जिला अस्पताल में भर्ती घायलों से पूछताछ की। इसके अलावा एक पशु तस्कर को वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इससी के चलते शुक्रवार की रात शहजादनगर पुलिस गश्त कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली की चमरपुरा तिराहे पर कुछ बदमाश गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर पिकअप में भरकर ले जाने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। चमरपुरा तिराहे पर कुछ बदमाश गोवंशीय पशुओं को पिकअप में ले जाने की तैयारी में थे। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी खुद कोक बचाते हुए बदमाशों पर फायर कर दिया। मुठभेड़ में मुरसलीन निवासी ग्राम तोढ़ीपुरा, भुल्लन निवासी गधई खेड़ा का मझरा थाना मूढापांडे घायल हो गए। दोनों के बाएं पैर में घुटने के नीचे पुलिस की गोली लगी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक गो तस्कर उस्मान निवासी नियामतनगर थाना मूंढापांडे को वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक जिला अस्पताल पहुंचे और घायल गो तस्करों से पूछताछ की।


घायल गो-तस्कर से पूछताछ करते एसपी विद्यासागर मिश्र। ● अमृत विचार

### मुरसलीन पर दर्ज हैं पांच मुकदमे

शुक्रवार रात हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो गो तस्कर घायल हो गए। मुठभेड़ में घायल हुए गो तस्कर मुरसलीन पर पांच मुकदमे दर्ज है। उसके साथी भुल्लन पर भी पशु तस्करी और गैंगस्टर एक्ट के पांच मुकदमे दर्ज हैं। जबकि उस्मान के खिलाफ केवल एक मुकदमा है।

### पुलिस की कार्रवाई से गो तस्करों में दहशत

गो-तस्करी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए शासन की ओर से सख्त आदेश जारी किए गए हैं। इसके बाद पुलिस गो-तस्करों के खिलाफ सख्त रवैया अपना रही है। एसपी विद्या सागर मिश्र के निर्देश पर फरार चल रहे गो तस्करों को पकड़ने के लिए उनके घर पर दबिश दी जा रही है। गोतस्करों और पुलिस के बीच लगातार मुठभेड़ हो रही हैं। इससे पहले भी मिलक, स्वार, टांडा और बिलासपुर में भी पुलिस मुठभेड़ में गो तस्करों को पकड़ा जा चुका है। देर रात भी शहजादनगर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो गो तस्करों के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से गो तस्करों में दहशत है।

### एक नजर

## चाकू के साथ घूम रहा जिला बदर गिरफ्तार

**भोट, अमृत विचार :** पुलिस ने जिला बदर चल रहे आरोपी को देर रात चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइपास से कोयली गांव को जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध युवक खड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक कोयली गांव की ओर भागने लगा। पुलिस ने पीछा करके युवक को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से चाकू मिला। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया गांव भोट का मझरा निवासी यूनुस जिला बदर है।

# गोकशी में फरार हिस्ट्रीशीटर मुठभेड़ में जख्मी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** चेकिंग कर रही मिलक पुलिस की गो तस्कर से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली से गो तस्कर घायल हो गया। गो तस्कर के साथी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों बदमाश हिस्ट्रीशीटर हैं।

शनिवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि मिलक कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर व गोकशी का आरोपी रिजवान उर्फ छोटा निवासी ग्राम रेवडी खुर्द थाना मिलक अपने घर की ओर जा रहा है। सूचना पर कोतवाल धनंजय सिंह ने चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर वह बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने पर बाइक गिर गई। खुद घिरता देख बाइक सवारों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग कर दी। इसमें रिजवान के पैर में गोली लग गई और वह जमीन पर गिर गया। रिजवान को गोली लगते ही उसका साथी नासिर निवासी ग्राम नौगवा थाना शहजादनगर ने भागने का प्रयास किया। मगर पुलिस ने नासिर को भी दबोच लिया। घायल रिजवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने उससे पूछताछ की। पुलिस के अनुसार रिजवान के खिलाफ विभिन्न थानों में 10 तथा नासिर पर 18 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, चार कारतूस, एक छुरी व मांस काटने के उपकरण तथा एक मोटर साइकिल बरामद हुई है।


मुठभेड़ में घायल गो तस्कर को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# डेढ़ माह से टॉस्क फोर्स प्रभारी थे दीपक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मूंढापांडे बवाल में निलंबित किए गए तत्कालीन एसओ मौजूदा समय में टॉस्क फोर्स के प्रभारी हैं। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने देर रात उन्हें निलंबित कर दिया। उनके स्थान पर अभी तक किसी की तैनाती नहीं की गई है। इससे पहले दीपक मलिक बिलासपुर थाने में तैनात रह चुके हैं।

मुरादाबाद जनपद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र में रहने वाले फर्म कर्मी के घर में कुछ लोग घुस गए थे। आरोपियों ने उसके परिवार के साथ मारपीट की थी। उसकी बेटियों का अपहरण करने का प्रयास भी किया था। इसके विरोध पर माता-पिता को गोली मार दी थी। इसके बाद यहा मामला तूल पकड़ गया था। इतने गंभीर मामले में भी पुलिस ने महज 151 में चालान करने की कार्रवाई की थी। मामला संभल और बहजोई तक से जुड़ा था। इस मामले में लगातार जांच चल रही थी।

शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलवा दिया था। इसके बाद कुछ इंस्पेक्टर और दरोगा की संदिग्ध भूमिका को देखते हुए मूंढापांडे के तत्कालीन एसओ और वर्तमान में रामपुर में तैनात टास्क फोर्स के प्रभारी दीपक मलिक को डीआईजी के आदेश पर पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार की रात निलंबित कर दिया है। पिछले करीब सात माह से वह रामपुर में ही तैनात हैं। दीपक मलिक इससे पहले बिलासपुर थाने में तैनात थे। इसके बाद उन्हें पुलिस ऑफिस में तैनात कर दिया गया था। बाद में उन्हें टास्क फोर्स प्रभारी बना दिया गया। शुक्रवार की रात को पुलिस अधीक्षक ने उन्हें मूंढापांडे प्रकरण में डीआईजी के आदेश पर निलंबित कर दिया है।

### रामपुर के एसपी करेंगे प्रकरण की जांच

मूंढापांडे प्रकरण प्रदेश में चर्चा का विषय बना है। लापरवाही बरतने पर कई पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। उच्च अधिकारियों ने इस मामले की जांच रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र को सौंप दी है। इस प्रकरण में और भी पुलिस कर्मी शामिल हो सकते हैं। हालांकि कुछ सीओ की भूमिका पहले ही संदिग्ध मानी जा रही है।

### पुलिसकर्मियों में रही चर्चा मामला

मूंढापांडे बवाल में अधिकारियों पर की गई कार्रवाई का मुद्दा दिन भर पुलिस कर्मियों में छाया रहा। इसमें जांच के दौरान पुलिस अधिकारियों की कमी सामने आई है। इसके बाद मूंढापांडे के तत्कालीन एसओ और वर्तमान में रामपुर में टास्क फोर्स में तैनात प्रभारी दीपक मलिक और कुछ अन्य पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। शनिवार को यह मुद्दा पुलिस कर्मियों में छाया रहा।

> डीआईजी के आदेश पर टॉस्क फोर्स के प्रभारी दीपक मलिक को निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकरण की जांच भी मुझे ही सौंपी गई है।
>
> -विद्यासागर मिश्र, पुलिस अधीक्षक

# रंजिश में बाइक सवार को ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलने की कोशिश

**मसवासी, अमृत विचार :** बाइक सवार युवक को रंजिश के चलते ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलने की कोशिश की गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चौकी क्षेत्र के गांव मिलक-खौद निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि जमना-जमनी गांव निवासी युवक से ट्रैक्टर-ट्राली खरीदने को लेकर बात हुई थी। बाद में वह मुकर गया। अरविंद कुमार ने इसका विरोध किया तो वह मौके से भाग गया। बाद में युवक ने रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक सवार अरविंद कुमार को टक्कर मारकर कुचलने की कोशिश की। किसी तरह अरविंद ने बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। चौकी पहुंचे अरविंद कुमार ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने बताया कि जांच की जा रही है।

# हापुड़ में सड़क हादसे में भोट के युवक की मौत

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** दिल्ली एयरपोर्ट से लौट रहे भोट क्षेत्र के यात्रियों की कार हापुड़ के पास दिल्ली रोड पर हाईवे किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। युवक की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन हापुड़ के लिए रवाना हो गए।



थाना क्षेत्र के कुकरीखेड़ा निवासी 40 वर्षीय नूर अहमद शुक्रवार की शाम अपने फुफेरे भाई को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड़ने गए थे। साथ में उनके रिश्तेदार खौद निवासी जमशेद व आकानगर निवासी सलीम भी थे। कार को शहजादनगर थाना क्षेत्र के फैजुल्लानगर गांव निवासी शाहिद उर्फ शमशेर चला रहा था। देर रात अपने फुफेरे भाई को एयरपोर्ट पर छोड़कर वापस आ रहे थे। शनिवार की सुबह हापुड़ में राजा जी ढाबे के पास चालक को नींद की झपकी आने के कारण उनकी कार हाईवे किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गयी। हादसे में कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने नूर अहमद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अन्य लोगों को मेरठ रेफर कर दिया।

### नैनीताल हाईवे पर कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर

**भोट, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर तेज रफ्तार कंटेनर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। ट्रैक्टर-ट्राली में भरा धान सड़क पर बिखर गया। मुरादाबाद के मूंढ़ापांडे थाना क्षेत्र के सरकड़ा गांव निवासी किसान आसिफ ट्रैक्टर-ट्राली में धान भरकर बिलासपुर मंडी में बेचने जा रहा था। शनिवार की सुबह करीब साढे.सात बजे भोट थाना क्षेत्र के पत्थरखेड़ा गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर का अगला पहिया डिवाइडर से टकराकर टूट गया और ट्राली में भरा धान हाईवे पर बिखर गया। हादसे में दोनों वाहनों के चालक भी घायल हो गए। किसान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हाईवे पर गिरे धान को एकत्र कर दूसरी ट्राली में भरा।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

रामपुर की कार का नंबर होने के कारण लोगों ने हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया था। वीडियो पूरे जिले में तेजी के साथ वायरल हो गया। बाद में पता चला कि मृतक भोट थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जानकारी मिलने के बाद परिजन हापुड़ के लिए रवाना हो गए। घर पर महिलाओं का रोना पीटना मचा है।

# पुलिस की मौजूदगी में दी जान से मारने की धमकी

**मसवासी, अमृत विचार :** मसवासी चौकी पर पुलिस की मौजूदगी में लाइनमैन को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित लाइनमैन ने एसपी को पत्र भेजकर जांचकर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी को भेजे पत्र में लाइनमैन शहादत अली उर्फ शेरा ने कहा है कि 20 जून को वह मानपुर-उत्तरी स्थित लाइन पर काम कर रहा था। वहां आए कई लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उसे पीट दिया। उसकी बाइक और मोबाइल भी छीन लिया। लाइनमैन ने चौकी पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने दूसरे पक्ष को चौकी बुलाया। लाइनमैन पर फैसले का दबाव बनाया गया। मगर उसने फैसला करने से मना कर दिया। तब दबंगों ने पुलिस की मौजूदगी में ही उसे गोली मारने की धमकी दी। इससे पीड़ित डरा हुआ है। चौकी इंचार्ज राहुल गंगवार ने मामले की जानकारी से होने से इन्कार किया है।


शाहबाद-आंवला मार्ग पर गड्ढे में गिरी कार को निकलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

# डंपर से बचने के फेर में गड्ढे में गिरी मनौना जा रहे लोगों की कार

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** डंपर को बचाने के चक्कर में मनौना धाम जा रहे यात्रियों की कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। इसमें कार सवार पांच लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया।

दिल्ली के विजय बिहार निवासी प्रेम, बबली, मानवती, दीपाली एवं किरन आल्टो कार में सवार होकर मनौना धाम जा रहे थे। शनिवार की सुबह करीब पांच बजे शाहबाद-सिरौली मार्ग पर विशाल ढाबे के निकट सामने से आ रहे डंपर को बचाने के चक्कर में उनकी कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार यात्री चोटिल हो गए। सूचना पाकर श्री श्याम मंदिर मनौना धाम के मीडिया प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने उनकी कार को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया। इसके बाद सभी लोग उसी कार में सवार होकर मनौना धाम के लिए रवाना हो गए।

कार्रवाई | आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस ने घोषित किया था 15 हजार का इनाम

# धोखाधड़ी में निजी कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** राइट व म्यूचुअल बेनिफिट इंडिया निधि लिमिटेड के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर लोगों से करीब 14.5 लाख की धोखाधड़ी करने वाले कंपनी के डायरेक्टर को टांडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी 2018 से फरार था। आरोपी पर 15 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। वह लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देता था। पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर ताहिर को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि मुरादाबाद जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सरदारनगर असालतपुरा निवासी ताहिर ने अपने साथियों मुरादाबाद के गांव डिलारी निवासी शकील, मुरादाबाद के भोजपुर के गांव पीपलसाना निवासी गुफरान, उत्तराखंड के काशीपुर के गांव महुआखेड़ा निवासी मोहम्मद उमर, थाना भोजपुर के गांव जयंतीपुर निवासी हामिद हुसैन के साथ मिलकर काशीपुर में राइट व म्यूटल बेनिफिट इण्डिया निधि लिमिटेड के नाम से कंपनी बनाई थी। आरोप है कि ताहिर इस कंपनी का डायरेक्टर था। आरोपी ने मुरादाबाद व काशीपुर में कार्यालय खोलकर जनवरी 2017 में टांडा थाना क्षेत्र के गांव भाऊपुरा में असलम रजा व अन्य लोगों को लोक लुभावन स्कीम बताई थी। असलम व उसके साथियों ने उसकी बातों पर विश्वास करके तीन हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से एक वर्ष के लिए 16 अक्टूबर 2017 को खाता खुलवाया था। इसमें तीन हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से जनवरी 2018 तक पैसा जमा किया। इसमें असलम व उसके करीब 51 साथियों के 14,30,917 रुपये जमा कर लिए गए। कंपनी ने उन्हें पास बुक भी दे दी थीं। मार्च 2018 में आरोपी भाग गए।

इस मामले में असलम ने छह नंवबर 2018 को ताहिर, शकील, गुफरान, मोहम्मद उमर, हामिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुफरान, मोहम्मद उमर तथा हामिद हुसैन के खिलाफ एक मई 2019 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जबकि ताहिर फरार हो गया था। पुलिस ने ताहिर को बहल्ला नदी के पुल से तमंचे के साथ पकड़ लिया।


पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव के साथ मौजूद आरोपी ताहिर।

### ताहिर पर हो चुकी है कुर्की की कार्रवाई

मुकदमा दर्ज होने के बाद ताहिर फरार हो गया था। इसके कारण छह सितंबर 2020 को उसके घर की कुर्की की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। पुलिस ने विवेचना करके 17 सिंतबर 2020 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसके बाद भी ताहिर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। तब पुलिस के उच्चाधिकारियों ने ताहिर पर 15,000 रुपये का पुरस्कार घोषित कर दिया था।


जिला प्राधिकरण कार्यालय में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निपटवाएं : कुलदीप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला प्राधिकरण कार्यालय में 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक हुई। बैठक में जिला प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सिंह ने कहा कि प्री-लिटिगेशन स्तर पर विवादों को सुलह समझौते केआधार पर निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत करें। ताकि सुलह-समझौते के आधार पर उनका निस्तारण कराया जा सके।

जिला प्राधिकरण के सचिव ने यातायात पुलिस को लोक अदालत में अधिक से अधिक ई-चालानों के निस्तारण के संबंध में आदेश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन),नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत लालता प्रसाद शाक्य, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए निर्देश दिए।

## एक नजर

### पुलिस ने तमंचे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**सैफनी, अमृत विचार :** पुलिस ने तमंचे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। शनिवार को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि क्षेत्र के दिव्या नगला गांव में एक व्यक्ति तमंचे के साथ खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा व पांच कारतूस मिले। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम बदायूं के बिसौली थाना क्षेत्र के सरवा गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह बताया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया है।

### प्रांतीय चुनाव में फार्मासिस्ट ने किया प्रतिभाग

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को लखनऊ में हुए डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय चुनाव में फार्मासिस्ट ने प्रतिभाग किया। जनपद में तमाम फार्मासिस्ट चादरवाला बाग में एकत्र हुए। यहां से निजी बसों से चुनाव में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ रवाना हुए। इस अवसर पर दीपक त्यागी, हरीश धोनी, फारूख अहमद अंसारी, राधेश्याम, नावेद इकबाल, आमिर मसूद, आरिफ मसूद, सुधांशु शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### विवाद भूलकर साथ रहने को तैयार हुए छह दंपति

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के निर्देश पर महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र में पति-पत्नी के विवादो में काउंसलिंग कराई। इसमें समिति ने 25 प्रकरण सुने। इनमें छह प्रार्थना पत्र पर समझौता हो गया। पति-पत्नी घरेलू विवाद को भूलकर साथ रहने के लिए राजी हो गए। चार प्रार्थना पत्र जिला विधिक न्यायालय को प्रेषित किए। दो प्रार्थना पत्र निस्तारित किए। शेष 13 में अग्रिम तिथि छह जुलाई की नियत कर समझौते का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी नीशू सिरोही, काउंसलर अवतार सिंह, परवेज खान, अलका जैन काउन्सलिंग में उपस्थित रहीं।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार कर आरोपी को भेजा जेल

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक जिला बदर आरोपी अदनान निवासी मोहम्मद घेर सलामत खां को बुढ़िया की दुकान के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को उसके पास से एक तमंचा मिला। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से उसे जेल भेज दिया गया।

# झमाझम बारिश से तालाब बनीं शहर की सड़कें

## अमृत विचार ने मानसून आने से पहले ही जताई थी शहर में जलभराव की आशंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों पर जलभराव होने की आशंका अमृत विचार ने मानसून की दस्तक होने से पहले ही जताई थी। खबर सच साबित हुई और बारिश के बाद पूरा शहर पानी-पानी हो रहा है। शनिवार को हुई बारिश से शहर की सड़कें तालाब बन गईं। नालों की गदंगी सड़कों पर फैलने से लोगों को परेशानी हुई। कचहरी रोड, चीनी मिल और चाह खजान खां की सड़कें पानी में डूब गईं। बारिश के बाद सड़कों पर फैले कूड़ा-कचरे ने नगर पालिका के नालों की सफाई के दावों की पोल खोल दी।

शनिवार की दोपहर 12 बजे हुई बारिश एक बजे तक हुई। बारिश से मौसम तो सुहावना हो गया, लेकिन सड़कों पर जलभराव हो गया। कचहरी रोड, जेल रोड, शौकत अली, चीनी मिल, चाह खजान खां, आसरा कॉलोनी, तीतर वाली पाखड़, गंगापुर रोड, आवास विकास में जलभराव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कचहरी रोड स्थित दुकानों-मकानों में नाले का गंदा पानी भर गया। नाले-नाली चोक होने से पानी की निकासी नहीं हो सकी। बारिश को लेकर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने काफी लंबे-चौड़े दावे किए थे। कचहरी रोड स्थित फड़ विक्रेता मंगल सिंह, राजकुमार और गोपाल ने बताया कि बारिश से कचहरी रोड पर जलभराव होता है। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पालिका के अधिकारी-कर्मचारी खानापूरी कर रहे है। यहां जलभराव की खास वजह यह है कि निर्माण के नाम पर नालों की गहराई कम कर दी गई है। इसके अलावा स्टार चौराहे की ओर जाने वाला नाला लंबे समय से चोक है। इसी वजह से बारिश होने पर कचहरी रोड पर जलभराव हो जाता है।



कचहरी रोड पर जलभराव से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार



बारिश से जलमग्न हुई अजीतपुर रोड। ● अमृत विचार

### यहां रहती है जलभराव की दिक्कत

शाहबाद गेट, माला रोड, कोठी खास, गांधी समाधि, मालगोदाम, ज्वालानगर की सांई विहार, गड्ढा कॉलोनी, चीनी मिल, बाबा दीप सिंह नगर, रामनाथ कॉलोनी, बरेली गेट, पनवड़िया, बिलासपुर गेट, नई बस्ती, शुतरखाना, थाना पाखड़, तीतर वाली पाखड़, डिग्री कॉलेज समेत कई क्षेत्रों में बारिश होने से जलभराव की दिक्कत रहती है।

नालियों की जहां भी शिकायत आई थी, कर्मचारियों को भेजकर सफाई करा दी गई। पानी की निकासी के लिए जगह न होने से जलभराव अधिक हो जाता है। इसके लिए इंतजाम कराए जा रहे हैं।

–दुर्गेश्वर त्रिपाठी
ईओ, नगर पालिका परिषद

- **कचहरी रोड, चाह खजान खां, जेल रोड में जलभराव होने से लोगों को हुई दिक्कत**

# पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख दिया तलाक

संवाददाता, स्वार

- **निकाह की सहमति बनने पर नौ साल के बेटे को छोड़ प्रेमी के साथ गई महिला**
- **दस साल पूर्व हुआ था उत्तराखंड की युवती का निकाह**

**अमृत विचार :** प्रेमी के साथ पत्नी को आपत्तिजनक हालत में देखकर शौहर ने मौके पर ही तीन तलाक देते हुए प्रेमी की धुनाई कर दी। प्रेमी को बचाने के लिए महिला पति से भिड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों पक्षों में प्रेमी-प्रेमिका का निकाह करने पर सहमति बन गई। इसके बाद महिला अपने नौ वर्षीय बेटे को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई।

उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा निवासी युवती का निकाह 10 वर्ष पूर्व कोतवाली के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। चार-पांच वर्ष से महिला का एक युवक प्रेम-प्रसंग हो गया। दोनों आपस में मिलने लगे। प्रेम-प्रसंग की जानकारी होने पर पति ने उसे काफी समझाया। मगर महिला अपनी हरकतों से बाज नहीं आई। वह लगातार प्रेमी से मिलती रही। शनिवार को महिला का पति घर से बाहर गया था। तब उसने प्रेमी को घर बुला लिया। इस दौरान उसका पति आ गया। पत्नी को प्रेमी के साथ कमरे में आपत्तिजनक हालत में देखकर पति भड़क गया। उसने प्रेमी की जमकर धुनाई कर दी। यह देख प्रेमिका-प्रेमी को बचाने के लिए पति से भी भिड़ गई। तब शौहर ने उसे तीन तलाक दे दिया।

सूचना पर मसवासी चौकी पुलिस गांव पहुंच गई और प्रेमी को हिरासत में ले लिया। बाद में महिला भी थाने आ गई। जानकारी मिलने पर दोनों पक्षो के लोग भी थाने पहुंच गए। दोनों पक्षों मे प्रेमी और प्रेमिका के निकाह की सहमति बनने पुलिस ने युवक को छोड़ दिया। महिला अपने नौ वर्षीय बेटे को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।



तहसील के पास नाले में गिरे बछड़े को निकालते पालिकाकर्मी। ● अमृत विचार

# पालिकाकर्मियों ने नाले में गिरे बछड़े को निकाला

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** नाले में बछड़ा गिरने की सूचना पर पुलिस व नगर पालिका के कर्मचारी मौके पहुंच गए। उन्होंने एक घंटे की मशक्कत के बाद बछड़े को नाले से निकाल लिया। इसके बाद बछड़े को गोशाला भेज दिया गया।

तहसील के आगे बने नाले में तीन दिन तक एक बछड़ा मौत और जिंदगी से जूझता रहा, मगर अधिकारियों ने उसकी सुध नहीं ली। बैनामा लेखकों एवं अधिवक्ताओं ने बछड़े को निकालने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो सके। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस व पालिका के सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंचे। लेकिन नाले पर स्लैब पड़ा होने के कारण बछड़े को निकालने में पालिका कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने बछड़े को नाले से बाहर निकाल कर गोशाला पहुंचा दिया।

### महिला को मारपीट कर घर से निकालने में पांच पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** दहेज में एक लाख रुपये फ्रिज व डबल बैड की मांग पूरी न करने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मसवासी भूबरा निवासी आकांक्षा की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व थाना अजीमनगर के गांव परचई निवासी ओमकार के साथ हुई थी। ससुराल वाले शादी मिले दहेज से खुश नहीं थे। वह दहेज में एक लाख रुपये, फ्रिज व डबल बैड की मांग करने लगे। मना करने पर आकांक्षा का उत्पीड़न शुरू कर दी। उन्होंने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति ओमकार, सास सावित्री, देवर अंकुर, ननद अंशिका व रजनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अंतिम दौर में पहुंचा स्मार्ट मीटर का सर्वे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने के लिए गुरुग्राम की कंपनी को 3.5 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का ठेका मिला है। बिजली विभाग के एसई का कहना है कि मीटर लगाने के लिए किया जा रहा सर्वे अंतिम दौर में पहुंच चुका है। सर्वे पूरा होने के बाद स्मार्ट मीटर लगवाए जाएंगे।

बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए जनपद में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। हर घर को स्मार्ट मीटर से लैस किया जाएगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता जितनी बिजली खर्च करेगा, उसे उतना ही बिल देना पड़ेगा। इसमें खास बात यह भी है कि विभाग का एक कंट्रोल रूम मंडल में बनवाया जाएगा। इससे सभी कनेक्शन जुड़े होंगे। बिल देने में आनाकानी करने पर मीटर बंद हो जाएगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता जितनी बिजली इस्तेमाल करेगा, उसी यूनिट के हिसाब से बिल देना होगा। यदि कोई लंबे समय तक बिल नहीं देगा तो उसका मीटर बंद किया जा सकेगा।

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार अभी स्मार्ट मीटर लगाने का सर्वे शहर में चल रहा है। जनपद के तीनों डिवीजन में सर्वे हो चुका है। शहर का सर्वे पूरा होने के बाद स्मार्ट मीटर लगाए जांएगे। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का सर्वे जल्द ही पूरा हो जाएगा।




स्मार्ट मीटर का प्रतीकात्मक चित्र।

### मुख्यमंत्री भी दे चुके हैं अधिकारियों को निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। यह भी निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं को समय से सही बिल दिए जाएं। ताकि उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके बाद भी जनपद में अभी तक कोई स्मार्ट मीटर नहीं लगा है।

जनपद में 3 .5 लाख स्मार्ट स्मार्ट मीटर लगने हैं। इसका ठेका गुरुग्राम की इंटेली कंपनी को मिला है। अभी शहर में सर्वे किया जा रहा है। स्वार-टांडा, शाहबाद-मिलक और बिलासपुर में सर्वे पूरा हो चुका है। शहर का सर्वे पूरा होने के बाद स्मार्ट मीटर लगवाए जाएंगे।

–वीके आर्य, अधीक्षण अभियंता

### ट्रांसपोर्टर के घर हुई चोरी में अज्ञात पर रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ट्रांसपोर्टर के घर हुई दस लाख रुपये की चोरी में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चोरों की धरपकड़ के लिए एक टीम का भी गठन किया गया है।

एसडीएम कोर्ट कालोनी निवासी ट्रांसपोर्टर कमल छावड़ा के घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर घुसे चोर अलमारी में रखी दो लाख रुपये, दस तोले सोने तथा ढाई सौ ग्राम चांदी के आभूषण, कीमती कपड़े और अन्य सामान सहित करीब दस लाख रुपये का सामान चुराकर ले गए थे। घटना के समय पीड़ित परिवार एक समरोह में शामिल होने गया था। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। घटना के खुलासे के लिए एक टीम का गठन कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं। घटना का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।



ऊंचा गांव में गोशाला की गिरी दीवार। ● अमृत विचार

# सालभर में ही गिर गई गोशाला की दीवार

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ऊंचा गांव में बनी गोशाला की दीवार एक साल भी नहीं टिक पाई। रात में हुई तेज बारिश के बाद दीवार ढह गई। ग्रामीणों ने दीवार निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।

क्षेत्र के ऊंचा गांव में 15वें राज्य वित्त आयोग के तहत सत्र 2022-23 के प्रस्ताव पर साल भर पहले ही गोशाला का निर्माण पूरा हुआ था। इसका उद्‌घाटन ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी ने किया था। इसमें करीब 180 से 200 गोवंश रह रहे थे। रात में हुई झमाझम बारिश से गोशाला की दीवार भर-भराकर गिर गई। दीवार ढहते ही अधिकतर गोवंश गोशाला से निकलकर खेतों में निकल गए। हालांकि कर्मचारियों ने उन्हें वापस अंदर कर लिया। दीवार गिरने से ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने दीवार निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। इस संबंध में वीर भगत सिंह युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजत कुमार ने भी जिलाधिकारी से शिकायत की है। निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है।

# दानवीर भामाशाह का जन्मदिन मनाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार राज्य कर विभाग ने दानवीर भामाशाह के जन्मदिन 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया।

उपायुक्त राज्य कर खंड एक के संदेश कुमार जैन ने बताया कि आयोजन के दौरान दानवीर भामाशाह के भारतीय समाज को दिए गए योगदान को याद करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सर्वाधिक जीएसटी जमा करने वाले व्यापारियों को दानवीर भामाशाह पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए गए। व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि भारत भूषण गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, संदीप अग्रवाल सोनी, शाहिद शम्सी, श्रीष गुप्ता ने दानवीर भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जन्मदिन को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने पर प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया।

अधिवक्ता संगठनों में अशोक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल व अजीम इकबाल ने भी व्यापारी कल्याण दिवस पर विचार व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा व्यापारियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में ओडीओपी के अन्तर्गत जरी व पैच वर्क के स्टॉल भी लगाए गए। इस दौरान सहायक आयुक्त राधेश्याम यादव, मनोज कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार के अलावा जेपी मौर्य, आभा शर्मा, गुरु प्रसाद, अनूप पटेल एवं राज्य कर विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



व्यापारियों को सम्मानित करते संदेश कुमार जैन। ● अमृत विचार

- **पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर व्यापारियों को किया सम्मानित**

### प्रधान व सचिव पर लगाया अनियमितता का आरोप

**स्वार, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व सचिव पर राशन डीलर के चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने जांच कराकर प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है।

गांव गूलड़ पीपलसाना के ग्रामीणों की शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी ने राशन की दुकान को निरस्त कर प्रस्ताव कराने के निर्देश दिए थे। शनिवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि कोटे के प्रस्ताव के लिए बबीता व सुशील ने आवेदन किया था। प्रधान कह रहा है कि अमर पाल के परिवार में प्रस्ताव होना है। प्रधान ने सचिव से साठगांठ कर बबीता के समर्थनों को विद्यालय से बाहर निकाल दिया। सचिव ने सुशील का प्रस्ताव कर उच्चाधिकारियों को भेज दिया। शिकायत करनें वालों में सचिन देव, धर्म सिंह, जगविंदर सिंह, रोहताश सिंह, हुकुम सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।



सीओ को सम्मानित करते केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# गुलदस्ता देकर क्षेत्राधिकारी को किया सम्मानित

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्राधिकारी को समस्याओं से अवगत कराते हुए गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

शनिवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बाकर अली के नेतृत्व में एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने नवागत क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडेय को समस्याओं के बारे में बताया। सीओ ने प्रतिनिधि मंडल को हर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री मोहम्मद तारिक, कोषाध्यक्ष जैनुल बशर बब्लू, सदस्य जावेद अहमद मोहम्मद सालिम, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद जुबैर आदि शामिल रहे।

**मांग** भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

# मूल स्थान पर स्थापित कराएं महापुरुषों की प्रतिमाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश महामंत्री डॉ. अरविंद कुमार गौतम के नेतृव में कार्यकर्ता एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के नहीं होने पर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इसमें कहा कि दो और तीन जून की रात भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बीआर आंबेडकर और महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को संसद भवन में उनके मूल स्थानों से हटाकर संसद भवन से दूरस्थ स्थानों पर स्थापित कर दिया गया। मांग है कि प्रतिमाओं को उनकी पुरानी जगह स्थापित कराया जाए।

भारत भर से हजारों लोग हर साल बाबा साहब के जन्म दिवस 14 अप्रैल और परिनिर्वाण दिवस छह दिसंबर को संसद भवन में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र होते हैं। जयंती और परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। प्रथम नागरिक होने के नाते 14 अप्रैल को राष्ट्रपति भी पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। भारतीय जनता पूर्ण रूप से अवगत हैं कि यह अभिलेख में भी दर्ज है कि डॉ. बीआर अंबेडकर भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। उन्हे संविधान का पिता भी कहा जाता है। महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता कहा जाता है।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रतिमा में डॉ. बीआर आंबेडकर भारतीय संविधान की पवित्र पुस्तक पकड़े हुए हैं। भारत का संविधान देश का सर्वोच्च कानून है, जो भारत के शासन के लिए प्रावधान प्रदान करता है। संसद भवन में भारत रत्न बाबा साहब और महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को उनके मूल स्थानों पर तत्काल पुनः स्थापित करने की मांग की गई है।

ज्ञापन देने वालों में डॉ. अरविंद कुमार गौतम, आरके प्रभाकर, डॉ. भारत सिंह, शोभित आदित्य, अनिल कुमार गौतम, राजाराम अंबेडकर, कपिल कुमार गौतम, आदेश कुमार गौतम, देव वीर सिंह, सत्यपाल सिंह बादल, हरिओम रवि ,राजेश कुमार खन्ना, अशोक कुमार गौतम आदि शामिल रहे।

### दो घरों में नकब लगाकर पांच लाख की चोरी

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में देर रात चोरों ने दो घरों में नकब लगाकर लगभग पांच लाख का सामान चुरा लिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला थाना क्षेत्र के हरैटा गांव का है। परिजनों की नींद का फायदा उठाते हुए चोरों ने दो घरों से लगभग नकदी व जेवर आदि चुरा लिया। सबसे पहले चोरों ने मुस्तकीम के घर को निशाना बनाया। नकब लगाकर चोर घर में रखी नकदी व जेवर लेकर फरार हो गए। इसके बाद साजिद के घर में कूमल लगा दिया। चोर घर में रखी नकदी-जेवर समेत करीब तीन लाख का सामान चुरा कर ले गए। चोरी की सूचना मिलते ही हलका इंचार्ज रजनीश कुमार घटना स्थल पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया परिजनों की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



आरएएन पब्लिक स्कूल में आयोजित आर्ट इंटीग्रेशन से संबंधित कार्यशाला में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

# शिक्षा को सृजनात्मक बनाने के उपाय बताए

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** आरएएन पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटीग्रेशन से संबंधित कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

नैनीताल हाईवे स्थित विद्यालय परिसर में कला एकीकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों को कला के माध्यम से शिक्षा को और अधिक सृजनात्मक और प्रभावी बनाने के उपायों के बारे में सिखाया। कार्यक्रम में शिक्षकों को चित्रकला, संगीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से विषय वस्तु को प्रस्तुत करने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों ने इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

सीबीएसई और विद्यालय दोनों ही इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ताकि शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इससे पहले प्रधानाचार्य ममता बिष्ट, भावना भनोट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। अंत में प्रधानाचार्य ने शिक्षकों को धन्यवाद दिया। इस प्रशिक्षण से शिक्षक अपनी कक्षाओं में नवाचार ला सकेंगे और छात्रों की सीखने की प्रक्रिया को और आनंददायक बना सकेंगे।

## एक नजर

### व्हाइट हाल पब्लिक का छात्र लखनऊ में सम्मानित

मिलक, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन लोकभवन लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने बच्चों को जीवन में सफल होने के गुण बताए। कार्यक्रम में प्रदेश भर के 170 मेधावियों को सम्मानित किया गया। अभिनव के साथ उसके पिता शिक्षक नवीन कुमार शर्मा को भी पगड़ी एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमन्त्री स्वतन्त्र प्रभार गुलाब देवी एवं बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह उपस्थित रहे।

### दो क्रेनों की मदद से उठाया गया गैस कैप्सूल

दढ़ियाल, अमृत विचार : दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर खनन से भरे वाहन को बचाने के चक्कर में गैस से भरा कैप्सूल गड्ढे में पलट गया था। शनिवार को दो क्रेनों की मदद से गैस से भरे कैप्सूल को सीधा किया गया। जब तक कैप्सूल सीधा किया गया तब तक इंजीनियरो की टीम मौके पर मौजूद रही। कैप्सूल सीधा होने पर आसपास के गांव के लोगों ने खतरा टलने के बाद राहत की सांस ली है।

# नाले न बनने से सड़क पर पसरा कीचड़

## ग्राम पंचायत लाम्बाखेड़ा में कीचड़ व जलभराव से ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : विकास खंड स्वार की ग्राम पंचायत लाम्बाखेड़ा में नाला निर्माण न होने से ग्रामीण सड़क पर कीचड़ और जलभराव का दंश झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क की हालत सुधारने के लिए खंड विकास अधिकारी से भी शिकायत की। लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

ग्राम पंचायत लाम्बाखेड़ा के बाशिंदों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कहा कि ग्राम पंचायत में मुख्य नाला नहीं बन पाया है। बारिश से सड़क पर काफी दिन से दलदल है। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। नाला नहीं बनने से गलियों के पानी की निकासी बंद हो गई है। नालियों का पानी सड़क पर आ रहा है। इससे सड़क पर जलभराव हो गया है। जलभराव की वजह से मच्छर पनप रहे हैं। लोग कीचड़ से गुजरने को मजबूर है।

ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या के बारे में खंड विकास अधिकारी को भी बताया गया। कहा गया कि मुख्य नाले का निर्माण नहीं होने की वजह से पानी की निकासी नहीं हो रही है। इसके चलते सड़क पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गई है।



ग्राम पंचायत लाम्बाखेड़ा की खस्ताहाल सड़क। ● अमृत विचार



बारिश में सड़क पर चलना दुश्वार हो गया है। पूर्व में भी कई बार अधिकारियों को बताया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में काफी परेशाानी हो रही है। – नाजिम



ग्राम पंचायत की सड़क और नाला बनवाने को जिलाधिकारी को पत्र दिया है। खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान और सेक्रेट्री ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। – इकरार



गांव की सड़क और नाले की हालत खस्ता है। स्थिति यह है कि सड़कों पर कीचड़ और जलभराव है। ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। – रऊफ अली



गांव में नाला नहीं बनने से गंदा पानी सड़कों पर आ रहा है। इसके कारण सड़कों पर जलभराव है। इस समस्या का समाधान कराने के लिए सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं। – आसिम अली

जल निगम ने गांवों की सड़कों को तोड़कर पाइप लाइन डाली है। इसे सही कराने का काम जल निगम द्वारा कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत में नवनिर्माण धनराशि मिलने और ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पर कराए जाते हैं। उसी के अनुसार काम कराए जाएंगे। –जाहिद हुसैन, जिला पंचायत राज अधिकारी

## कार्यालयों में समय से नहीं पहुंच रहे हैं अधिकारी

मिलक, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को ट्वीट करके बताया कि प्रत्येक सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों के बैठने का समय प्रातः 10 बजे से है। लेकिन वह समय से कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। इसकी वजह से जनता को दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

किसान नेता ने कहा कि वह शनिवार को निजी कार्य से तहसील मिलक गए थे। सुबह 10:17 बजे तक भी तहसीलदार और उपजिलाधिकारी अपने कार्यालयों में नहीं मिले। उनके कार्यालय का गेट बंद था। दोनों कार्यालयों के फोटो खींचकर उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को ट्वीट किया है। इसकी जानकारी होने पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार जिलाध्यक्ष पर बहुत नाराज हुए और डराने-धमकाने लगे। जिलाध्यक्ष ने एक वीडियो जारी करके सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी है। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह करते हुए कहा है कि उप जिलाधिकारी जैसे अधिकारी सरकार की मंशा के विपरीत कार्य कर रहे हैं। इन्हें मिलक से हटाया जाए अन्यथा मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू भानु के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# पंचायत में जल निगम के खिलाफ गरजे किसान

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की पंचायत में किसान जल निगम पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि जल निगम ने ऐसे ठेकेदारों को ठेका दिया है जो पाइपलाइन डालने के बाद गायब हो जाते हैं। ग्रामीणों को टूटी हुई सड़क से जूझना पड़ता है।

शनिवार को सरकारी गेस्ट हाउस में भाकियू भानु की पंचायत हुई। इसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद एसडीएम सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने क्षेत्र की राणा मिल पर भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए जल्द भुगतान कराने के मांग की है। सीएचसी में तैनात चिकित्सकों पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि सीएचसी की एक्सरे मशीन खराब है, लेकिन जिम्मेदारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। किसानों ने शेखुपुरा गांव में श्मशान घाट का निर्माण कराने की मांग भी की।

इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष अमरपाल सिंह यादव, मंडल सचिव झंडू सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला महासचिव आरिफ खान, अकील खान, जिला संगठन मंत्री रामनाथ मौर्य, शौकत, वीरेंद्र सिंह यादव, किशन लाल, राजू, जगतपाल सिंह, शफीक, हरिश्चंद्र, अकरम खान, चांद मोहम्मद खान, राम चरण आदि किसान मौजूद रहे।

# भक्तों को कभी नहीं छोड़ते हैं भगवान

संवाददाता, बिलासपुर

**कथा**

● श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा

अमृत विचार : कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि जीव और ईश्वर में यही अंतर है। जीव पकड़ कर छोड़ देता है परंतु भगवान जिसे कृपा पूर्वक अपना स्वीकार कर लेते हैं, पकड़ लेते हैं उसे कभी नहीं छोड़ते।

मोहल्ला साहूकारा स्थित श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर में सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। रामकथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि हनुमान ने प्रभु राम से कहा कि हे प्रभु मैं आपका सेवक हूं। जिस समय हनुमान जी ने प्रभु राम से सुग्रीव के पास चलकर मित्रता करने की प्रार्थना की। तब प्रभु श्री राम ने कहा कि तुम सुग्रीव को ही मेरे पास क्यों नहीं ले आते। हनुमान ने कहा कि प्रभु सुग्रीव को आपके पास लाना ठीक नहीं रहेगा। क्योंकि तब यह माना जाएगा कि सुग्रीव ने आपसे मित्रता की है। जीव कब मित्रता करेगा, कब छोड़ देगा कुछ नहीं मालूम। लेकिन, आप चलकर सुग्रीव का हाथ थामेंगे। उन्हें अपना मित्र बनाएंगे तो मुझे विश्वास है कि आप उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगे। क्योंकि मैं जानता हूं पकड़ कर छोड़ना आपका स्वभाव नहीं है।

कथा व्यास ने कहा कि संसार के जितने भी संबंध हैं, सब अस्थाई हैं। यहां कोई किसी के साथ सदैव नहीं रह सकता। कब कौन किसे छोड़कर चल देगा, कुछ नहीं मालूम। एक भक्त और भगवान का संबंध स्थाई है। भगवान इस लोक की तो बात क्या अपने भक्तों को परलोक में भी नहीं छोड़ते। इसलिए भगवान से संबंध बनाना ही श्रेयस्कर है।

कथा में योगेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अरुण गर्ग, ऋषि मित्तल, कुशल कुमार, शशि गोयल, कंचन अग्रवाल, पंडित अयोध्या प्रसाद आदि मौजूद रहे।



कथा सुनाते पंडित बृजेश पाठक।



राजेश गंगवार का स्वागत करते पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करें कार्यकर्ता : राजेश

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : शनिवार को हाईवे स्थित पटेल पार्क में जनशक्ति दल की बैठक हुई। इसमें पार्टी के नवनियुक्त किसान मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गंगवार का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर राजेश गंगवार ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह ईमानदारी और लगन के साथ निभाएंगे। देशहित में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। जनता की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाकर उनका समाधान कराया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष गंगाराम गंगवार, आरती, भगवानदास, नीरज, पातीराम, रामचंद्र, शिल्पी आदि मौजूद रहे।

# अपात्रों के राशन कार्ड बने, पात्र खा रहे धक्के

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के जिलाध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफीक ने कहा कि अपात्र लोगों के राशनकार्ड बना दिए गए हैं। जबकि, पात्र राशनकार्ड बनवाने के लिए धक्के खा रहे हैं। किसानों ने समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को भाकियू असली के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष की अगुआई में तहसील पहुंचे। उन्होंने विभिन्न समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बिजली निगम पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़क से पोल नहीं हटाए गए। ढकिया में बीच रास्ते से गुजर रही 11 हजार केवीए की लाइन भी नहीं हटाई जा रही है। इससे कभी भी हादसा हो सकता है।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू असली के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर की समस्या का समाधान कराने की मांग

किसानों ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि विभाग ने अपात्र लोगों के राशनकार्ड जारी कर दिए हैं, जबकि पात्र राशनकार्ड बनवाने के लिए भटक रहे हैं। किसानों ने छुट्टा गोवंश को गोशाला में संरक्षित करने की मांग की। भूमाफिया पर नकेल कसने की बात भी कही। कहा कि भू माफिया लगातार गरीबों की जमीन पर कब्जा रहे हैं। उनसे गरीबों की जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। इस दौरान जाकिर, भूरे खान, हरपाल सिंह, काले खान, बाबूराम, रईसुद्दीन आदि मौजूद रहे।



समीक्षा एवं समन्वय बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# एएचटीयू की बैठक में बाल योजनाओं की गई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में एएचटीयू की समीक्षा एवं समन्वय बैठक पुलिस उपाधीक्षक कीर्ति निधि आनन्द की अध्यक्षता में हुई।

इसमें गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, बाल योजनाओं आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में थाना एएचटीयू, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेंटर, श्रम विभाग, डीपीओ कार्यालय, जीआरपी, आरपीएफ एवं समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

# शिक्षकों को किया गया स्कूलों का आवंटन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : 12 हजार 460 शिक्षकों की भर्ती प्रकिया शुक्रवार से शुरू कर दी गई थी। शनिवार को सुबह से ही शिक्षकों का बीएसए कार्यालय पर पहुंचना शुरू हो गया। देर शाम तक सभी शिक्षकों को स्कूल आवंटित कर दिए गए। इस तरह से दो दिन में 312 शिक्षक और शिक्षिकाओं को स्कूल मिल गए। जबकि तीन शिक्षक अभी रह गए हैं।

उल्लेखनीय है कि 12,460 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया काफी समय से चल रही है। पांच माह पहले जिले में शिक्षकों का चयन होने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में काउसंलिग कराकर नियुक्ति पत्र दे दिए गए थे। स्कूल आवंटन की प्रकिया को बीच में ही रोक दिया गया था। कुछ समय पहले ही स्कूल आवंटन के आदेश मिलने के बाद शिक्षक सक्रिय हो गए थे।



बीएसए कार्यालय में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

● दो दिन में 312 शिक्षक और शिक्षिकाओं को मिले स्कूल

शुक्रवार को महिलाओं को स्कूलों का आवंटन किया गया था। शनिवार को पुरुषों को स्कूलों का आवंटन किया जाना था। बाद सुबह से शिक्षकों का राहे रजा स्थित बीएसए कार्यालय पहुंचना शुरू हो गया था।

शाम को सभी को स्कूल आवंटित हो गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि 312 शिक्षक और शिक्षिकाओं को स्कूल आवंटन हो गए हैं।

## एसपी ने कोतवाली का किया निरीक्षण

बिलासपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश दिए। माटखेड़ा मार्ग पर फ्लैग मार्च भी किया। शनिवार की शाम पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव मुख्य चौराहे पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही सीओ रवि खोखर और प्रभारी निरीक्षक भी पुलिस बल के साथ चौराहे पर आ गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने माटखेड़ा मार्ग व पोस्ट ऑफिस रोड पर फ्लैग मार्च किया। बाद में उन्होंने कोतवाली पहुंच कर अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, ड्यूटी रजिस्टर, फ्लाई सीट आदि के रख-रखाव का जायजा लिया।

**करंट से युवक की मौत : धमोरा, अमृत विचार** : शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव जादौपुर निवासी रामस्वरूप का 21 साल का बेटा विपिन मजदूरी करता था। विपिन शुक्रवार की रात खेत की सिंचाई करने गया था। तार लगाते समय करंट लगने से विपिन गिर गया। मौके पर पहुंचे लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# छत्तीसगढ़, सहारनपुर मॉब लिचिंग के आरोपियों को पकड़ने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : छत्तीसगढ़, सहारनपुर में मॉब लिचिंग के आरोपियों की गिरफ्तारी की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति से मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कराया जाए। मृतक के परिजनों को मुआवजा और सरकारी नौकरी भी दी जाए।

शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नगराध्यक्ष वारिस खां के नेतृत्व में पदाधिकारी कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने छत्तीसगढ़ व सहारनपुर में हुई मॉब लिचिंग घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। नगराध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश के चेयरमैन शाहनवाज आलम के निर्देश पर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। इसमें सात जून को हुई मॉब लिचिंग घटना के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और मृतक के परिवारों को मुआवजा तथा सरकारी नौकरी देने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जमाल खां, शादाब खां, अरबाज, हारून खां और बाकर अली खां आदि शामिल रहे।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते नगराध्यक्ष वारिस खां व अन्य। ● अमृत विचार

● भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, पीड़ितों को मुआवजा व नौकरी देने की भी लगाई गुहार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### नाला व सड़क निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वार्ड सात के लोगों ने क्षेत्र में नाला और सड़क निर्माण को लेकर नगर आयुक्त कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्र में पानी निकासी के लिए नाला और सड़क निर्माण कराया जाए। शनिवार को वार्ड सात के लोगों ने पीली कोठी स्थित नगर आयुक्त कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि वार्ड सात के मोहल्ला पुराना आरटीओ के पीछे पानी निकासी नहीं होती है। जिसके लिए नाला निर्माण व सड़क निर्माण कराया जाए। कहा गया कि नाले और सड़क का टेंडर हो गया था, जिस पर ठेकेदार ने कार्य भी शुरू कर दिया था। नाला की खोदाई एक दिन कर ठेकेदार ने काम बीच में रोक दिया है। जिसके कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है। मांग की गई कि जल्द ही नाला और सड़क का निर्माण शुरू किया जाए। ज्ञापन देने वालों में नईम रजा, अकरम चौधरी, फैजान सलमानी, नूर हसन, मुस्तकीम, नासिर अली, नसीम शामिल रहे।


मुख्य अभियंता को ज्ञापन देते कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## निजीकरण व स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के निजीकरण व स्मार्ट मीटर के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली रोड स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और मुख्य अभियंता को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के मुरादाबाद मंडल के मुख्य अभियंता आरके बंसल के कार्यालय पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता एकत्र हुए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिला मंत्री थान सिंह ने कहा कि बिजली आम आदमी की बुनियादी जरूरत है। उन्होंने बिजली कटौती को बंद किए जाने की मांग की। इस दौरान कासिम अली, चंद्रपाल सिंह आजाद, वीडी शर्मा, शरीफ अहमद, एसपी सिंह, केहर सिंह आदि मौजूद रहे।

### शहीद राजेंद्र लाहिड़ी को जयंती पर याद किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्त्री आर्य समाज मंडी बांस के साप्ताहिक अधिवेशन में शनिवार को क्रांतिकारी राजेंद्र लाहिड़ी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आचार्य पं. वीरेंद्र आर्य ने वैदिक रीति से यज्ञ किया। इसके बाद भजन प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में मंत्री रमेश सिंह आर्य और स्त्री आर्य समाज के मंत्री प्रीता आर्य ने कहा कि राजेंद्र लाहिडी का जन्म 29 जून 1901 में अविभाजित भारत में हुआ था। उनकी शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय में हुई। इनका संबंध रामप्रसाद बिस्मिल आदि क्रांतिकारियों से हुआ। रामप्रसाद बिस्मिल महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों से ओतप्रोत थे और आर्य समाज शाहजहांपुर में ही अन्य क्रांतिकारियों के साथ रहते थे। इस अवसर पर प्रीता आर्य, सुषमा आर्य, रमा, कुसुम आर्य, नीलू साधना आर्य, पूनम आर्य, साधना रस्तोगी, कुसुम वर्मा आदि मौजूद रही।

### दूसरे दिन भी बिना पढ़े चले गए बच्चे, खेलकूद में बिताया पूरा दिन

## कक्षा 1, 2 के छात्रों को नहीं मिलीं किताबें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के बाद शुक्रवार को पहुंचे कक्षा 1 और 2 के बच्चे खेलकूद कर चले गए थे, क्योंकि उनके पास पढ़ने के लिए किताबें नहीं हैं। दूसरे दिन भी यही हुआ। बच्चे आए और खेलकूद कर वापस घर चले गए। पहली बार इन कक्षाओं में एनसीईआरटी की किताबें शामिल की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि एक सप्ताह के अंदर बच्चों के हाथों में किताबें होंगी।

जनपद में 1401 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। इनमें दो लाख से ज्यादा बच्चों का पंजीकरण है। इनमें करीब 14 लाख किताबों का वितरण होना था। लेकिन, अब तक 10 लाख से ज्यादा किताबों का वितरण कार्य ही पूरा हो पाया है। कक्षा 1 में छह और कक्षा 8 में 16 किताबें शामिल की गई हैं। वर्ष 2024-25 में कक्षा 1 व 2 के बच्चे सारंगी, आनंदमय गणित, मृदंग, कार्य पुस्तिका सारंगी, कार्य पुस्तिका आनंदमय गणित, वर्क बुक मृदंग किताबें पढ़ेंगे। यह सभी किताबें एनसीईआरटी की हैं। अभी तक यह किताबें जिला मुख्यालय पर नहीं आई हैं, जबकि कक्षा 3 में पंखुड़ी, कार्य पुस्तिका पंखुड़ी, अंकों के जादू, कार्य पुस्तिका अंकों का जादू, हमारा परिवेश, रैनबो, वर्क बुक रैनबो, संस्कृत पीयूषम, कक्षा 4 में कार्य पुस्तिका फुलवारी, अंक जगत, कार्य पुस्तिका अंक जगत, पर्यावरण, कार्य पुस्तिका पर्यावरण, स्प्रिंग, वर्क बुक स्प्रिंग, संस्कृत सुधा, कक्षा 5 में वाटिका, कार्य पुस्तिका वाटिका, गणित ज्ञान, कार्य पुस्तिका गणित ज्ञान, प्रकृति, कार्य पुस्तिका प्रकृति, पीटल्स, वर्कबुक पीटल्स, संस्कृत सुबोध किताबें हैं। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि जल्द ही सभी बच्चों तक किताबें पहुंच जाएगी। इस बार बच्चे एनसीईआरटी की किताबें पढ़ेंगे।

#### 1 जुलाई से होगी नियमित पढ़ाई

गर्मी की छुट्टियों के बाद 25 जून से परिषदीय स्कूल खुल गए थे। लेकिन, बच्चे 28 जुलाई से आना शुरू हुए हैं। इससे पहले शिक्षकों ने स्कूलों में आकर साफ-सफाई का कार्य पूरा कराया था। अब 28 व 29 जुलाई को स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सुबह 7 .30 से 10 बजे तक चला। अब 1 जुलाई से स्कूलों में नियमित पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

### विक्रम सिंह बने मुरादाबाद के नए जेलर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीन साल से डटे जेलर मृत्युंजय कुमार पांडेय का शनिवार को तबादला हो गया।

उन्होंने मुरादाबाद जेल के लिए सराहनीय काम किए हैं। मूलरूप से वह बिहार के गोपालगंज के रहने वाले हैं। 1997 बैच के मृत्युंजय इससे पहले मऊ व हरदोई में भी रहे हैं। उनकी सेवाओं के लिए उन्हें 2020 में सिल्वर व 2022 गोल्ड मेडल भी मिल चुका है। बता दें, मुरादाबाद में उनका कार्यकाल तीन साल से अधिक हो गया था। मृत्युंजय अब इटावा जेल में अपनी सेवाएं देगें। विक्रम सिंह यादव को अब मुरादाबाद जेल की कमान सौंपी है। विक्रम सिंह मेरठ की जेल में तैनात थे। बता दें, डीजी कारागार ने उन्हें तत्काल प्रभाव से ज्वाइनिंग करने का निर्देश दिया है। संभावना है कि एक-दो दिन में अपना कार्यभार संभाल लेंगे।

# 95 किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त, 25000 जुर्माना वसूला

### नगर निगम की टीम ने नाले के ऊपर किए अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा, अपर नगर आयुक्त से दुकानदारों ने की नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने शनिवार को महानगर के गुईया बाग के पास मोहम्मद अनवर की दुकान पर छापेमारी की। यहां से 95 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर 25,000 रुपये चालान के रूप में जुर्माना वसूला। वहीं बरसात में जलभराव से निजात के लिए नाले पर किए अतिक्रमण को टीम ने जेसीबी से तोड़वाया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार व टीम से कई जगह व्यापारी नोकझोंक कर उलझे। लेकिन सरकारी कार्य में बाधा न डालने की चेतावनी देते हुए टीम ने कार्रवाई जारी रखी।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में गुइयां बाग में मोहम्मद अनवर की दुकान पर टीम की छापेमारी में दुकान में 95 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की गई। टीम ने पॉलीथीन को जब्त कर 25,000 रुपये का जुर्माना चालान काटकर वसूला। बताया गया कि जब्त पॉलीथिन की बाजार में कीमत लगभग 1,00,000 लाख रुपये है। कार्रवाई के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के अलावा कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, केशव विश्नोई, दीपक सिंह, उमेश तोमार और प्रवर्तन दल की पूरी टीम मौजूद रही। वहीं संपत्ति विभाग व प्रवर्तन दल टीम ने अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार के नेतृत्व में दोपहर 12:00 बजे कोहिनूर तिराहे के पास जल निकासी में अवरोध बने दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर रैम्प/जाल लगाकर अवैध रूप से निर्माण व अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। ध्वस्तीकरण के बाद नाले से जलनिकासी सुचारू कराई। इस दौरान दुकानदार अपर नगर आयुक्त व टीम से उलझ गए। उनसे जमकर नोकझोंक हुई। बाद में चेतावनी देकर सभी को हटाते हुए टीम ने अतिक्रमण ध्वस्त किया। इस दौरान उप नगर आयुक्त राज किशोर, अधिशासी अभियंता दिनेश चंद्र, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी और प्रवर्तन दल की टीम मौके पर मौजूद रही।


दुकान में जांच करतीं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, साथ में प्रवर्तन दल के सदस्य।


नाले पर किए अतिक्रमण को तोड़ती जेसीबी व उपस्थित नगर निगम प्रवर्तन दल के सदस्य।

#### महानगर में नाला सफाई को चलाया अभियान, सिल्ट भी उठाई

नगर निगम के स्वास्थ्य अनुभाग की टीम ने शुक्रवार को हुई बारिश के बाद महानगर में जलभराव से हुई लोगों की समस्या को देखते हुए नगर आयुक्त के निर्देश पर 72 घंटे का सफाई अभियान विकास नगर लाइनपार, पंडित नगला बाईपास व बरबलान में चमुंडा गली आदि में चलाया गया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान नाले की कल्वर्ट, पुलिया, मैनहोल और जक्शन प्वाइंट जहां अत्याधिक मात्रा में सिल्ट इकट्ठा होने की सम्भावना होती है कि सफाई कराई। जिससे जलजमाव की स्थिति से बचा जा सके। अभियान के दौरान अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . सुनील कुमार दोहरे आदि मौजूद रहे।


हल्की बूंदाबांदी में गुजरते लोग। ● अमृत विचार

## दो जुलाई तक हो सकती है हल्की से मध्यम बारिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अधिकतम पारा 35.6 डिग्री सेल्सियस, बादलों की लुकाछिपी से गर्मी से मिली राहत

**अमृत विचार :** शनिवार को बारिश न होने और धूप निकलने से अधिकतम तापमान बढ़ गया। अब 2 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

शनिवार को सुबह बादल छाए रहे। लेकिन, 11 बजे के करीब धूप निकल आई। हवा चलने से मौसम सुहाना हो गया। धूप व बादलों की लुकाछिपी का क्रम चलता रहा। बारिश न होने से अधिकतम तापमान बढ़कर 35.5 डिग्री सेल्सियस हो गया। हालांकि हवा चलने से उमस में कमी रही। अब 2 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि मुरादाबाद में अधिकतम तापमान 35.5 और न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश का क्रम चलेगा।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## सुखी जीवन को महाकाल की शरण जरूरी : प्रशांत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पारकर इंटर कॉलेज रोड स्थित महाकाल स्टोर पर शनिवार को महाकाल रसोई का आरंभ हुआ। इस अवसर पर इच्छापूर्ति सिद्ध पीठ के संस्थापक और श्री महाकाल सेवक संघ के संरक्षक महंत प्रशांत गुरु ने कहा कि जीवन को यदि सुखी बनाना है तो महाकाल की शरण में जाना होगा।

कहा कि महाकाल के दरबार में सब बराबर हैं। वह पल भर में राजा को रंक और रंक को राजा बना देते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में आए मेहमानों ने पूजा अर्चना की। संचालन श्री महाकाल सेवा संघ के मुख्य ट्रस्टी मोहित राज गुप्ता ने किया। बाद में महाकाल रसोई में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में सुशील कुमार शर्मा, प्रेम प्रकाश सक्सेना, अमित सक्सेना, शिव, अमित यादव, आशीष चित्रांश, अंकित गुप्ता, अमित सक्सेना, अनिल गुप्ता आदि थे।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर बनाई रणनीति

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** संचारी रोग अभियान की सफलता के लिए शनिवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित कर गई। इसमें विशेष सफाई अभियान से लेकर रणनीति बनाई गई।

खंड विकास कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग और पंचायत विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ ब्लॉक की 74 ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में ब्लैक कोऑर्डिनेटर पुष्पेंद्र सिंह, रिंकू सिंह ,मोहम्मद आरिफ राजेंद्र सिंह दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं बिलारी में नगर पालिका परिषद सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरिश्चंद्र, डॉ. अमित सक्सेना, चंचल सिंह आजाद, सतीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


माता अन्नपूर्णा मंदिर मंडी चौक में पुजारी परिषद की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## 7 जुलाई को होगा पुजारियों का सम्मेलन, तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक शनिवार को माता अन्नपूर्णा मंदिर मंडी चौक में हुई। इसमें संगठन की स्थापना पर 3 वर्ष पूर्ण होने पर लाल बाग स्थित काली माता मंदिर में 7 जुलाई को पुजारियों का सम्मेलन का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि सम्मेलन में महानगर के सभी मंदिरों के पुजारियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें सभी पीठाधीश्वर, संत , महंत एवं पुरोहित भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता पं. सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने की। संचालन अंकित तिवारी ने किया। बैठक में पं. दीपक तिवारी, पुजारी महेंद्र, कार्तिक शर्मा, केशव राम ओझा, मनीष शर्मा, सुरेश प्रसाद, शंकर भट्ट, सतीश कुमार शर्मा, संदीप त्रिवेदी, महेश पन्त, खेमराज, सतीश खंडूरी आदि मौजूद रहे।

## मॉब लिंचिंग के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम के निर्देश पर शनिवार को कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। देश में हो रही मॉब लिंचिंग की घटनाओं के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

प्रदर्शन के दौरान जिला चेयरमैन अफजल साबरी ने कहा कि जब से देश में भाजपा की केंद्र और अन्य राज्यों में सरकार आई है, तब से अल्पसंख्यकों के साथ मॉब लिंचिंग एक प्रथा बन गई है। कहा गया कि बीते 7 जून को रायपुर-महासमुंद सीमा पर यूपी के पशु व्यापारियों के साथ हुई मॉब लिंचिंग की घटना से पूरा देश स्तब्ध है। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, जिलाधिकारी व एसपी को निलंबित किया जाए व मरने वाले तीनों युवकों के परिवार को मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अनूप दावे, इरशाद हुसैन, मंगलसेन, तबस्सुम खान, मोहम्मद जुनेद, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद भारतीय परवेज इस्लाम, राईस सैफी, कामिल मंसूरी, अकरम अंसारी, राजेंद्र वाल्मीकि व मोहम्मद आसिफ शामिल रहे।


कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

#### विरोध

- मॉब लिंचिंग की घटनाओं के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन
- केंद्र व राज्य सरकार पर लगाया घटनाओं को शह देने का आरोप

**कार्यक्रम** बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मन मोहा, विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों का हुआ सम्मान

## जिगर मंच के कार्यक्रम के समापन पर आतिशबाजी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लगभग एक माह पहले जिगर मंच पर प्रारंभ कार्यक्रम का तत्कालीन जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने फीता काटकर आरंभ किया था। जिसका समापन एक दिन बढ़ा दिया गया था। शनिवार को नवनियुक्त जिलाधिकारी अनुज कुमार, सीडीओ सुमित यादव, प्रदर्शनी की संयोजिका एडीएम सिटी ज्योति सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी व किसान नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर जिगर मंच के कार्यक्रम का समापन समारोह आरंभ किया। बाद में आतिशबाजी के साथ कार्यक्रमों का समापन हुआ।

इस अवसर पर सबसे पहले छात्र कल्पना ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद ममता भटनागर और ओझा भटनागर ने स्वागतम गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद एसडीएम बिलारी मनी अरोडा ने शेर प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने मेले के इतिहास के साथ इसकी भव्यता की भी प्रशंसा की। इसके बाद सभी विभागीय कर्मचरियों और सहयोग करने वाले संगठन, स्कूलों, स्टॉल लगाने वाले व अन्य समूह के सदस्यों का आभार वयक्त किया। छात्रा प्रिया ने आज गली-गली अलग सजाएंगे, राम आएंगे पर प्रस्तुति दी। बाद में जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने प्रदर्शनी के जिगर मंच पर होने वाले कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सहयोगी, प्रशासनिक अधिकारियें व अन्य लोगों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।


जिगर मंच पर सम्मानित लोग। ● अमृत विचार

### प्रधानाचार्य परिषद के अधिवेशन पर की चर्चा

**बिलारी, अमृत विचार:** नगर के स्टेशन रोड स्थित रामरतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य परिषद के अधिवेशन एवं संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। शनिवार को उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बिलारी ब्लॉक के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रधानाचार्य परिषद के अधिवेशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन का सदस्य शुल्क शीघ्र जमा कराए जिससे कि मासिक पत्रिकाओं का वितरण समय पर किया जा सके। बताया कि जुलाई में संगठन की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अक्टूबर में होने वाले सम्मेलन पर चर्चा की जाएगी एवं रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान प्रधानाचार्य रामकिशन, राजीव कुमार शर्मा एवं महिला शिक्षक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य परिषद के सम्मेलन में सहयोग देने का प्रधानाचार्य रामकिशन ने आश्वासन दिया।

## श्रीकृष्ण की लीला सुन झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विहारों के मंदिर कंजरी सराय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा व्यास आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर मथुरा को आतंक से मुक्त कर दिया।

कथा व्यास ने रुक्मणी मंगल की कथा सुनाई एवं भगवान की सोलह हजार एक सौ आठ पटरानियों का भी सुंदर वर्णन किया। हम जिस बात में अपना मंगल मानते हैं, कौन जानता है उसमें शायद अमंगल ही अमंगल भरा हो, पर भगवान जानते हैं। जहां भगवान पर छोड़ा कि वे बचा लेंगे, हमारी बुद्धि तो परिमित है। हम दूर की बात नहीं सोच सकते, नहीं जानते, पर भगवान सर्वज्ञ हैं, उनसे कभी भूल नहीं हो सकती। इसलिए अपना मंगल भगवान पर छोड़ दो, इसी में बुद्धिमानी है। पृथ्वी लोक पर मनुष्य जन्म मिलना अति दुर्लभ है, उनमें भी मनुष्य का विद्या युक्त होना और भी दुर्लभ है। विद्यावान हों और चरित्रवान भी हो ऐसा मनुष्य मिलना तो बहुत ही दुर्लभ है। यदि पूर्व जन्मों के पुण्य से मनुष्य जन्म मिल जाए, विद्यायुक्त हो जाए और उत्तम चरित्र से भी जीवन सुशोभित हो जाए। किंतु विद्यावान हों चरित्रवान हों साथ ही विनयशीलता भी हो तो समझ लेना चाहिए कि मनुष्य के रूप में आप ईश्वर की विशेष कृपा के पात्र हैं। कथा में राजीव पाल, आश्रय दर्शन दास, राधा अग्रवाल, मोहित वर्मा, शोभा बंसल, प्रीती बंसल, रानी वर्मा, रामौतार पाल, कुमकुम वर्मा, सोनाली वर्मा, सुनीता गुप्ता, मनी ठाकुर, लता यादव, लाखन सिंह, विपिन अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सूरज सिंह आदि मौजूद रहे।


भागवत कथा में आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- विहारों के मंदिर कंजरी सराय में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

## एक नजर

### हाईवे पर डीसीएम डिवाइडर से टकराई, चालक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर डीसीएम डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार दोपहर डीसीएम मुरादाबाद की ओर से दिल्ली की दिशा में जा रही थी। जैसे ही डीसीएम नेशनल हाईवे स्थित गजरौला के भानपुर फाटक के पास पहुंची तो वहां डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग से टकरा गई। हादसे में डीसीएम चालक आरिफ घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने डीसीएम को हाईवे से हटवाया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी

**गजरौला, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से मुरादाबाद का रहने वाला बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। मुरादाबाद में कांठ निवासी उमर शनिवार सुबह किसी काम से गजरौला आया था। काम निपटाने के बाद अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही शहर के चौपला पुलिस चौकी के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### दो भाइयों के बीच मारपीट थाने में दी तहरीर

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी प्रमोद व लोकेश के बीच शनिवार को घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट हो गई। शोर शराबा सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने दोनों को समझा बुझाकर शांत कराया। प्रमोद व उसका भाई रोहित व दूसरी तरफ से लोकेश घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रसव से पहले महिला की मौत, हंगामा

## चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप, मंगरौली की रहने वाली थी महिला

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में बाईपास मार्ग स्थित निजी अस्पताल में प्रसव से पहले महिला की हालत बिगड़ गई। यहां से मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। देर रात लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया।



कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी गुड्डू ने प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी शैंकी (25) को शुक्रवार दोपहर नगर में बाईपास मार्ग स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने ब्लड कम होने की बात कहकर महिला को खून चढ़ाया। देर रात चिकित्सक महिला को प्रसव के लिए ऑपरेशन थिएटर ले जा रहे थे। लेकिन ऑपरेशन से पहले ही महिला की हालत बिगड़ गई। चिकित्सक ने आनन फानन एंबुलेंस बुलाकर महिला को मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। मुरादाबाद ले जाते समय महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। जन्म नहीं होने पर बच्चे की महिला के पेट में ही मौत हो गई।



मंगरौली गांव में महिला की मौत के बाद गमजदा महिलाएं। ● अमृत विचार

- **मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम, पेट में बच्चे की भी मौत**

इसकी सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन महिला का शव लेकर निजी चिकित्सक के यहां पहुंचे। जहां देर रात तक जमकर हंगामा हुआ। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच कुछ लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। मृतका के परिजन उसका शव लेकर अपने घर चले गए। शनिवार सुबह उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतका अपने पीछे दो बेटियों को रोते बिलखते छोड़ गई है।

### महिला ने खाया जहर हालत बिगड़ी, भर्ती

**डिडौली, अमृत विचार :** गृह क्लेश के चलते महिला ने जहर खाया लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उपचार के लिए जोया सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने महिला को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 27 वर्षीय पत्नी का परिजनों से किसी बात को लेकर शुक्रवार शाम विवाद हो गया। इस संबंध में महिला के ससुर ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस व ग्रामीणों के समझाने पर परिवार में समझौता हो गया।

## कार्यशाला में शिक्षक और शिक्षिकाओं को दिए टिप्स

**गजरौला, अमृत विचार:** एसआरएस इंटर नेशनल स्कूल में शनिवार को एक्सपीरिएंटिया लर्निंग विषय पर सीबीएसई की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बुलंदशहर व मुरादाबाद से आए रिसोर्स पर्सन डॉ. रीता शर्मा, डॉ. राहुल चावला ने एक्टिविटी के माध्यम से शिक्षक शिक्षिकाओं को टीचिंग के टिप्स सिखाए।

उन्होंने कहा कि स्किल बेस्ड एजुकेशन तथा उसे रियल लाइफ से कनेक्ट करके विद्यार्थियों को तैयार करना चाहिए। इससे विद्यार्थी केवल नौकरी ही नहीं बल्कि स्वयं की स्किल पावर विकसित करके किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी व डायरेक्ट पुनीत सिंह ने सीबीएसई रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। शिक्षक शिक्षकाओं से आह्वान किया कि वे रिसोर्स पर्सन द्वारा सिखाईं गईं बातों को अपने शिक्षण कौशल में उतारें।

विद्यार्थियों को शिक्षण के साथ-साथ स्किल पावर डेवलप करने की दिशा में भी कार्य करें।

# मूकबधिर किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ढबारसी

**अपराध**

- **पीड़िता के भाई ने आरोपी को पकड़ने का किया प्रयास**
- **आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश**

**अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत से घर लौट रही मूकबधिर किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस मामले में पीड़िता के भाई ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय मूकबधिर किशोरी शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे जंगल से घर लौट रही थी। किशोरी को जन्म से ही बोलने व सुनने में दिक्कत है। गांव के एक युवक ने अंधेरे व मूक बधिर होने का नाजायज फायदा उठाने का प्रयास किया। उसने किशोरी को झाड़ी में खींचकर अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस बीच घर से खेत की रखवाली करने जा रहे पीड़िता के भाई ने देखा तो गांव का युवक किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था।

किशोरी के भाई ने युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो वह गाली गलौज कर झगड़ा करने पर उतारू हो गया। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों को देख वह युवक भाग गया। पीड़िता के भाई ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष शौकेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## नए कानून के संबंध में पुलिस कर्मचारियों को दी गई जानकारी

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस कार्यालय सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार की अध्यक्षता में नए कानून को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी उप निरीक्षक समेत पुलिस कर्मियों को नए कानून के संबंध में जानकारी दी गई। शनिवार को पुलिस कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में उपस्थित उप निरीक्षक आरक्षी पुलिस महक में से जुड़े अन्य कर्मचारीयो को अभियोजन अधिकारी सतपाल सिंह ने सभी को नए कानून के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय साक्ष्यप के विषय में जानकारी देकर प्रशिक्षित की भी किया।



धरनास्थल पर नारेबाजी करते लोग। ● अमृत विचार

# शराब की दुकान के बाहर बारिश में जारी रहा धरना

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** देसी शराब की दुकान हटवाने के लिए छठे दिन शनिवार को बारिश में भी लोग धरने पर डटे रहे। उन्होंने कहा कि जब तक दुकान नहीं हटेगी, तक तब धरना जारी रहेगा।

नगर के मोहल्ला काला शहीद स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग लेकर धरना देते हुए लोगों को शनिवार को छठ दिन हो गए। लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर उनसे वार्ता नहीं की है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि जब से यहां शराब की दुकान खुली है, युवा नशे के आदी हो गए हैं।

अगर अधिकारियों ने कोई निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरना देने वालों में तीरथ प्रकाश, डॉ. दीपक कुमार, मोहनलाल, राजपाल, शेर अली, अनीस, अंसार, मतलूब, चरन सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



पौधरोपण करते शिक्षक, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुलामपुर के प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप के दूसरे दिन शनिवार को भी अध्यापकों और छात्र छात्राओं ने पौधरोपण किया। सभी ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने लिए कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने कहा कि समर कैंप के दूसरे दिन पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। सभी ने अपने घरों और आसपास कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। कहा कि अगर पर्यावरण को सुरक्षित रखना है तो हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। अंत में छात्र छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण पर एक निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान एआरपी विकास राहुल, संकुल शिक्षक संजय सिंह, मदनपाल, सतेन्द्र सिंह, अमित कुमार, मनीष कुमार, अजय सागर, संतराम सिंह, राशिद अली, योगेंद्र सिंह, रेनू कंसल, राजवती व लीलावती आदि मौजूद रहे।



बैठक के बाद मौजूद विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### बैठक में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हुई चर्चा

**अमरोहा, अमृत विचार :** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संगठन के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान के आवास पर हुई। इसमें पुरानी पेंशन बहाल होने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि 16 साल से प्रदेश में पहला संगठन पुरानी पेंशन बहाल करने की लड़ाई लड़ रहा है। सरकार ने पुरानी पेंशन देने की इच्छा जताई और शनिवार को शासनादेश भी जारी कर दिया। संगठन के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खान सैफी साबरी का स्वागत किया गया। इस बैठक में डॉ. मुकेश कुमार पवार, नीरज कुमार यादव, विवेक शर्मा, मोहम्मद नदीम अंसारी, रियासत अली सैफी, ऋषिपाल सिंह, सोनू कुमार, तेजपाल सिंह आदि रहे।



स्कूल में बच्चे को तिलक लगाती अध्यापिका। ● अमृत विचार

### स्कूल पहुंचे छात्रों का किया स्वागत

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत के कंपोजिट स्कूल में बच्चों का स्वागत किया गया। डेढ़ माह बाद स्कूलों में रौनक नजर आई। बच्चे अपने दोस्तों से मिलने के लिए उत्सुक दिखे, वहीं बच्चों को स्कूल छोड़ने आए अभिभावक भी खुश नजर आए। ग्रीष्मावकाश के छुट्टी के बाद बच्चे जब विद्यालय के गेट पर पहुंच रहे थे, तो अध्यापक थाल में फूल लिए थे। कंपोजिट स्कूल के प्रधानाध्यापक निर्देश कुमार, वर्तिका गुप्ता, सीमा चौधरी, प्रवेश चौधरी, सुनीता, ओमवती देवी, नजमी आरा ने तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

### बीएड में प्रथम स्थान पाने वाली निखत सम्मानित

**गजरौला, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली की ओर से घोषित परिणाम में श्रीराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की बीएड प्रथम वर्ष की छात्र निखत खान ने प्रथम और सृष्टि रावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीएड द्वितीय वर्ष में नैन्सी प्रथम, सोनाक्षी सक्सेना द्वितीय स्थान पर रहीं। चारों छात्र छात्राओं ने मेहनत से अपने परिवार व महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रबंधक ललित मोहन, प्रचार्या डॉ. नीतू शर्मा, विभागाध्यक्ष निश्चल सक्सेना, पंकज कुमारी, प्रवक्ता दिग्विजय सिंह, आर्य राज सिंह, धर्मपाल सिंह, किरण पाल सिंह, शाकिर हुसैन और मोनी उपस्थित रहे।



छात्रा को मिठाई खिलाते अध्यापक।



पिपलौती गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# पिपलौती में जलभराव ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पिपलौती कला के ग्रामीणों ने शनिवार को गंदगी व जलभराव को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि ग्राम प्रधान से शिकायत के बाद भी समस्या बनी हुई है।

आरोप है कि प्रधान से अगर कोई मोहल्ले का व्यक्ति गंदगी व जलभराव के बारे में कहता है तो वह वोट न देने की बात कहकर खाते पर रोक लगवाने की धमकी देता है। इस रास्ते पर राशन लेने जाते समय गिरकर कई महिलाएं भी चोटिल हो चुकी हैं। अगर समस्या का जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण उप जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान तस्लीम, यामीन, जुलाआ, इस्तेकर ,रहीस, अजीम, शाहरुख, शाहनवाज, आशिक, खलील ,इस्लाम, दिलशाद, शाकिर, जमील, मोमिन चौकीदार आदि उपस्थित रहे।

## व्यापार कल्याण दिवस पर व्यापारी सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलक्ट्रेट सभागार में शनिवार को महाराणा प्रताप के सहयोगी दानवीर भामाशाह का जन्म दिवस व्यापार कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। डीएम राजेश कुमार त्यागी, सांसद कंवर सिंह तंवर, धनौरा विधायक राजीव तरारा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भामाशाह के जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं।

भामाशाह के देश के प्रति समर्पण और योगदान पर प्रकाश डाला। प्रदेश सरकार ने उनका जन्म दिवस व्यापार कल्याण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, यह सराहनीय है। इस दौरान व्यापार में सबसे ज्यादा कर देने वाले व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से उपायुक्त कार्यालय के सहयोग से चार उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री ओमप्रकाश गोला, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शशि जैन, एडीएम सुरेंद्र सिंह आदि रहे।

# इधर भी निगाहें करम कर गरीब नवाज...

संवाददाता, सैदनगली/उझारी

**अमृत विचार :** हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में शुक्रवार रात कव्वाली की महफिल सजी। इसमें तस्लीम आरिफ ने कलाम पेश किए। अकीदतमंदों ने दरगाह पर चादरपोशी की और मुरादें मांगीं।

उझारी में हजरत शेख दाऊद बंदगी की दरगाह पर उर्स चल रहा है। इसमें शुक्रवार रात कव्वाल तस्लीम आरिफ ने अपना कलाम पेश किया। कहा- जमाना आपकी चौखट से फैज पता है, इधर भी एक निगाहे करम कर गरीब नवाज, तुम्हारी चश्मे इनायत की बात है वरना, हमारा क्या है वजूद गरीब नवाज। इसे सुनकर लोग झूमते नजर आए और कव्वाल को नकद पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की। दरगाह पर इससे पहले कव्वाल आफताब वारसी, गुलाम वारिस, डॉ. फहीम वारसी, आसिम मलिक, अजमत वारसी भी कव्वाली का कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं। नईम साबरी, सनम वारसी, फैजान अजमेरी, गुलाम हबीब पेंटर कव्वाल और जारा डिस्को के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।



उर्स में कव्वाली पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

- **हजरत शेख दाऊद बंदगी की दरगाह पर उर्स में तस्लीम आरिफ की कव्वाली पर झूमे लोग**

दरगाह पर जायरीनों की भीड़ जुट रही है। बारिश के मौसम में भी जायरीन अकीदतत के साथ दरगाह पर हाजिरी लगा रहे हैं। इस दौरान हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, भूरे मिस्त्री, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आमिर, तबरेज आलम, रेहान, फहीमुद्दीन महल, अदनान महल, अलाउद्दीन सैफी, जुनैद, वहाब, हाजी बब्बन, हाजी कल्लन आदि मौजूद रहे।

**सम्मान** समारोह में सम्मानित होने के बाद मेधावी छात्र छात्राओं के चेहरे खिले

# ईमानदारी से करेंगे परिश्रम तो मिलेगी सफलता

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** हाईस्कूल व इंटर में अच्छे अंक पाकर टॉप करने वाले मेधावियों का सम्मान किया गया। कलेक्ट्रेट में हाईस्कूल के 10 व इंटर के आठ विद्यार्थियों को चेक व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। जिले के 9 मेधावियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने सम्मानित किया। सम्मान पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल गए।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, सांसद कंवर सिंह तंवर, धनौरा से विधायक राजीव तरारा ने मेधावियों को 21000 का चेक, टैबलेट और प्रशस्ति पत्र सौंपा। जिले के 18 विद्यार्थी सम्मानित हुए। लखनऊ में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण और मुख्यमंत्री के संबोधन को छात्राओं को सुनाया गया।



सम्मान समारोह में मौजूद मेधावी छात्र छात्राएं, मंत्री, सांसद, विधायक, जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

लखनऊ में मुख्यमंत्री ने अमरोहा जिले के हाईस्कूल के एक और इंटरमीडिएट के आठ छात्र-छात्राओं को एक लाख रुपये का चेक, टैबलेट, मेडल और प्रशस्ति पत्र सौंपा है। धनराशि विद्यार्थियों के खाते में स्थानांतरित कर दी गई है। डीएम ने कहा कि आप सबने जिस कड़ी मेहनत से इस परीक्षा में स्थान प्राप्त कर जनपद में नाम रोशन किया है, आगे भी कठोर परिश्रम ईमानदारी के साथ करेंगे तो सफलता की सीढ़ी चढ़ सकेंगे।

विधायक राजीव तरारा ने कहा कि दृढ़ संकल्पित होकर अपना लक्ष्य तय कर आप लोग ईमानदारी के साथ कठोर परिश्रम करें। मेहनत से पीछे नहीं हटाना है। इस दौरान मंत्री ओमप्रकाश गोला, नगर पालिका परिषद अध्यक्षा शशि जैन, डीआईओएस विष्णु प्रताप आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# शहीद अरविंद सिंह को किया याद

संवाददाता, अमरोहा/कांठ

**अमृत विचार :** कारगिल के अमर सेनानी शहीद अरविंद सिंह के बलिदान दिवस पर उनके पैतृक गांव छावी मिलक में यज्ञ और श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें आरएलडी के प्रदेश सचिव सरजीत सिंह ने शहीद अरविंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि शहीद अरविंद ने आज ही के दिन अपने प्राणों की आहुति दी थी। शहीद अरविंद ने अपना बलिदान देकर स्वयं को अमर बना दिया। हम सभी का कर्तव्य है कि इस दिन को मनाना चाहिए, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सके। जम्मू कश्मीर के कारगिल युद्ध में 29 जून 1999 में शहीद हुए अरविंद सिंह की स्मृति में इस कार्यक्रम का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। ओमदेव आर्य व मंगू सिंह आर्य ने संयुक्त निर्देशन में यह यज्ञ सम्पन्न हुआ। राष्ट्र कल्याण यज्ञ के दौरान शहीद के पिता मुख्त्यार सिंह व भाई धर्मेन्द्र सिंह मुख्य यजमान रहे। इस मौके शहीद के भाई धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जब भाई अरविंद शहीद हुए थे, तो उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। तत्कालीन भाजपा सरकार ने शहीद गेट, 25 बेड का अस्पताल, टिनशेड, सरकारी नल और गांव का नाम शहीद अरविंद नगर करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक केवल शहीद गेट का वादा ही पूरा हो पाया है। इस दौरान शहीद की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। उधर छजलैट क्षेत्र के आवी हफीजपुर में शहीद अरविंद सिंह के पिता मुख्तार सिंह अपने बेटे को याद कर भावुक भी हुए। यहां डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा कि कोई भी शहीद अपने परिवार के साथ-साथ पूरे देश को गौरवान्वित की करता है। इसलिए शहीदों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, युद्धवीर सिंह, बिशनलाल, अजीत सिंह, अंगद सिंह चौहान, सुधीर कुमार, कैलाश त्यागी, सतीश चंद्र शर्मा, सुखबीर सिंह, सुमित कुमार चिकारा, हरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



शहीद अरविंद सिंह की प्रतिमा के पास मौजूद लोग। ● अमृत विचार

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गोसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने आशियाना फेस- 1
24 धन्टे सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

## एक नजर

### डॉ.प्रवेश कुमार सरोज बने वरिष्ठ एआरटीओ

**संभल, अमृत विचार :** संभल के एआरटीओ प्रशासन डॉ .प्रवेश कुमार सरोज को राज्यपाल की स्वीकृति के बाद शासन ने पदोन्नति प्रदान की है। अब डॉ .प्रवेश कुमार सरोज वरिष्ठ एआरटीओ बन गए हैं। उनकी पदोन्नति की जानकारी होने पर कार्यालय के बाबूओं और कर्मचारियों में खुशी व्याप्त हो गई। स्टाफ ने उन्हें बधाई दी। बताते चलें कि डॉ .प्रवेश कुमार सरोज करीब ढाई साल से संभल में एआरटीओ प्रशासन पद पर तैनात हैं। उनकी पदोन्नति को लेकर शासन से आदेश जारी हुआ है। जिसमें कहा गया है कि वह वर्तमान तैनाती पर ही पदोन्नति के पद का कार्यभार ग्रहण कर यथावत कार्य करते रहेंगे।

### बेटी को बरामद कर लूट की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार

**संभल/ओबरी अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कला निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है। कहा है कि 7 जून को वह और परिवार के लोग जुमे की नमाज पढ़ते मस्जिद में गए थे। घर पर 17 वर्षीय बेटी थी। आरोप है कि गांव के कुछ लोग घर में घुस आए और जमीन बिक्री के रखे चार लाख रुपये, पांच तोला सोने के जेवर के अलावा बेटी को डरा धमका एवं बहला फुसलाकर ले गए। परिजन वापस लौटे तो जानकारी हुई। तलाश करने पर एक व्यक्ति ने गांव के युवक के साथ बेटी को देखने की बात कही तो उसके घर पहुंचे लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पुलिस ने सिर्फ गुमशुदगी दर्ज की। ग्रामीण ने नकदी व जेवर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराकर बेटी को बरामद कराने की गुहार एसपी से लगाई है अन्यथा आत्महत्या करने को मजबूर होने की बात कही है।

### बिजलीघर में काम के चलते कल बाधित रहेगी बिजली

**संभल अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र सिंहपुरसानी के 11 केवी इनकमिंग, आउटगोइंग पैनल एवं 11 केवी इनकमिंग केबल को बदलने का काम एक जुलाई को होगा। यह जानकारी एसडीओ चतुर्थ अमरेंद्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत उपकेंद्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जिस कारण विद्युत उपकेंद्र से जुड़े गांव प्रभावित होंगे।

# किशोर का अपहरण कर चार दिन तक हाथ-पैर बांध जंगल में रखा

## बदमाशों ने उसकी आंखों पर बांध दी थी पट्टी, रोने पर धमकाते रहे

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा


रजपुरा में बरामद किशोर।

- किसी तरह छूट कर ग्रामीण के घर पहुंचा किशोर ,पिता और पुलिस मौके पर पहुंचे

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र से बदमाशों ने खेत से किशोर को अगवा कर चार दिन तक जंगल में गन्ने के खेत में रखा। किशोर के हाथ-पैर बांधकर और आंखों पर पट्टी बांध दी गई। किशोर के रोने पर बदमाश धमकाते रहे। किसी तरह किशोर बदमाशों के चंगुल से छूटकर पास के गांव पहुंचा और ग्रामीण को जानकारी दी। जिसके बाद पिता और पुलिस मौके पर पहुंचे। पिता किशोर को घर ले आया लेकिन वह डरा सहमा है।

थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया खादर निवासी लेखराज का 13 वर्षीय बेटा विकास गांव के पास खेत पर फसल की पशुओं की रखवाली करने के लिए गया था। बताते हैं कि सुबह करीब 11 बजे दो बदमाश खेत पर पहुंचे और उसके मुंह पर रुमाल लगाकर अगवा कर लिया। बदमाश किशोर को साथ ले गए। वहीं परिजनों ने विकास की खोजबीन शुरू कर दी। जब किशोर रिश्तेदारी और आसपास नहीं मिला तो पिता लेखराज ने गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस भी किशोर की तलाश में जुट गई। वहीं बदमाशों ने उसके हाथ पैर बांधकर और आंखों पर पट्टी बांधकर गन्ने के खेत में रखा। बदमाश किशोर को रोने पर डराते धमकाते रहे। शुक्रवार को रात करीब 9 बजे बदमाशों ने शराब पी। इसी बीच किशोर मौका देखकर बदमाशों के चंगुल से छूटकर गांव दीपपुर डांडा पहुंच गया। वहां उसने रोते हुए ग्रामीण को पूरी घटना की जानकारी दी। ग्रामीण ने लेखराज को सूचना दी तो वह पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गया। किशोर के मिल जाने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। हालांकि किशोर काफी डरा सहमा हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। अब किशोर मिल गया है। किशोर का अपहरण किसने और क्यों किया, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** जुनावई थाना पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी 23 जून को खेत की रखवाली करने गई थी। आरोप है कि शाम को घर वापस लौटते समय गांव अहरौला नवाजी के अंशु कुमार बाइक लेकर पहुंचा और किशोरी को बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर बाजरे के खेत में ले गया। वहां किशोरी के साथ दुष्कर्म कर युवक भाग गया। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदम दर्ज किया था।

## नीलगाय से टकरा कर पिता की मौत, पुत्र घायल

**संभल, अमृत विचारः** जंगल से पशुओं के लिए चारा लेकर आ रहे पिता पुत्र की बाइक नीलगाय से टकरा गई। हादसे में पिता की मौत हो गई और बेटा घायल हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर सराय निवासी वीरेंद्र सिंह 50 वर्ष शनिवार की सुबह अपने बेटे अमन के साथ जंगल से पशुओं के लिए चारा काटकर बाइक से घर लेकर आ रहे थे। पिता पुत्र बाइक लेकर जैसे ही गांव के पास पहुंचे तो जंगल से निकलकर नीलगाय बाइक से टकरा गई। जिससे वीरेंद्र सिंह गंभीर जबकि बेटा अमन मामूली रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल अमन व वीरेंद्र सिंह को उपचार के लिए लेकर संभल निजी अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर वीरेंद्र सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के लिए मुरादाबाद लेकर जाते समय वीरेंद्र सिंह की मौत हो गई। परिजन वीरेंद्र सिंह का शव लेकर घर आ गए और बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर काम करने वाले मजदूर की करंट से मौत

संवाददाता, संभल


राजकुमार का फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे पर मशीन के कमरे का दरवाजा बंद करने गए युवक की करंट लगने से मौत हो गई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा करेली निवासी राजकुमार 20 वर्ष एक वर्ष से कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव खिरनी में बन रहे गंगा एक्सप्रेस वे पर मजदूरी कर रहा था। शनिवार को काम खत्म होने के बाद सुबह 11 बजे ठेकेदार ने सभी मजदूरों को घर भेज दिया था। राजकुमार भी घर जाने की तैयारी कर रहा था। कमरे में रखी मशीन के कमरे में लगे लोहे का दरवाजा राजकुमार बंद करने गया था। दरवाजे पर करंट उतर रहा था। जैसे ही दरवाजे को हाथ लगाया राजकुमार को करंट लग गया। जब राजकुमार वापस नहीं आया तो गार्ड ने कमरे में पहुंचकर देखा तो राजकुमार मशीन के ऊपर पड़ा हुआ था। कंपनी के ठेकेदार राजकुमार को उपचार के लिए संभल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने राजकुमार को रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल, अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले के गांव महमूदपुर माफी निवासी मोहम्मद सुहेब शुक्रवार की रात साढ़े नौ बजे बाइक पर सवार होकर सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चमन सराय में स्थित रिश्तेदारी में आ रहा था। मोहम्मद सुहेब बाइक लेकर जैसे ही कोतवाली क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर चंदौसी बाईपास के पास पहुंचा। किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया।

## गांव की महिला पर पुत्रवधू को घर में रखने का आरोप

**मनोटा, अमृत विचारः** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव सतूपुरा निवासी मोहब्बत की पत्नी मुरादन ने शनिवार को बहजोई पहुंचकर एसपी कुलदीप सिंह गुनावत को शिकायती पत्र सौंपा।

कहा कि पुत्रवधू मुसरेकीन मंदबुद्धि है। आरोप है कि गांव की एक महिला दो माह पहले बहला-फुसलाकर मुसरेकीन को अपने घर बुलाकर ले गई। तभी से मुसरेकीन महिला के घर ही रह रही है। मुरादन जब भी पुत्रवधू मुसरेकीन को बुलाने महिला के घर जाती है। महिला अपने परिजनों के साथ गाली गलौज करते हुए धमकी देती है। कहा कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मुरादन ने कहा कि मामला दो समुदाय का होने की वजह से गांव में रोष व्याप्त हो रहा है।

# मरीज की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, संभल


मरीज की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं।


मेडिकल कॉलेज में की गई तोड़फोड़।

- परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया
- मेडिकल स्टाफ पर बंधक बनाकर मारपीट का भी आरोप

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मेडिकल कालेज में तोड़फोड़ भी की गई। हालांकि मृतक के परिजनों ने स्टाफ पर खुद ही तोड़फोड़ करने और उन्हें बंधक बनाकर मारपीट का आरोप लगाया है।

गांव तिगरी निवासी सुनील 30 वर्ष के शनिवार को पेट में दर्द होने पर परिजनों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। भतीजे सोनू ने बताया कि पांच बजे सुनील को देखने पहुंचा तो देखा कि सुनील मृत अवस्था में बेड पर पड़ा था। परिजनों ने सुनील का शव मांगा तो हालत गंभीर बताते हुए डॉक्टर ने सुनील को मुरादाबाद अस्पताल में लेकर जाने की बात कहने लगे। परिजनों ने सुनील को लेकर जाने से मना कर दिया। इसके बाद ही विवाद हो गया। परिजनों ने मेडिकल स्टाफ पर बंधक बनाकर मारपीट का आरोप लगाया जबकि मेडिकल कालेज प्रशासन का कहना है कि परिजनों ने तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

> सुनील को शनिवार की दोपहर 1 बजकर 49 मिनट पर परिजन मेडिकल कालेज लेकर आए थे। हालत गंभीर होने की वजह से सुनील को प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने एंबुलेंस से हायर सेंटर रेफर कर दिया था। एक घंटे बाद परिजन मौत होने के बाद सुनील को लेकर फिर से मेडिकल कालेज आ गए थे। सुनील के परिजनों को बंधक बनाने की बात गलत है। सुनील के परिजनों ने ही मेडिकल कालेज में तोड़फोड़ की है।
>
> -डा . आनंद कुमार सिंह, चीफ मेडिकल ऑफिसर सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलेज, संभल

## सार-संक्षेप


सुंदरकांड का पाठ करते स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पकड़ लो हाथ रघुराई, नहीं तो डूब जाएंगे...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से शनिवार की शाम आवास विकास पुष्प विहार में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पं . दीनदयाल शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन कराया। तदोपरांत केजी शर्मा व अजय सक्सेना ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीस, बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया। राजेश शंखधार व योगेंद्र कुमार शर्मा ने सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। तत्पश्चात भजनों की छटा बिखरी। केजी शर्मा ने पकड़ लो हाथ रघुराई नहीं तो डूब जाएंगे-हमारा कुछ न बिगड़ेगा तुम्हारी लाज जाएगी। सुधा शर्मा ने मोहन से दिल क्यूं लगाया ये मैं जानूं या वो जाने आदि एक के बाद एक भजन सुना कर माहौल भक्तिमय कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जेएन मिश्रा, हरी बाबू मिश्रा, ब्रजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, टीसी शर्मा, राकेश चौबे, कपिल शर्मा, पीएन शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी, सच्चिदानंद शर्मा, जयपाल शर्मा, अभिषेक शर्मा समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।


बारहसैनी सेवा सदन में भागवत कथा के समापन पर हवन में आहुतियां देते श्रद्धालु।

### भागवत कथा के समापन पर हवन में दी आहुतियां

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के रामबाग धाम स्थित बारहसैनी सेवा सदन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर शनिवार को हवन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम यजमान महेंद्र पाल वार्ष्णेय, ऊषा रानी आदि ने विधि विधान से पूजन किया। तदोपरांत यजमान समेत श्रद्धालुओं ने हवन में में आहुतियां दीं और सुख शांति की कामना की। कथा वाचक आचार्य नंद नंदन ठाकुरजी महाराज ने पूजन कराया और वेद मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां दिलाईं। आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर ज्योतिष चंद्र वार्ष्णेय, प्रकाश चंद्र, विनीत अग्रवाल, विष्णु गोपाल गुप्ता, दिनेश चंद्र, अमर वार्ष्णेय, कमल वार्ष्णेय, राकेश चंद्र आर्य, अमित केएस, राजन वार्ष्णेय, मोहित कुमार, मुकेश चंद्र, सुखदेव वार्ष्णेय, अरुण सोनू, मुकेश कुमार, पीयूष वार्ष्णेय, अग्रज वार्ष्णेय, प्रदीप ठेकेदार आदि रहे।

### गाली गलौज का विरोध करने पर मारपीट

**धनारी, अमृत विचार :** भिरावटी निवासी अब्दुल रहमान की पत्नी अनवरी ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मुहल्ला के ही लोग आए दिन बेवजह मुझे व परिवार वालों के साथ गाली गलौज करते हैं। आरोप है कि शनिवार की सुबह गाली गलौज का विरोध करने पर मुहल्ला के लोगों ने मिलकर मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।



व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### भामाशाह ने लोकहित में किया था सब कुछ दान

**बबराला, अमृत विचार :** दानवीर सेठ भामाशाह की 478 वीं जयंती नगर पंचायत के तत्वावधान में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शनिवार शाम को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश शंकर राजू ने कहा कि भामाशाह को मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि लोकहित और आत्म सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाले भामाशाह की देशभक्ति और दानशीलता को चिरस्थाई रखने के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने उनकी जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने का स्वागतयोग्य फैसला लिया है। भाजपा नेता मणिकांत वार्ष्णेय ने कहा कि भामाशाह दानवीर व त्यागी पुरूष थे। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने आभार व्यक्त किया। संचालन सुधीर वर्मा ने किया। इस मौके पर नरेंद्र कुमार वार्ष्णेय भट्टा वाले, धर्मपाल गुप्ता, डॉ . कैलाश वार्ष्णेय, विजय कुमार, धर्मदेव आर्य, यशपाल गुप्ता, किराना कमेटी के अध्यक्ष राकेश संभली, सीनियर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश वार्ष्णेय, महामंत्री अनिल गुप्ता, रामबाबू वार्ष्णेय, प्रशांत वार्ष्णेय, येनेंद्र शर्मा, जगदीप, प्रेम कुमार, डिंपल वार्ष्णेय, संतोष संभल वाले सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


बहजोई में टैबलेट लिए छात्र-छात्राएं, साथ में स्टाफ के लोग। ● अमृत विचार

# टैबलेट पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचारः** बहजोई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट बांटे गए। टैबलेट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष लव कुमार, सर्राफ, उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सचिव अजय कुमार ,आयरन, उपाध्यक्ष अजय कुमार 'तम्बाकू, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, भाजपा जिला महामंत्री कमल कुमार कमल ने किया। कार्यक्रम में चयनित छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू ने कहा कि वर्तमान सरकार बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास की भावना को क्रियान्वित कर रही है। सचिव अजय कुमार आयरन ने कहा कि इन डिजिटल डिवाइस की सहायता से हम तकनीकी रूप से मजबूत बन सकते हैं।

इस दौरान डॉ. गीता, संजय कुमार, गौरव वार्ष्णेय, श्रीनिवास, प्रीति शर्मा, पूजा शर्मा, मनोज कुमार यादव, रामतीर्थ, नेमपाल सिंह, भगवान सिंह चौहान, भुवनेश कुमार मौजूद रहे। संचालन सलोनी रस्तोगी ने किया।

## अवैध शस्त्र के मामले में दोषी को चार माह की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचारः** अवैध शस्त्र के मामले में अदालत ने दोषी को जेल में बितायी अवधि तीन माह 23 दिवस के कारावास एवं 500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इस मामले में थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने 2024 में टीकम सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी लीलौट चाहरग थाना सिरौली जनपद बरेली के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा न्यायालय एसीजेएम जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से पीओ जितेंद्र कुमार ने दलीलें पेश कीं। शनिवार को न्यायाधीश ने मुकदमे पर सुनवाई करते हुए टीकम सिंह को दोषी करार देते हुए तीन माह 23 दिवस के कारावास व 500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष समेत आठ घरों में पकड़ी बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- विजिलेंस टीम ने स्थानीय बिजली अधिकारियों के साथ कई मोहल्लों में की छापेमारी

**अमृत विचारः** शनिवार को भोर में विजिलेंस टीम ने नगर के कई मोहल्लों में छापेमारी की। छापेमारी में पूर्व पालिकाध्यक्ष समेत आठ उपभोक्ताओं के घर बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया। इस मामले में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

विजिलेंस टीम ने सुबह साढ़े पांच बजे स्थानीय विद्युत वितरण खण्ड के अधिकारियों के साथ मोहल्ला मोती, राज मोहल्ला और देवी मोहल्ला में घरों में छापेमारी कर बिजली चेकिंग की। जिससे बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। टीम ने घर-घर जाकर बिजली चेकिंग की और बकाया रकम वसूल की। इस दौरान मोहल्ला मोती निवासी पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू कूमारी समेत आठ घरों में बिजली चोरी पायी गई। करीब डेढ़ घंटे तक चली चेकिंग के दौरान उपभोक्ता सहमे रहे। बिजली विभाग की ओर से पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू कुमारी, पारुल, मुमताज, शंकरलाल, मनोज कुमार, गोपाल, तबस्सुम बेगम, मुकेश वार्ष्णेय के खिलाफ बिजली अधिनियम की धारा 135 के तहत कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चेकिंग के दौरान एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला, हनुमान गढ़ी जेई वरुण कुमार, जेई दुर्गेश कुमार समेत पुलिस मौजूद रही।

> शनिवार को बिजीलेंस की टीम के साथ नगर के मोहल्ला मोती, मोहल्ला राज व देवी मोहल्ला में बिजली चेकिंग की गई। आठ घरों में बिजली चोरी होती हुई पाई गई। इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।
>
> -अजय कुमार शुक्ला, एसडीओ प्रथम


राजकीय पॉलीटेक्निक में कार्यक्रम को संबोधित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष।

# राजकीय पॉलीटेक्निक में किया गया टैबलेट वितरण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर के बदायूं रोड स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में सत्र 2024 के अंतिम वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरण समारोह पूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनामिका यादव जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किए। उन्होंने अपने संबोधन में लाभार्थियों को उनके जीवन में अधिकारों से पहले कर्तव्यों को समझने हेतु प्रेरित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य के की कामना की। संचालन सुनील कुमार ने किया।

इस अवसर पर नीलेश यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिलारी, प्रधानाचार्य शशिकांत वर्मा, मेघा शर्मा, वरश्री गंगवार, धर्मपाल सिंह, हितेच्छु चंद्रा समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## चोरी के दोषी को एक वर्ष का कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचारः** अदालत ने चोरी के एक आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि एक वर्ष 8 दिवस के कारावास व 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। इस मामले में थाना चन्दौसी पुलिस ने वर्ष 2022 में तौफीक उर्फ बिच्छु पुत्र कल्लू निवासी मोहल्ला कुरैशियान चन्दौसी के खिलाफ चोरी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। चोरी का सामान भी बरामद किया था। पुलिस ने साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा एसीजेएम जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से एपीओ संतोष यादव ने दलीलें पेश कीं। शनिवार को मुकदमें पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने तौफीक उर्फ बिच्छू को दोषी करार देते हुए एक वर्ष 8 दिवस के कारावास व 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# भाकियू असली ने उठाए बिजली आपूर्ति, छुट्टा पशुओं समेत कई मुद्दे

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई


भाकियू असली की पंचायत में बोलते जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव।

- गोष्ठी में कई किसानों को पद देकर संगठन में किया शामिल
- चकबंदी एवं राजस्व विभाग किसानों को कर रहा परेशान

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली की गोष्ठी में राजस्व, चकबंदी और बिजली विभाग की समस्याएं उठाई गईं। साथ ही, किसानों के लिए एमएसपी की मांग की गई।

जुनावई में हुई गोष्ठी में भाकियू जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि किसानों को एमएसपी मिलना चाहिए। जर्जर बिजली लाइन एवं ट्रांसफार्मर फुंकने से भरपूर मात्रा में बिजली नहीं मिल रही है। छुट्टा गोवंश पशुओं को गोशालाओं में संरक्षित न किए जाने से किसान परेशान हैं।

बीडीओ प्रत्येक गांव में सचिव और प्रधान के जरिये छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित नहीं करा रहे। चकबंदी एवं राजस्व विभाग द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसान कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने किसानों की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला भी उठाया। कहा कि समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी। गोष्ठी में पप्पू यादव, धर्मेश यादव, हरिओम यादव, विशंभर सिंह उर्फ पिंकी, केदार सिंह यादव, ओमपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, भीमसेन यादव, सुमनेश कुमार, प्रमोद कुमार, राजवीर सिंह आदि को पद देकर संगठन में शामिल किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रधान जोगिंदर सिंह ने तथा संचालन जाकिर हुसैन ने किया।

## एक नजर

### नहाते समय स्वीमिंग पूल में डूबकर युवक की जान गई

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गवां में स्थित स्वीमिंग पूल में नहाते वक्त डूबकर युवक की मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी हरपाल पुत्र थान सिंह शनिवार को कस्बा गवां में स्थित एक स्वीमिंग पुल में नहाने के लिए पहुंच गया। हालांकि स्वीमिंग पुल बंद था, फिर भी हरपाल स्वीमिंग पूल में नहाने लगा। करीब दो फिट पानी में ही नहाते वक्त डूबकर हरपाल की मौत हो गई। कुछ समय बाद हरपाल के परिजन तलाश करते हुए स्वीमिंग पूल पर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। हरपाल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

### माइलस्टोन से टकराकर पलटी कार

**संभल, अमृत विचार :** संभल निवासी ऋषभ शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे दिल्ली से कार में सवार होकर घर आ रहा था। ऋषभ कार लेकर जैसे ही नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव कुरकावली के पास पहुंचा। नींद की झपकी लगने से ऋषभ का कार से नियंत्रण हट गया और कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में जाकर कार सड़क किनारे लगे माइल स्टोन को टक्कर मारती हुई चार पांच बार पलटती हुई पेड़ से टकराकर रुकी। हादसे के बाद कार के एयरबैग खुल गए और ऋषभ हादसे का शिकार होने से बच गया।

### जमीन पर कब्जे के विरोध में मारपीट, दो घायल

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव आर्थल निवासी श्यौदान की पत्नी कलावती ने का आरोप है कि गांव के ही दो व्यक्ति शनिवार की सुबह सात बजे अपने बहनोई के साथ मिलकर विवादित जमीन पर कब्जा करने लगे। विरोध किया तो दोनों व्यक्तियों गाली गलौज करते हुए कलावती के साथ मारपीट करने लगे। कलावती को बचाने अन्य परिजन पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। जिससे करनसिंह की पत्नी नेकसी व कलावती की बेटी रजनी घायल हो गई।



रोडवेज बस अड्डे के निकट सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

### बारिश में गिरीं तीन मकानों की दीवारें व गेट

**ऐंचोड़ा कंबोह/मनोटा, अमृत विचार :** शनिवार को हुई बारिश के दौरान मकान का गेट, दीवार के अलावा दो अन्य मकानों की दीवारें गिर गईं। विकास खंड संभल की ग्राम पंचायत चितावली निवासी महीपाल सिंह शनिवार को सुबह परिजनों के साथ मकान में बैठा था। जैसे ही बारिश शुरू हुई तो मकान का गेट और दीवार भरभरा कर गिर गई। वहीं चितावली की कैलाशो पत्नी प्रकाश के मकान की दीवार भी गिर गई। नेतराम के मकान की दीवार गिरने का मामला सामने आया। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति मलबे की चपेट में नहीं आया।



गांव बनियाखेड़ा में तालाब उफनाने पर बस्ती में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

# बरसात से कई इलाकों में जलभराव से दुश्वारियां

## जिले में शनिवार को हुई झमाझम बारिश से मिली राहत, लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिले में शनिवार को भी झमाझम बरसात होने से राहत तो मिली लेकिन जलभराव के कारण लोग दिक्कतों से भी जूझे। कई मुहल्लों, मुख्य मार्गों और सरकारी कार्यालयों के परिसर जलमग्न हो गए। लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। बारिश से किसानों में खुशी का माहौल बना तो बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। जलभराव से परेशान हौज भदेसराय के लोगों ने प्रदर्शन किया।

शनिवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया। लोगों ने कामकाज वाले स्थानों का रुख किया तो बारिश शुरू हो गई। शहर से देहात तक झमाझम बारिश होने पर गांवों और शहरी क्षेत्र में जलभराव हो गया। शहर में शंकर कॉलेज चौराहा से बरेली सराय मार्ग, जिला अस्पताल मार्ग, जिला अस्पताल परिसर, रोडवेज बस अड्डा परिसर, यशोदा चौराहा के पास मार्केट, एडीएम कार्यालय परिसर, नई तहसील कार्यालय परिसर, हल्लू सराय, बरेली सराय, बेगम सराय, बरेली सराय, हातिम सराय, तुर्तीपुर इल्हा, हयातनगर में शाहजीपुरा मार्ग, उम्मेदराय इंटर कॉलेज के पीछे, सरायतरीन के कई मुहल्लों में जलभराव हो गया। कई क्षेत्र तो ऐसे रहे जिनके घरों में भी बारिश का पानी घुस गया। जिस कारण लोगों को दुश्वारियों से जूझना पड़ा।

नगर पालिका परिषद के नालों की तलीझाड़ सफाई के दावे की भी पोल खुल गई। बारिश रुकने पर भी मौसम सुहाना होने के कारण राहत महसूस होती रही। बारिश के दौरान बिजली व्यवस्था भी लड़खड़ा गई। घंटों बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। किसानों का कहना है कि बारिश से धान की फसल को फायदा होगा।





जिला अस्पताल में जलभराव से निकलते मरीज व तीमारदार। ● अमृत विचार

### तीन दिन में हुई रिकॉर्ड 350 मिमी से अधिक बारिश

**संभल, अमृत विचार :** मई और जून की शुरूआत में लोग भीषण गर्मी से त्रस्त रहे अब बरसात शुरू हुई तो रिकार्ड बारिश का आंकड़ा सामने आया है। संभल में ही 350 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है। लोग राहत महसूस कर रहे हैं तो किसान फसलों की सिंचाई को लेकर खुश हैं। जून महीने में तो पारा इतना चढ़ा कि लोग बेहाल हो गए। न दिन में राहत मिली और न ही रात में चैन। पंखे और कूलर भी फेल हो गए। वहीं किसानों को फसलों की सिंचाई नहीं होने को लेकर चिंता सताती रही, लेकिन अब ऐसी बारिश हुई कि हर तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। संभल तहसील के आंकड़ों पर गौर किया जाए तो 27 जून को रिकॉर्ड 219 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि 28 जून को 48 मिलीमीटर बारिश का आंकड़ा सामने आया है। 29 जून यानी शनिवार को भी करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। तहसीलदार रवि सोनकर ने बताया कि तीन दिनों में अच्छी बारिश हुई है। करीब 350 मिलीमीटर के अधिक बारिश होने का अनुमान है। कई क्षेत्रों में किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी है तो धान की पौध तैयार करने का काम भी शुरू हो गया है।



बारिश के बाद धान की रोपाई करता किसान का परिवार। ● अमृत विचार

### बारिश से मौसम हुआ सुहाना, उमस से मिली राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शनिवार की सुबह हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। दिन भर आसमान में बदरा छाए रहे और हवा चलती रही। जिससे जनमानस ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की। शनिवार की सुबह आसमान में घने बादल छाए हुए थे। ठंडी हवा चल रही थी। जिससे उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की गई। सुबह नौ बजे के बाद बूंदाबांदी के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर 12 बजे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। हालांकि सड़कों पर जलभराव नहीं हुआ। वहीं गली मोहल्लों में बारिश में भीग कर बच्चे अठखेलियां करते दिखे। उधर बारिश थमने पर खेतों में पानी भरने से किसानों के चेहरे खिल उठे। जिससे किसान परिवार के साथ खेत पर पहुंचे और धान की रोपाई में जुट गए।

### जलभराव से घरों में कैद होकर रह गए लोग

**संभल अमृत विचार :** हातिम सराय के पास स्थित मुहल्ला हौज भदेसराय में तीन दिनों से जलभराव है। शनिवार को झमाझम बारिश से दिक्कतें और बढ़ गईं। गुस्साये लोगों ने नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया। सलीम आदि का कहना रहा कि कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन पानी निकासी नहीं कराई गई। तीन दिनों से लोग परेशान हैं, जलभराव की वजह से रास्ते से निकला भी नहीं जा रहा है। घरों में कैद होकर रहना पड़ रहा है। लोगों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से पानी निकासी कराकर राहत देने की मांग उठाई।

# तालाब का पानी उफन कर बस्ती में भरा

कार्यालय संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी

- **बनियाखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र में 150 घर प्रभावित, ग्रामीण आने जाने को रबर ट्यूब का ले रहे सहारा**
- **तालाब पर अवैध कब्जे के कारण छह साल से चली आ रही समस्या**

**अमृत विचार:** विकास खण्ड बनियाखेड़ा में तालाब पर अवैध कब्जे के कारण तालाब का पानी उफन कर बस्ती समेत खेतों में पहुंच गया है। जिससे करीब 150 घर प्रभावित हैं। ग्रामीणों को घर से बाहर जाने के लिए रास्ता भी नहीं मिल रहा है। रबर ट्यूब का सहारा लेकर ग्रामीण गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं।

गांव बनियाखेड़ा में एक ओर तालाब बना हुआ है। जिससे करीब 150 घरों का गंदा पानी तालाब में जा रहा है। कुछ वर्ष पहले गांव के कुछ दबंग लोगों ने तालाब पर अवैध कब्जा कर लिया। जिससे गंदे पानी का निकास बाधित हो गया है। आलम ये कि गांव के एक क्षेत्र में घरों से आ रहा गंदा पानी जमा हो गया था। पहले ही यहां के करीब 150 घर प्रभावित हो गए थे। बारिश का मौसम शुरु हो गया। जिससे तालाब भी उफनने लगा है। घरों से आ रहे गंदे पानी के साथ तालाब का पानी सड़कों व खाली भूखंडों और खेतों में भर गया है। यहां के लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीण बच्चों को घर से अकेले भेजने से कतरा रहे हैं। छह साल से चली आ रही इस समस्या से मकानों की नींव में पानी भर गया है। जिससे मकानों में सीलन आ गई है। जिससे ग्रामीण भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान से लेकर तहसील अधिकारियों समेत जिलाधिकारी से शिकायत की गई लेकिन आश्वासन ही मिला। समस्या का समाधान नहीं हो सका।



गांव के तालाब पर कुछ दबंग लोगों ने अतिक्रमण कर अवैध रुप से कब्जा कर लिया है। जिससे घरों से आ रहे गंदे पानी का निकास बाधित है। खाली भूखंडों व खेतों में भी पानी पहुंच गया है। **-सुरेंद्र कुमार**



गांव में तालाब पर अवैध कब्जे के कारण जलभराव की समस्या पिछले छह वर्ष से बनी हुई है। इस संदर्भ में तहसील से लेकर जनपद के अधिकारियों तक शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। **-शेर सिंह**



बारिश का मौसम शुरू हो गया है। 150 घर घरों से आ रहे गंदे पानी व तालाब के पानी से घिरे हुए हैं। घरों से आ रहा गंदा पानी खेतों में भर गया है। समस्या से निजात दिलाई जाए। **-रामवीर**



गंदे पानी की निकासी न होने से संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। घर के बाहर जमा पानी से बदबू उठती है। घर के आंगन में बैठना मुश्किल हो गया है। **-शकुंतला देवी**

# दानवीर भामाशाह सभी व्यापारियों के आदर्श : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर के एएम वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को राज्य कर एवं संस्कृति विभाग की ओर से दानवीर भामाशाह का जन्मदिवस व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। संस्कृति विभाग के कलाकारों ने दानवीर भामाशाह के जीवन पर आधारित एक नाटिका प्रस्तुत कर मनमोह लिया। इस दौरान व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। उपायुक्त जीएसटी लल्लन प्रसाद यादव ने बुके भेंट कर जिलाधिकारी का स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी ज्ञान सिंह को पुष्पगुच्छ देकर जिला सूचना अधिकारी/नोडल अधिकारी संस्कृति विभाग बृजेश कुमार ने स्वागत किया। इसके बाद ममता राजपूत की टीम समेत संस्कृति विभाग के कलाकारों ने स्वागत गान, नामित लोक गायन व देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए। उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप ने महाराणा प्रताप एवं दानवीर भामाशाह के जीवन पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। जिसमें माही गुप्ता, तनीषा राजपूत, मिस्टी राजपूत, सृष्टि वर्मा, पीहू वर्मा, संजना यादव, गुंजन यादव आदि कलाकारों ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात हिंदुस्तान मिंट से फूल प्रकाश वार्ष्णेय समेत अरविंद कुमार गुप्ता एवं गौरी शंकर चौधरी आदि व्यापारियों ने भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डाला। डीएम ने भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने पर मुख्यमंत्री एवं संस्कृति विभाग की सराहना की। कहा कि भामाशाह सभी व्यापारियों के आदर्श हैं। धन का सदुपयोग कैसे और किसके लिए किया जाए उसके साक्षात ऐतिहासिक दृष्टांत युग पुरुष दानवीर भामाशाह हैं। डीएम ने स्कूल परिसर में लगीं विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टालों का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी एवं व्यापार कर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा समस्त व्यापारी उपस्थित रहे।

- **व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया भामाशाह का जन्मदिवस**
- **कार्यक्रम में व्यापारियों को किया सम्मानित**





एएम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डीएम को सम्मानित करते व्यापारी।





कार्यक्रम में दानवीर भामाशाह नाटक प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित व्यापारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने राज्य कर विभाग की ओर से व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार 2024 एवं प्रशस्ति पत्र देकर फूल प्रकाश, संजय गुप्ता, अरविंद गुप्ता, प्रभात कृष्णा, प्रेम ग्रोवर, सुबोध कुमार, मेहंदी हसन, सरफराज आदि को सम्मानित किया। व्यापारी प्रदीप कुमार कॉन्ट्रेक्टर एवं नेशनल क्राफ्ट्स को जनपद में वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक टैक्स देने पर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत व्यापारियों ने जिलाधिकारी को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया।

### पर्यावरण सुरक्षा को 10 दिन चलेगा पौधरोपण अभियान

**संभल अमृत विचार :** जीएनआरएफ की ओर से नगर पालिका परिषद में पौधरोपण अभियान को लेकर कार्यक्रम हुआ। जिसमें संस्था के रीजनल मैनेजर अब्दुल वाहिद अत्तारी ने कहा कि एक से 10 जुलाई तक पौधरोपण अभियान चलेगा।

उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में पौधे लगाने की आवश्यकता है। इसलिए अभियान में शामिल होकर पर्यावरण को सुरक्षित किया जाए। पर्यावरण हरा-भरा बनना जरूरी है। यह अभियान पौधरोपण के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने में भी मदद करेगा। इस दौरान चेयरमैन पति चौधरी मुशीर खां, अब्दुल वाहिद अत्तारी, शब्बीर अत्तारी, अब्दुल मोबीन अत्तारी, शरीक अत्तारी, हाजी यूसुफ वारसी, हाजी वसीम अत्तारी, अब्बास अत्तारी, फैजान अत्तारी, हिलाल अत्तारी, फरदीन अत्तारी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव 12 जुलाई को

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी के सत्र 2024-25 के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। 12 जुलाई को चुनाव होगा और एक जुलाई से चार जुलाई तक सदस्यता कार्य चलेगा। चुनाव अधिकारी ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनाव अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए एक जुलाई से चार जुलाई तक सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक सदस्यता का कार्य चलेगा। सदस्यता बनने के लिए 100 रुपये शुल्क के साथ एक फोटो फार्म पर व सदस्य का सीओपी प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पांच जुलाई को वोट लिस्ट प्रकाशन किया जाएगा। छह जुलाई को सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन पत्र वितरण व दाखिल किए जाएंगे। आठ जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच, आपत्ति व नाम वापसी की जाएगी। 12 जुलाई को बार सभागार में सुबह 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक मतदान होगा। मतदान के उपरांत ही मतगणना एवं परिणाम घोषित किया जाएगा। अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के एक-एक पद और कनिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पद, संयुक्त सचिव के तीन पद, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पद व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों के लिए चुनाव होगा।



क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति के सदस्य।

### क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की वीरगाथा को किया याद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने शनिवार को संयुक्त रुप से महान स्वतंत्रता सेनानी, शहीद क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की जयंती एक निजी नर्सिंग होम में समारोह पूर्वक मनाई। क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनकी वीरगाथा पर विस्तार से प्रकार डाला। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, महान देशभक्त थे। क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी का जन्म 29 जून 1901 को बंगाल (आज बांग्लादेश में है) के पबना जिले के मड़यां (मोहनपुर) गांव में हुआ था। नौ अगस्त 1925 को काकोरी स्टेशन पर ट्रेन से सभी क्रांतिकारियों ने खजाना लूटा और फरार हो गए। इस काण्ड में क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी ने बढ़ चढ़ कर भूमिका निभाई। 17 दिसंबर 1927 को उत्तर प्रदेश की गोण्डा जेल में फांसी दे दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने व संचालन डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह, विकास यादव, अवधेश कुमार, सीता कश्यप, रवि, रोहित चौधरी, बब्लू, सरोज यादव, रिचा आदि ने विचार व्यक्त किए।

### डेढ़ सौ मरीजों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की

**बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार :** विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव भुलाबई स्थित शिव मंदिर परिसर में शनिवार को बजरंग दल की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सुबह दस बजे आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने करीब 150 मरीजों का शुगर और ब्लड प्रेशर चेक किया तथा अन्य बीमारियों का भी परीक्षण किया। साथ ही निशुल्क दवाई भी वितरित की गई। इसके अलावा बारिश के मौसम में होने वाले संचारी रोगों से बचाव के उपाय भी सुझाए। इस कैंप में जिला सह संयोजक शशांक वार्ष्णेय, विकास भारद्वाज, निहाल सिंह, विकास, सचिन, प्रिंस, अनेक पाल, अरुण, विजय, बॉबी, डोरीलाल आदि पदाधिकारियों व सदस्यों का सहयोग रहा।



रोजगार मेले में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेते कंपनी के प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# रोजगार मेले में 10 अभ्यर्थी चयनित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** जिला सेवायोजन कार्यालय संभल की ओर से शनिवार को बदायूं रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर के नेतृत्व में रोजगार मेला संपन्न हुआ।

रोजगार मेले से पूर्व उपस्थित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कराई गई। करियर काउंसलिंग के माध्यम से उपस्थित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की संचालित रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी दी गई एवं पंजीकरण भी कराए गए। निजी कंपनियों में रोजगार पाने के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की ग्रोफास्ट ऑर्गेनिक डायमंड प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ के कंपनी अधिकारी अतुल राय ने प्रतिभाग किया। जिसमें सेल्स एक्जीक्यूटिव पद के लिए 47 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार उपरांत 10 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले को संपन्न कराने के लिए मेला प्रभारी गौरव पूठिया व प्रदीप कुमार सेवायोजन विभाग से उपस्थित रहे।

### इंटर की टॉपटेन सूची में नाम लेकिन मेधावी को नहीं मिला सम्मान

**संभल/मनोटा अमृत विचार :** असमोली ब्लॉक के गांव अखबंदपुर निवासी पवित्र कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। कहा है कि वह लिटिल फ्लॉवर्स एकेडमी इंटर कॉलेज भवालपुर का कक्षा 12 का छात्र था।

इंटरमीडिएट की परीक्षा में उसका जिले की टॉपटेन सूची में 10वां स्थान रहा, फिर भी बहजोई में हुए सम्मान समारोह में उसे आमंत्रित नहीं किया गया। जिससे उसे ठेस पहुंची है। कहा कि शासन ने प्रत्येक जिले के टॉपटेन छात्रों को एक-एक लाख रुपये, लैपटॉप, प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है। पवित्र कुमार ने कहा कि टॉप टेन सूची के अनुसार मेधावियों को सम्मानित किया जाए। उसने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं किया सम्मानित

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया व जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने प्रशस्ति पत्र व मोबाइल देकर सम्मानित किया। अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपना व देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए भविष्य में आगे की शिक्षा को लेकर बात की। छात्र-छात्राओं ने भी बेबाकी से अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। डीएम ने छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया। वहीं सफलता को लेकर उन्हें टिप्स भी दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए ही यह योजना चल रही है। इस इस दौरान ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर सुगंधा सिंह, एडीएम प्रदीप वर्मा,चेयरमैन राजेश शंकर राजू, बीएसए चंद्रशेखर, डीआईओएस बेदराम आदि मौजूद रहे।



मेधावियों को सम्मानित करते डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव। ● अमृत विचार

- **जिलाधिकारी बोले-विद्यार्थी अपना भविष्य बनाकर देश का नाम रोशन करें**

# वातावरण में तनाव और पृथ्वी का बढ़ता ताप


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्ष्मा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं।

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है।

वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए।

वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रंथ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे।

ऋग्वेद में औषधि विज्ञान संबंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता हैं। आकाश पिता हैं। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, "औषधियों के पिता आकाश हैं।" यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं।

रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्ष्मा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, "गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं।" प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र (8.7.17) में कहते हैं, "अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे हृदय को सुख शांति देती हैं। कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं।

वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, "ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं।" वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, "तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठण्ड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है।" यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, "ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्षमा इसका भतीजा है।" बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है।

एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकर्ताओं के पास कोई रोग नहीं आते। एक मंत्र में पील व जटामांसी को महत्वपूर्ण औषधि बताया गया है। औषधियां प्राणरक्षक हैं। प्राण से ही औषधियां लहराती हैं। मेघों का वर्षा करना प्राण का चमत्कार है। एक सुन्दर सूक्त में कहते हैं कि प्राण औषधियों के समक्ष गर्जन करते हैं। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, "तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।" एक वनस्पति पीपली है। अथर्वा के रचे सूक्त में पीपली स्वयं ही बोलती है, "जिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा वह कभी नष्ट नहीं होगा।" वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। वनस्पतियां औषधियां वैदिक काल के पहले से ही प्रणम्य हैं। अथर्ववेद के एक सुन्दर सूक्त (1.34) में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, "मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं-मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि।" कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" आगे कहते हैं, "हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं-मधुरस्मि माधुतरो मदुधान्ममधुत्तमत्तरः।" वैदिक ऋषि कवि अस्तित्व को नमस्कार करते हैं। यजुर्वेद (36.17) के शान्ति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। जल शांत हों।" फिर कहते हैं, "औषधियां शांत हों। वनस्पतियां शांत हों। सभी शक्तियां शांत हों। शान्ति भी हमें शान्ति दें।"

# आधुनिक युग का सबसे बड़ा मिथक

विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने, उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्रायः ही यह समझ लिया जाता है कि मिथक अतीत जीवन का तत्व है। यह बात सच तो है, किंतु अधूरी है। असल में मिथक अवचेतन की प्रवृत्ति है, जो आज भी जीवित है। मिथक की शक्ति है-सामूहिक-मन की मान्यता। भावुकता, नैतिक भावना और विश्वास पर आधृत मिथक मनुष्य के मानस पर शासन करते हैं, आज भी कर रहे हैं, जैसे विचारधारा है, वैज्ञानिकता है और तथाकथित सिद्धांत हैं। इनकी वास्तविकता क्या है?

डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने सवाल किया था- "क्या है यह स्वतंत्रता? क्या इसकी परिभाषा की जा सकी है? क्या यह सच नहीं है कि एक प्रकार के बंधन समाप्त होने पर नए प्रकार के बंधन पैदा हो जाते है?" प्रत्येक देश ने स्वतंत्रता के प्रतीक स्वरूप प्रतिमाएं स्टेचू ऑफ लिबर्टी खड़ी की हैं, जिन्हें हम अभिवादन करने तीर्थ यात्रा के रूप में जाते हैं। अमेरिका में वाशिंगटन में राष्ट्रीय कब्रिस्तान पुराने यूनानी ओलिम्पस का दृश्य उपस्थित करता है। समाधियां और स्मारक बनाए जाते हैं। करोड़ों का धन लगाकर इन पर फूल मालाएं चढ़ाई जाती हैं। हमने पुराना स्वर्ग खो दिया, किंतु नए स्वर्ग की तलाश कर रहे हैं। वे सवाल करते हैं कि "क्या राष्ट्रीयता एक मिथक नहीं है, जो हमारे मन में इतना गहरा समा गया है? वीर बनाने की प्रवृत्ति आज भी जीवित है। जिसे हम चालू मिथक और पुराण, वर्तमान पौराणिक कथाएं और वर्तमान किंवदंतियां कहते हैं।"

भारत माता क्या है? भारत माता किसी नारी विशेष का नाम तो नहीं है। भारत माता मिथकीय अवधारणा ही तो है, लेकिन आजादी के आंदोलन के जमाने में यह क्रांति का उद्‍घोष था, कोड़े लगाए जाते थे। विकास के सिद्धांत को कौन नकार सकता है? लेकिन यह मिथक नहीं तो क्या है कि बंदर था, उससे आदमी बन गया? उस थ्योरी में एक मिसिंग लिंक भी डाल दिया।

विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने, उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं। प्रोमेथियस मिथक, अथवा प्रमंथ की कथा। आदिम मानव ने अरणि-मंथन से आग को प्राप्त किया था, जिस मनुष्य ने आग का आविष्कार किया था, जिस मनुष्य ने कुआं खोदकर जल निकाला था, जिस मनुष्य ने चाक और बर्तन बनाए थे, जिस मनुष्य ने कपास से वस्त्र बुना था, जिस मनुष्य ने पहिया बनाकर जीवन को गति दी थी, जिस मनुष्य ने नदी की धारा मोड़कर नई सभ्यता को जन्म दिया था, जिस मनुष्य ने ग्रह-नक्षत्रों की गति का आकलन किया, जिस मनुष्य ने खेती का आविष्कार किया था, जिस मनुष्य ने भाषा का आविष्कार किया था, जिस मनुष्य ने लिपि का विकास किया था, जिस मनुष्य ने ग्रंथ बनाया था, जिस मनुष्य ने आदिकाव्य की रचना की थी, यदि उस मनुष्य की उपलब्धियां न होती तो आज टेक्नोलॉजी के जिस स्तर पर मनुष्य पहुंच सका है, उस पर पहुंच पाता? उसी आदमी द्वारा बनाई गई सीढ़ियों पर चढ़कर आज का आदमी इतरा कर कहता है कि "वह आदमी कम-दिमाग था, पिछड़ा था"। आज का आदमी समझता है कि "वह आदिम मानव की अपेक्षा अधिक समझ, सूझ-बूझ, सृजन-प्रतिभा से संपन्न है।" क्या यह आज का सबसे बड़ा मिथक नहीं है?

# भारतीय शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान शिक्षा


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी।

भारतीय शिक्षा का बीजारोपण सुदूर अतीत में आज से लगभग चार हजार साल पहले हुआ था, परंतु उसके समृद्ध स्वरूप के दर्शन वैदिक काल के आरंभ में होते हैं। वैदिक काल मनु से लेकर महाभारत काल तक माना जाता है और वैदिक कालीन शिक्षण व्यवस्था विश्व की सर्वोत्तम शिक्षक व्यवस्था मानी जाती है। इस काल में शिक्षा पर ब्राह्मणों का अधिकार था। अतः कुछ विद्वानों ने उस दौर की शिक्षा को ब्राह्मण कालीन शिक्षा भी कहा है। तब शिक्षा आश्रम व्यवस्था पर आधारित थी।

छात्र आश्रम में गुरु के परिवार का सदस्य बनकर रहता था। शिक्षा निःशुल्क थी, परंतु गुरु सेवा शिष्य का परम कर्तव्य था। प्राचीन भारत के मनीषी इस तथ्य से भलीभांति परिचित थे कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, समाज की चतुर्मुखी उन्नति और सभ्यता के बहुमुखी प्रगति की आधारशिला है। वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी। उस समय का समाज आश्रमों के प्रति सजग था और गुरु की स्वीकृति पर वह आश्रम को सहायता दे सकता था। शिक्षा में स्वाध्याय, संयम, त्याग और स्वतंत्र चिंतन को प्रमुख स्थान प्राप्त था। गुरु-शिष्य संबंध बड़े मधुर और पिता पुत्र के समान थे। गुरु निर्देशन करता था और शिष्य उसका अनुकरण करके ज्ञान भाव व कर्म में साम्य लाता था। उस युग में विद्वानों का मत था कि शिक्षा का प्रकाश व्यक्ति के सब संशयों का उन्मूलन तथा उनकी सब बाधाओं को दूर करता है। दूसरे शब्दों में शिक्षा को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पथ प्रदर्शित करने वाला प्रकाश माना जाता था। प्राचीन भारत में जिस शिक्षा प्रणाली को प्रतिपादित किया गया था, वह अनेक सदियों तक चंद परिवर्तनों के साथ चलती रही। यह इस बात का प्रमाण है कि इस शिक्षा प्रणाली में अनेक महत्वपूर्ण तत्व विद्यमान थे। इन तत्वों ने अनेक महान विचारकों तथा सत्य के अन्वेषकों को जन्म दिया, जिनका बौद्धिक योगदान सराहनीय है, लेकिन धीरे-धीरे प्राचीन शिक्षा प्रणाली में दोष भी दिखलाई देने लगे। इस शिक्षा का प्रमुख दोष उसका पूरी तरह से पारलौकिक जगत पर आधारित होना था। बौद्ध काल में शिक्षा वेदों और प्रचलित जाति व्यवस्था के खिलाफ थी। बौद्ध दर्शन के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना था। महात्मा बुद्ध निर्वाण प्राप्ति के लिए ज्ञान को सर्वोत्तम साधन मानते थे। बौद्धों ने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के लिए अलग-अलग प्रणाली को अपनाया। माध्यमिक शिक्षा के लिए चरण नमक शिक्षण संस्थाएं चलाई, तो उच्च शिक्षा के लिए मठों की स्थापना की। मठों में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प तथा व्यावसायिक शिक्षा का भी समुचित प्रबंध था। गौरतलब है कि नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय उस काल की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थाएं थीं। मौर्य काल में बौद्ध कालीन शिक्षा की बहुत उन्नति हुई। कौटिल्य स्वयं तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षक थे। मौर्य काल में शिक्षा में बहुत परिवर्तन देखने को मिले। उस समय शको, कुषाणों, पल्लवों और यवनों ने भारत पर आक्रमण किया। उन्होंने कुछ हद तक भारतीय शिक्षा को प्रभावित भी किया। आठवीं सदी के प्रारंभ में इस्लामी शासक आक्रमणकारी के तौर पर भारत आए। भारत में लगभग साढ़े पांच सौ सालो तक मुसलमानों का शासन रहा। उन्होंने प्रचलित शिक्षा प्रणाली को हटाकर नई शिक्षा प्रणाली की शुरुआत की जिसे मध्यकालीन मुस्लिम शिक्षा प्रणाली कहा जाता है। मुस्लिम शासकों ने धार्मिक शिक्षा देने के लिए मजहब स्थापित किया और उच्च शिक्षा के लिए मदरसे। इनमें इस्लामिक धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जाती थी।

मुस्लिम शासन के पश्चात भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन प्रारंभ हो गया। भारत में लॉर्ड मैकाले को अंग्रेजी शिक्षा का जन्मदाता माना जाता है। दरअसल अंग्रेजों को कार्यालयों में कार्य करने के लिए भारतीयों की आवश्यकता थी। मैकाले द्वारा भारत में शिक्षा को मात्र बाबू बनाने और शासकीय कार्यों में सहायक प्रकिया के रूप में प्रतिपादित किया गया। अंग्रेजों ने भारतीय भाषाओं को महत्व नहीं दिया। यह अलग बात है कि शासकीय भाषा अंग्रेजी होने तथा विज्ञान की शिक्षा के आकर्षण से भारतीय लोगों में इस शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ने लगी। प्राचीन भारतीय परंपरा की शिक्षा को उतना प्रोत्साहन नहीं मिला जितना पाश्चात्य संस्कृति के विद्यालयों को मिला। हालांकि इसके बावजूद देश के कुछ महापुरुषों ने प्राचीन भारतीय परंपरा के गुरुकुलों, महाविद्यालय और पाठशालाओं को चलाने का सफल प्रयास किया।

आजादी के बाद समय-समय पर देश में शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिले। यह माना गया कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य बालक के व्यक्तित्व का सर्वाधिक विकास करना है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा के गुण-दोष को ध्यान में रखकर बाल उपयोगी शिक्षा की आवश्यकता महसूस की जाने लगी। केंद्र सरकार ने शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए समय-समय पर कई आयोग और समितियां गठित की। एनसीईआरटी ने समय-समय पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तय कर सरकार को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए ताकि सभी को समान रूप से शिक्षा उपलब्ध हो सके। अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया।

एनसीईआरटी ने 2005 में शिक्षा को बाल केंद्रित बनाने, रटंतु प्रणाली को समाप्त करने, परीक्षा में सुधार करने तथा जाति, धर्म, जेंडर आदि आधारों पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने की बात कही। देश में 6 से 14 वर्ष तक के हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया। यानी शिक्षा का अधिकार अब एक मौलिक अधिकार बन चुका है। इस कानून में सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है, जिससे ज्ञान कौशल और मूल्यों से परिपूर्ण कर उन्हें भारत का प्रबुद्ध नागरिक बनाया जा सके।

# सोशल मीडिया पर दिखने का सुरूर


अंजलि ओझा
शिक्षिका, प्रतापगढ़

सोशल मीडिया पर ज्यादा दिखने और ज्यादा दिखाने का जो सुरूर है, वह भविष्य में खतरनाक साबित होने वाला है। हाल फिलहाल कुछ सुसाइडल केस ऐसे आएं हैं, जिनमें लोगों की ट्रोलिंग के कारण जाने गईं हैं। पहले लोग ब्लॉग्स लिखा करते थे फिर ट्रेंड में आए ऐसे ब्लॉग्स जिसमें लोग चलचित्रों के माध्यम अपनी दैनिक दिनचर्या शेयर करते हैं।

पब्लिक सिटी और कमाई बढ़ाने के लिए लोग अपना बेडरूम तक शेयर करने से नहीं हिचक रहे। एक व्यक्ति से शुरू हुआ ब्लॉगिंग सिस्टम पूरे रिश्तेदारों नातेदारों तक हावी हो चुका है। लोग हगने-मूतने तक को ऑन कैमरा कर रहे हैं। परिवार की हर बात ऑन कैमरा शो की जा रही है, जिन प्रपंचों से बचने के लिए लोगों ने मोबाइल हाथ में लिया, पास-पड़ोस बैठना-उठना बंद किया, फेसबुक यूट्यूब ब्लॉग्स में वही घर के प्रपंच लड़ाई-झगड़े, साजिशें दिखाई जाती हैं। पचास-पचास साल के लोग हीरो-हीरोइन बने घूम रहे हैं, रोमांस कर रहे हैं। पहले कहा जाता था कि व्यक्ति को तीन चीजें धन, भोजन और स्त्री छिपाकर रखनी चाहिए, लेकिन आज लोग इन्हीं तीनों का भरपूर प्रदर्शन कर रहे हैं और धन कमा रहे हैं। पहले जिन चीजों को घर की मान मर्यादा से जोड़कर देखा जाता था। बदलते वक्त के साथ वो सब बेमानी हो चुके हैं। अब लोगों को अपनी बहू-बेटियों की देह दिखाने से भी परहेज नहीं है, न महिलाएं को कोई लाज शर्म रह गई है।

इन सबका निगेटिव असर घर परिवार समाज को तोड़ रहा है, निजता नष्ट कर रहा है, परिवार के लिए तमाम संकट तैयार कर रहा है, भावनाओं की आहत कर रहा है, मर्यादाएं भंग कर रहा है और दिक्कत यह है कि इन्हीं ट्रेंड्स को नए नॉर्म्स के रूप में प्रतिष्ठित किया जा रहा है। मतलब हमारा समाज नंगेपन और भौंडेपन को आसानी से स्वीकार कर रहा है और उसी दिशा में भाग रहा है।

# बड़ी चीज है जिजीविषा


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संसार में हर चीज़ का अंत है। प्रतिभा अपना उत्कृष्ट देकर एक दिन चुक जाती है, किंतु मन है कि किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं होता। प्रतिभाशाली से प्रतिभाशाली लेखक एक बिंदु पर आकर खाली हो जाता है। तब वह अपने को दोहराने लगता है या अतिसाधारण, कूड़ा करकट तक लिखने लगता है। दीर्घजीवी रचनाकारों के साथ यह अक्सर होता है। भाग्यशाली हैं वे जो अपना सर्वोत्कृष्ट देकर विदा हो जाते हैं या शिखर पर पहुंचकर शांत हो जाते हैं। महान अमेरिकी लेखिका मार्गरेट मिशेल ने एक ही उपन्यास, 'गॉन विद द विंड' (1936) लिखकर लेखन से विराम ले लिया और उनकी कृति आधुनिक पूंजीवादी अमेरिका के निर्माण की गाथा के रूप में कालातीत क्लासिक बन गई।

एंतोन चेखव अपने लेखन के सर्वाधिक उर्वर दौर में, 44 वर्ष की अल्पायु में, हमसे विदा हो गए। तब तक उनकी सारी विश्वविख्यात कहानियां और नाटक प्रकाशित हो चुके थे। उनका रोमांचक यात्रा संस्मरण 'सखालिन द्वीप की यात्रा' भी। दूधनाथ सिंह की 'लौट आओ धार' सुमित्रानंदन पंत की पहले जैसी उम्दा कविताएं न लिख पाने की छटपटाहट का जीवंत खाका खींचती हैं। एक के बाद एक वक्ता द्वारा उनके चुक जाने को स्पष्टता से इंगित करने के बावजूद वे अपने कवि के अवसान को स्वीकार नहीं कर पाते। दूधनाथ सिंह ने पंत की बेचारगी का जो आत्मीय आख्यान रचा है, दिल को छू जाता है। (मुझे तो सांप्रदायिकता की शल्य चिकित्सा के तानेबाने को उकेरने का दावा करने वाले दूधनाथ सिंह के बहुचर्चित, विशालकाय किंतु प्रायोजित से लगते उपन्यास 'आखिरी कलाम' से बेहतर लगती है इलाहाबादी साहित्यकारों के संस्मरण पर उनकी यह छोटी सी पुस्तक 'लौट आओ धार'।)

सृजनात्मक प्रतिभा के चुक जाने के बावजूद रचनाकार की आत्ममुग्धता जाती नहीं। जिंदगी भर यही करता रहा, कभी ऐसा कुछ बन गया कि प्रतिष्ठित हो गया। अब वैसा नहीं बन पा रहा है तो क्या करे? आराम से घर बैठो भाई। नहीं, यह कैसे हो सकता है! होता क्या है कि वह लिखता चला जाता है। आत्ममुग्धता में अपने अतिसाधारण को भी उच्च कोटि का समझ लेता है। किसी भी सूरत में यह मानने को तैयार नहीं होता कि उसका वक्त गुजर गया-अब वह चुक गया है। जिजीविषा बड़ी चीज़ है भाई!

# अज्ञानरूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निःसृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं।

श्रीकृष्णकालीन महर्षि वेदव्यास से पूर्व कोई भी शास्त्र पुस्तक के रूप में उपलब्ध नहीं था। श्रुतज्ञान की इस परंपरा को तोड़ते हुए उन्होंने चार वेद, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, भागवत एवं गीता जैसे ग्रंथों में पूर्वसंचित भौतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञानराशि को संकलित कर अंत में स्वयं ही निर्णय दिया "गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः। या स्वंय पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता"।। (महाभारत भीष्मपर्व 43.1) अर्थात् गीता भली प्रकार मनन करके हृदय में धारण करने योग्य है, जो पद्मनाभ के श्रीमुख से निःसृत वाणी है। फिर अन्य शास्त्रों के संग्रह की क्या आवश्यकता?

मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निःसृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं। विस्मृति आ जाने पर उसी आदिशास्त्र को भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के प्रति पुनः प्रकशित किया। गीता का सारांश इस श्लोक से प्रकट होता है "एकं शास्त्रं देवकीपुत्र गीतम्। एको देवो देवकीपुत्र एव"।। (गीता माहात्म्य) अर्थात् एक ही शास्त्र है, जो देवकीपुत्र भगवान ने श्रीमुख से गायन किया, जिसका नाम है-गीता, एक ही प्राप्त करने योग्य देव हैं-देवकीनंदन भगवान श्रीकृष्ण, उस गायन में जो सत्य बताया गया है वो है-आत्मा। सिवाय आत्मा के कुछ भी शाश्वत नहीं है। यद्यपि विश्व में सर्वत्र गीता का समादर है। फिर भी यह किसी मजहब या संप्रदाय का साहित्य नहीं बन सकी, क्योंकि संप्रदाय किसी न किसी रूढ़ि से जकड़े हैं।

पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास समाप्त होने पर जब प्रतिज्ञा के अनुसार अपना आधा राज्य मांगा, तब दुर्योधन ने आधा राज्य तो क्या सुई की नोक जितनी जमीन भी बिना युद्ध के देनी स्वीकार नहीं की। अतः पांडवों ने माता कुंती की आज्ञा के अनुसार युद्ध करना स्वीकार कर लिया। निश्चित समय के अनुसार कुरुक्षेत्र में युद्ध आरंभ हुआ दस दिन तक संजय युद्ध स्थल में ही रहे। जब पितामह भीष्म बाणों के द्वारा रथ से गिरा दिए गए। तब संजय ने हस्तिनापुर में (जहां धृतराष्ट्र विराजमान थे) आकर धृतराष्ट्र को यह समाचार सुनाया। इस समाचार को सुनकर धृतराष्ट्र को बड़ा दुख हुआ और वे विलाप करने लगे। फिर उन्होंने संजय से युद्ध का सारा वृतांत सुनाने के लिए कहा। भीष्मपर्व के चौबीसवें अध्याय तक संजय ने युद्ध संबंधी बातें धृतराष्ट को सुनाईं। पच्चीसवें अध्याय के आरंभ में धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि "हे संजय धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र में एकत्र युद्ध की इच्छा वाले मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया"? अज्ञान रूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय। अज्ञान मन के अंतराल में रहता है। अज्ञान से आवृत्त मन धृतराष्ट्र जन्मांध हैं, किंतु संयमरूपी संजय के माध्यम से वह देखता है, सुनता है और समझता है कि परमात्मा ही सत्य है। फिर भी जब तक इससे उत्पन्न मोहरूपी दुर्योधन जीवित है, इसकी दृष्टि सदैव कौरवों पर रहती है या यूं कहें कि विकारों पर रहती है। शरीर एक क्षेत्र है। जब हृदय देश में दैवी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर धर्मक्षेत्र बन जाता है और जब इसमें आसुरी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर कुरुक्षेत्र बन जाता है। 'कुरु' अर्थातं 'करो'। यह शब्द आदेशात्मक है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुणों द्वारा परवश होकर मनुष्य कर्म करता है। वह क्षण मात्र भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। गुण उससे करा लेते हैं। सो जाने पर भी कर्म बंद नहीं होता। वह भी स्वस्थ शरीर की आवश्यक खुराक मात्र है। तीनों गुण मनुष्य को देवता से कीटपर्यंत शरीरों में ही बांधते हैं। जब तक प्रकृति और प्रकृति से उत्पन्न गुण जीवित हैं, तब तक 'कुरु' लगा रहेगा। अतः जन्म-मृत्यु वाला क्षेत्र, विकारों वाला क्षेत्र 'कुरुक्षेत्र' है और परधर्म परमात्मा में प्रवेश दिलाने वाली पुण्यमयी (पांडवों) प्रवृत्तियों का क्षेत्र 'धर्मक्षेत्र' है। पुरातत्वविद् पंजाब में काशी-प्रयाग के मध्य तथा अनेकानेक स्थलों पर कुरुक्षेत्र की शोध में लगे हैं। विश्वयुद्धों से इतिहास भरा पड़ा है, किंतु उनमें जीतने वालों को भी शाश्वत विजय नहीं मिलती। ये तो आपसी बदले हैं। प्रकृति का सर्वथा शमन करके प्रकृति से परे की सत्ता का दिग्दर्शन करना और उसमें प्रवेश पाना ही वास्तविक विजय है। यही एक ऐसी विजय है, जिसके पीछे हार नहीं है। यही मुक्ति है, जिसके पीछे जन्म मृत्यु का बंधन नहीं है। इस प्रकार अज्ञान से आच्छादित प्रत्येक मन संयम के द्वारा जानता है कि क्षेत्र क्षेत्रज्ञ के युद्ध में क्या हुआ? अब जैसा जिसके संयम का उठान है वैसे-वैसे उसे दृष्टि आती जाएगी।

# सामूहिक दायित्व से नीट एंड क्लीन होंगी परीक्षाएं


कमलेश कुमार मित्तल
बरेली

मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों की विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश हेतु, जो परीक्षाएं अयोजित की जाती हैं, उनमें व्याप्त भ्रष्टाचार से ही उत्पन्न होती हैं प्रवेश माफिया की गतिविधियां। इनकी रोकथाम के लिए बिल्कुल धरातल से विचार करना होगा। आज की परिस्थिति के अनुसार प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक (90-100) लाए बिना आपको किसी अच्छे राजकीय संस्थान में प्रवेश मिलना लगभग असंभव है। इसी कारण अभिभावकों का अपने बच्चे पर अनावश्यक दबाव होता है और उनके मन में धारणा बन जाती है कि इंटर की बोर्ड में चाहें जैसे अंक आए, वो 11 वीं-12 वीं की पढ़ाई छोड़कर विभिन्न कोचिंग संस्थानों के जाल में फंस जाते हैं। कुछ तो 9 वीं कक्षा से ही कोचिंग संस्थानों की तरफ मुड़ जाते हैं और यहां से शुरू होता है विद्यार्थियों का भटकाव व संस्थानों का खुला भृष्टाचार।

चूंकि उनका लक्ष्य प्रवेश परीक्षा में कामयाब होना है तो स्कूल की पढ़ाई व वहां के वातावरण को तिलांजली दे देते हैं व सिर्फ नाममात्र के लिए स्कूल में प्रवेश लेते हैं और परीक्षा देने के लिए उपस्थित होते हैं। भारतीय समाज में लोअर मिडिल और मिडिल क्लास की मजबूरी है कि अच्छे अंक प्राप्त किए बिना जीवन में और कोई विकल्प नहीं है। इतने पैसे भी नहीं कि किसी प्राइवेट स्कूल में प्रवेश ले सकें, अतः सिर्फ एक ही विकल्प रह जाता है, राजकीय संस्थान, जिसमें सीटें कम विद्यार्थी कहीं ज्यादा, इसलिए कंपटीशन होना तो स्वभाविक है ही।

कई सालों के प्रयास से भी जब सफलता नहीं मिलती है तो व्यापार ही विकल्प बचता है, परंतु व्यापार में धन एवं अनुभव की कमी उन्हें इसकी इजाजत नहीं देती। अतः निराशा और अवसाद के कारण वो अपना जीवन ही दांव पर लगा देते हैं और अनुचित कार्य (आत्महत्या) कर बैठते हैं। अगर नीट को अपने नीट एंड क्लीन परीक्षा आयोजित करानी है तो पहली और अति महत्वपूर्ण शर्त ये रखनी होगी कि विद्यार्थी को 10 वीं के एवं 12 वीं के बोर्ड की परीक्षा की थ्योरी पेपर्स में मिनिमम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। (प्रैक्टिकल के अंक जोड़े बिना) क्योंकि हम सब जानते है कि प्रैक्टिकल में अंक कैसे दिए जाते हैं। इन प्रयासों से ही कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगेगी तथा बच्चों पर अनावश्यक दबाव भी कम होगा। परीक्षा में हर वर्ष 24-25 लाख बच्चें बैठते हैं, वो संख्या भी घटकर आधी रह जाएगी। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था पर भी दबाव कम होगा। प्रवेश माफियाओं का भी बच्चों से संपर्क सूत्र टूट जाएगा। इस प्रकार नकल विहीन परीक्षा प्रणाली को स्थापित किया जा सकता है।

# प्रशासन ने सड़क पर नहीं लगने दिया बाजार

## शिकायत के बाद पुलिस प्रशासन ने उठाया कदम, साप्ताहिक बाजार से सड़क पर लगता था जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** शनिवार को लगने वाला साप्ताहिक कपड़ा बाजार सड़क के दोनों ओर स्थानीय प्रशासन ने नहीं लगने दिया। जिससे जाम की स्थिति नहीं बनी। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों व राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी राहत मिली।

बताते चले कि लंबे समय से क्षेत्रवासी कई बार स्थानीय प्रशासन से शनिवार बाजार मार्ग के किनारे से हटाने व अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पत्र लिखते रहे हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन सभी शिकायतों को लगातार नजर अंदाज करता चला रहा था। जिसके विरोध में बीते शुक्रवार को भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और धरना-प्रदर्शन कर किया। साथ ही उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा से शिकायतों का निस्तारण न होने पर सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। जिस पर एसडीएम ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए शनिवार को लगने वाले कपड़ा बाजार को सड़क के दोनों ओर न लगने देने के आदेश दिए।

अधिशासी अधिकारी ललित आर्य के निर्देशन में प्रातः चार बजे से ही नगर पालिका प्रशासन की टीम के अतिरिक्त पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा। बाहर से आने वाले दुकानदारों को सड़क के दोनों ओर खाली पड़ी भूमि पर दुकान नहीं लगाने दी और न ही ठेले लगने दिए। जिस कारण हाईवे पर स्थित तिकोनिया पार्क कदीर तिराहा, नूरी मार्केट, चलचित्र ढाल, कमलापुरी चौराहा, रामपाल द्वारा, रतुपुरा मोड तक जाम नहीं लगा। साथ ही आने जाने वाले यात्रियों और बाजार में खरीदारी करने वाले लोगों को राहत मिली।


ठाकुरद्वारा के शनिवार कपड़ा बाजार में तैनात नगर पालिका प्रशासन की टीम व पुलिस बल।


कब्रिस्तान व ईदगाह मार्ग से अवैध कब्जा हटाता बुलडोजर। ● अमृत विचार

### तहसीलदार और थाना प्रभारी निरीक्षक ने हटवाया अवैध कब्जा

**कांठ, अमृत विचार :** तहसीलदार और थाना प्रभारी ने राजस्व एवं पुलिस की टीम ले जाकर कब्रिस्तान और ईदगाह के रास्ते की पैमाइश कर अवैध कब्जा हटवाया और दोबारा कब्जा करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। ग्राम अकबरपुर चैदरी में कुछ लोगों ने कब्रिस्तान और ईदगाह पर जाने वाले सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया था। जिला पंचायत सदस्य रहीसुद्दीन ने कुछ समय पूर्व अपनी निधि से इस मार्ग पर निर्माण शुरू कराया था। मगर कुछ लोगों ने निर्माण रुकवा दिया था। इस संबंध में गांव के लोगों ने थाना समाधान दिवस में पहुंचकर प्रदर्शन किया था और सार्वजनिक रास्ते से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। शनिवार को तहसीलदार आनंद कुमार नायक, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ ग्राम अकबरपुर चैदरी पहुंचे। वहां उन्होंने रास्ते की भूमि की पैमाइश व निशानदेही कराई तथा जेसीबी से खोदाई कर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया। साथ ही कब्रिस्तान व ईदगाह पर जाने वाला रास्ता सुचारु करा दिया। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने अवैध कब्जा करने वालों को चेताया कि अगर दोबारा रास्ते पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

## एक नजर


थाना मैनाठेर का निरीक्षण करतीं एसडीएम।

### एसडीएम ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को थाना मैनाठेर का निरीक्षण करने एसडीएम मनी अरोड़ा पहुंची। जहां उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का अवलोकन किया। साथ ही शिकायत रजिस्टर को भी चेक किया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसडीएम द्वारा थाना कार्यालय मालखाना, रसोई घर शस्त्रागार और बैरक का भी निरीक्षण किया गया। वही बीट रजिस्टर को भी देखा गया। इसके अलावा कुछ कमियों को सुधारने के निर्देश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक किरण पाल सिंह व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के एक ग्राम निवासी महिला ने साले और जीजा के खिलाफ ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। महिला ने दी तहरीर में बताया कि वह 5 मई को अपने घर पर अकेली थी। तभी आसिफ पुत्र राबिक निवासी ग्राम रायपुर उसके घर में घुस आया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो मोबाइल बना ली। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए दुष्कर्म करता रहा। बाद वह अपने बहनोई दानिश निवासी ग्राम हरियाना थाना डिडोली के साथ आया और उसने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपियों ने उसकी वीडियो वायरल कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शांति भंग में पांच गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने शांति भंग की आशंका में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना पुलिस ने गौरव पुत्र सुरेश निवासी मोहल्ला नवादडी कस्बा, राम निवास पुत्र लेखराज निवासी इन्द्रगढी थाना मसूरी, मुजाहिद पुत्र जाहिद, मौ. यासीन पुत्र अ. अजीज निवासी मौ. ईदगाह नई बस्ती थाना कांठ व जहीर पुत्र अली हुसैन उर्फ हप्पर निवासी पैगम्बरपुर थाना कांठ को शांति भंग करने की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

# पानी भरने के विवाद को लेकर छात्रों में मारपीट, दो घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- दो नामजद सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर कोचिंग सेंटर पर पढ़ाई करने आए छात्रों के दो गुटों में पानी भरने को लेकर गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। जिसमें दो छात्र मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर दो नामजद सहित छह युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जनपद बिजनौर के थाना शेरकोट के गांव जमालपुर उदय चंद निवासी सुशील कुमार पुत्र महेश कुमार ठाकुरद्वारा में किराए का कमरा लेकर कोचिंग कर रहा है। सुशील कुमार ने बताया कि वह नगर के मोहल्ला होलिका मंदिर के पास किराए के मकान में अपने साथियों के साथ रहकर कोचिंग कर रहा है। उसके पास ही शेरकोट के मोहल्ला शमना सराय निवासी सौरभ सैनी व रचित राजपूत भी पढ़ाई करते हैं। पीड़ित का कहना है कि राजन व रचित के बीच पानी भरने को लेकर विवाद चल रहा है।

25 जून की रात रचित ने उसे फोन कर समझौता कराने के लिए बुलाया। इसी दौरान दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई। आरोप है कि तभी रचित व सौरभ अपने छह अज्ञात साथियों के साथ उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ लाठी डंडे व सरियों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने रचित, सौरभ व अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


प्रस्ताव रजिस्टर में खामियों की शिकायत का प्रार्थना पत्र दिखाते सभासद। ● अमृत विचार

# सभासदों का धरना-प्रदर्शन जारी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** मांगों और समस्याओं को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सभासदों ने चौथे दिन भी नारेबाजी के साथ अपना धरना-प्रदर्शन जारी रखा।

नगर पंचायत के 16 सभासद मांगों और समस्याओं के साथ ही वार्डों में कार्य न होने को लेकर नगर पंचायत कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सभासदों ने शनिवार को चौथे दिन भी नगर पंचायत कार्यालय में अपना अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रखा।

अधिशासी अधिकारी ने शनिवार को धरने पर बैठे सभासदों को प्रस्ताव रजिस्टर दिखाया। जिससे सभासद संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी को प्रस्ताव रजिस्टर में मौजूद खामियों को लिखकर दे दिया है। इसके बाद अधिशासी अधिकारी मंडलायुक्त की बैठक में शामिल होने चली गईं। बहरहाल सभासदों ने अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा है। इस अवसर पर पिंकी, रिहाना, प्रियंका, रुखसाना, जमीला खातून, मनोज चौहान, दिलशाद, मौहम्मद उस्मान, वसीम अहमद, रईस अहमद, चमन सिंह, इल्यास, नसीम, मंजू, सोनम, दिलशाद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


ठाकुरद्वारा कोतवाली में उप निरीक्षकों को दिशा निर्देश देते डिप्टी एसपी।

### डिप्टी एसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण, दिए निर्देश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिप्टी एसपी राजेश कुमार ने कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर अभिलेखों की जांच की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। डिप्टी एसपी राजेश कुमार ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शस्त्रागार, कार्यालय, भवन, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया और अभिलेखों की जांच करते हुए उपनिरीक्षकों का ओआर लिया तथा लंबित प्रार्थना पत्रों व विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, माल निस्तारण आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक उज्ज्वल राणा, नितिन कुमाल, आसिम खान, रजत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सतेंदर सिंह, महिला उपनिरीक्षक आरती अरोरा आदि मौजूद रहे।

### सड़क पर कीचड़ होने से दोपहिया वाहन चालक घायल

**कांठ, अमृत विचार :** बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ में फिसलने से कई लोग घायल हो गए। कांठ से रसूलपुर चौराहा को जाने वाले रास्ते पर आधा दर्जन भट्टे संचालित हैं और इसी सड़क पर किसानों का भी कापुी आवागमन है। बरसात में किसान खेतों की जुताई कर जब सड़कों पर आते हैं तो ट्रैक्टर के साथ काफी मात्रा में मिट्टी आ जाती है। साथ ही खनन माफियाओं के वाहनों से भी मिट्टी सड़क पर जमा हो जाती है। जो बारिश में दोपहिया वाहन चालकों व पैदल चलने वालों के लिए मुसीबत बन जाती है। मिट्टी में फिसलने के कारण कई बार दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं। शनिवार को ग्राम खंडसाल निवासी शकील अपने बच्चों के साथ गांव जा रहा था। सड़क पर चिकनी मिट्टी होने के कारण मोटरसाइकिल फिसल गई जिससे शकील, उसकी पत्नी व बच्चों को चोट आई हैं।


कीचड़ के कारण फिसला बाइक सवार।

### बच्ची को परिजनों से मिलाया, पुलिस को कहा शुक्रिया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने बिछड़ी बच्ची को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। जिस पर परिजनों ने पुलिस का शुक्रिया अदा किया। नगर में छोटी बच्ची अपने परिजनों से बिना बताए घर से निकल गई थी। बाद में रास्ता भटकने पर बच्ची रोने लगी। इस पर कुछ लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को सूचना दी। महिला उपनिरीक्षक आरती अरोरा मौके पर पहुंची और बच्ची को कोतवाली परिसर ले आई। बच्ची अपने अपने माता-पिता का नाम पता बताने में असमर्थ थी। इस दौरान कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से बच्ची के परिजनों को खोजने का प्रयास किया। काफी समय बाद बच्ची के परिजन कोतवाली पहुंचे। बच्ची बुशरा की मां फूलजहां पत्नी नबी हसन के सुपुर्द किया गया। इस पर महिला ने कोतवाली पुलिस का आभार जताया।

### वृद्ध को परिजनों को सौंपा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शुक्रवार की देर रात्रि सूरजन नगर चौकी क्षेत्र स्थित पेट्रोल पंप पर मानसिक रूप से बीमार वृद्ध पुलिस को मिला। पुलिस के पूछताछ करने पर वह अपना नाम पता नहीं बता सके। बाद में काफी प्रयास के बाद जानकारी मिलने पर वृद्ध को परिजनों को सौंप दिया गया। एसआई ज्योतिष कुमार ने बताया कि वह सुरजन नगर में गस्त कर रहे थे तभी लालापुर पीपलसाना में पेट्रोल पंप के पास एक बुजुर्ग घूम रहे थे। पूछने पर अपना नाम पता नहीं बता पाए। बाद में जेब में मिले फोन से नंबर मिलाने पर पता चला कि वृद्ध का नाम बलकार सिंह ग्राम बरखेडा थाना खजुरिया जनपद रामपुर है व उनकी मानसिक स्थिति सही नहीं है। बाद में चौकी प्रभारी उन्हें अपने साथ लाए और खाना खिलाया। बाद में उनके बेटे हरविंदर के आने पर उनके साथ सकुशल भेज दिया।


पुस्तक का विमोचन करते डायट प्राचार्य व अन्य।

# वार्षिक पत्रिका का विमोचन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कांठ में आयोजित कार्यक्रम में डायट की वार्षिक पत्रिका प्रकाश ज्योति का विमोचन किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्त ने पत्रिका का विमोचन किया। वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र सिंह रावत ने पत्रिका की महत्वता पर प्रकाश डाला। वहीं वरिष्ठ प्रवक्ता अम्बरीश कुमार ने शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। पत्रिका की सम्पादक डॉ. नेका इकबाल ने प्राचार्य का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता अजय विक्रम, डॉ. अनिल कुमार यादव, शीतल कुमार, आशुतोष त्यागी व जयवीर, पुष्पेंद्र सचिन शुक्ला, संजय विशाल नेगी आदि मौजूद रहे। डीएलएड प्रशिक्षुओं में विन्देश्वर प्रजापति, अभिषेक कुमार, प्रदीप धारीवाल, शिल्पी विश्नोई, तनु त्यागी, नेहा सागर, शरद विश्नोई आदि मौजूद रहे।

## साढ़े चार लाख की नगदी से भरा बैग ले उड़ा

**भोजपुर, अमृत विचार :** शनिवार सुबह करीब सात बजे मोबाइल की दुकान से एक युवक नोटों से भरा बैग उड़ा ले गया। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। भोजपुर के मोहल्ला तकियावाला निवासी व्यापारी मोहम्मद इलियास भोजपुर बस स्टैंड पर मोबाइल फाइनेंस एवं रिचार्ज का काम करता है। शनिवार सुबह करीब वह लगभग 4:50 लाख रुपए बैग में रखकर दुकान पर लेकर आया था। दुकान खोलने के बाद बैग काउन्टर पर रखकर बाहर चला गया। इसी दौरान एक युवक दुकान में रखा नोटों से भरा बैग उड़ा कर फरार हो गया। वापस आने पर बैग गायब मिलने पर दुकानदार के होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर आकर सीसीटीवी खंगाले। जिसमें एक युवक हाथ में थैला लिए हुए जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी करके एक युवक को हिरासत में ले लिया है।

# उपजिलाधिकारी के निर्देश पर विवादित भूमि की पैमाइश की

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला जाटवान में स्थित करोड़ों की कीमत की विवादित भूमि को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इस भूमि को जहां एक पक्ष सभासद राजेन्द्र आदि द्वारा जाटवान धर्मशाला की होने के दावे किए जा रहे हैं वहीं दूसरे पक्ष डॉ. संजीव कुमार द्वारा इस भूमि को उनकी निजी भूमि बताया जा रहा है।

दोनो पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर भूमि हड़पने का आरोप लगाते हुए मामला न्यायालय तक जा पहुंचा है। इस मामले में उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा द्वारा तहसीलदार रमेश चंद्र पांडे को कमेटी का गठन कर भूमि की पैमाईश कराए जाने के आदेश दिए थे। जिसपर शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने नायब तहसीलदार सुनील कुमार के नेतृत्व में इस भूमि की पैमाईश का कार्य पूरा किया है। तहसीलदार रमेश चंद पांडे ने बताया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी।


विवादित भूमि की पैमाइश करती टीम।

इस दौरान टीम में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, लेखपाल राधेश्याम व राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

## टास्क फोर्स की बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**छजलैट, अमृत विचार :** बीडीओ डॉ. योगेंद्र की अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें सभी विभागों के माइक्रो प्लान प्रशिक्षण की उपस्थिति को आंकलन किया गया एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान में कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजीव चौधरी ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी कार्यक्रम योजनाबद्ध तरीके से तैयार किया जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि विकास खंड के सभी प्रधान, ग्राम सचिव व पंचायत सहायकों को संचारी रोग कार्यक्रम आदि की जानकारी दी गई है।

## निकाह का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पड़ोसी युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। फिर निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। मामला सार्वजनिक होने पर युवक व उसके परिजनों ने निकाह से इनकार कर दिया। युवती ने तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के रतुपुरा रोड स्थित एक गांव का है। युवती ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच कर दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया और निकाह का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि 24 जून की दोपहर को उसकी मां रिश्तेदारी में गई थी। तभी आरोपी उसके घर में घुस आया और जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में युवती के शोर मचाने व लोगों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। युवती ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

परेशानी — ढेला नदी की दिशा बदलने से भूमिहीन होने की कगार पर किसान

# खेतों के नदी में विलीन होने की चिंता

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव कोटला नगला के किसानों के लिए ढेला नदी आफत बनी हुई है। मौसम की पहली बारिश में ही नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

शनिवार को नदी ने किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन को अपने अंदर विलीन कर लिया है जिससे किसानों के भूमिहीन होने के खतरे के साथ-साथ गांव पर भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सिंचाई विभाग द्वारा गांव के समीप से नई ढेला नदी निकाल दी गई और पुरानी नदी को बंद कर दिया गया। पुरानी जगह पर ढेला नदी गांव से बहुत दूरी पर थी। जिससे फसलों और खेतों को नुकसान नहीं होता था। परंतु सिंचाई विभाग द्वारा एक माह पूर्व गांव के समीप मशीनों द्वारा नई नदी निकाली गई और ढेला नदी का पानी उसमें डाला गया। जिससे गांव पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है और खेतों का कटान होने से किसान भूमिहीन होने की कगार पर हैं। कटान से नदी अपनी दिशा बदल रही है जो गांव की तरफ रुख करती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों की प्रशासन से मांग है कि नदी को पुरानी जगह खोल दिया जाए जिससे गांव पर नदी का खतरा न बना रहे और किसान भूमिहीन होने से बचे रहे।


खेतों का कटान करती ढेला नदी। ● अमृत विचार

## फायरिंग के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**छजलैट, अमृत विचार:** कम्प्यूटर सेंटर पर फायरिंग मामले में पुलिस ने शेष दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार को छजलैट स्थित एक कम्प्यूटर सेंटर पर अमरोहा देहात के ग्राम कैलसा बॉर्डर निवासी रोहन कुमार पुत्र महेश सिंह, नवनीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह व दीपक पुत्र सोनू चौधरी निवासी ग्राम अलीपुरा खालसा व एक अज्ञात युवक किसी के बारे में पूछने लगे। इस बीच कहासुनी होने पर एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर ग्राम कैलसा बॉर्डर निवासी रोहन व नवनीत को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने शेष दो आरोपियों दीपक पुत्र सोनू एवं दीपक निवासी तेलीपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें बाद में जेल भेज दिया गया।




वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

## एक नजर

### शिव मंदिर में गंदा पानी घुसने पर पुजारी व ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संभल,अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव अख्तायरपुर तगा में स्थित शिव मंदिर के पुजारी ईश्वरानंद महाराज ने बताया कि साफ सफाई नहीं होने की वजह से बरसात का पानी इकट्ठा होकर मंदिर परिसर में घुस रहा है। पानी घुसने की वजह से मंदिर परिसर में बनी दुकानों का फर्श भी जमीन में धंस गया है। इसी के साथ गंदा पानी कुटिया में भी जा रहा है। गुस्साए पुजारी ईश्वरानंद व ग्रामीणों ने शिव मंदिर के पास रास्ते में खड़े होकर जिम्मेदारों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान मदन भारती, वीर सिंह, सौरभ त्यागी, लवी शर्मा, छतरपाल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### जमीन के रुपये न देने का आरोप

**गुन्नौर,अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव नगलिया निवासी दुलारो देवी पत्नी खेमकरन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने गांव के ही दुर्गेश को एक बीघा जमीन 2 .60 लाख में बेची थी। बैनामा के समय दुर्गेश ने 1 लाख 60 हजार रुपए दे दिए थे और बाकी एक लाख रुपए दाखिल खारिज होने के बाद देने की बात कही थी। अब पांच माह बीत चुके हैं और दाखिल खारिज भी हो गया है लेकिन दुर्गेश बकाया एक लाख देने में आनाकानी कर रहा है। महिला ने जुनावई थाने में तहरीर देकर अपना एक लाख रूपया दिलाने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन से मुरादाबाद के यात्री का मोबाइल ले गया चोर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पैसेंजर ट्रेन में मुरादाबाद से रामनगर जा रहे एक व्यक्ति का फोन अज्ञात चोर ने चुरा लिया। मामले में पीड़ित ने जीआरपी थाना काठगोदाम में शिकायत दर्ज कराई है। गांधीनगर मुरादाबाद निवासी आकाश गुप्ता ने कहा कि वह ट्रेन से मुरादाबाद से रामनगर जा रहा था। काशीपुर रेलवे स्टेशन पर वह पानी की बोतल लेने के लिए उतरा। जब वह वापस आय तो उसका मोबाइल गायब था। पीड़ित ने मोबाइल दिलाने की मांग की।

# तीन लाख में बेच रहे थे अगवा बच्चा, नहीं बनी बात तो पुलिस ने अमरोहा में पकड़ा

## 26 जून को थाना जरीफनगर के समसपुर से चार साल के बच्चे का किया था अपहरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बच्चे से जानकारी करते एसएसपी आलोक प्रियदर्शी। ● अमृत विचार

- **एसओजी ने संभल, बुलंदशहर और अमरोहा में खंगाली 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज**
- **अमरोहा के थाना डिडौली क्षेत्र के गांव ईकौंधा में एक घर के बाहर से बरामद किया बालक**

> पांच साल के बच्चे को बाइक सवार दो लोग उठाकर ले गए थे। जरीफनगर पुलिस और एसओजी को लगाया गया था। अपहृताओं के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखने के बाद आगे रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कराई थी। जिसके आधार पर एक आरोपी को पकड़ लिया है। उसके पास से बच्चा बरामद हो गया।
> – आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी

**अमृत विचार :** थाना जरीफनगर पुलिस और एसओजी ने गांव समसपुर मलिक फत्ता से अपहृत बच्चे को अमरोहा के थाना डिडौली क्षेत्र के गांव ईकौंधा से बरामद कर लिया है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया जबकि उसका साथी फरार है। आरोपी ने बताया कि उन्होंने तीन लाख रुपये में एक व्यक्ति से बात की थी लेकिन वह दो लाख रुपये दे रहा था। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बच्चे को उसकी मां माया और मामा को सौंप दिया।

जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव समसपुर मलिक फत्ता निवासी महाराम का पांच साल का बेटा संजय 26 जून को महावा नदी के पुल के पास खेल रहा था। बाइक सवार दो लोग बच्चे का अपहरण कर ले गए। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस और एसओजी को बच्चे की तलाश में लगाया। एसओजी और सर्विलांस प्रभारियों ने आसपास के जिलों में करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। जिसके आधार पर बदमाशों का पीछा करते हुए बुलंदशहर के थाना स्याना पहुंचे। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बदमाशों की बाइक का नंबर पता चला।

एसओजी बाइक के नंबर के आधार पर पता लगाते हुए अमरोहा के गांव ईकौंधा पहुंची। जहां एक घर के बाहर युवक के पास बच्चे को देखकर दबोच लिया। युवक ने अपना नाम नेत्रपाल पुत्र पुत्र हरपाल यादव निवासी गांव सिराजपुर,थाना बहजोई, जिला संभल बताया। एसओजी उसे थाना जरीफनगर ले आई। यहां उसने बताया कि ईकौंधा निवासी राहुल पुत्र देवराज सैनी के साथ मिलकर तीन-चार साल तक के बच्चों का अपहरण कर निसंतान लोगों को बेच देते हैं।

## रुहेलखंड विवि : प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि 15 जुलाई हुई

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर में संचालित कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी है। कुलसचिव संजीव कुमार ने सभी संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों को प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए हैं।

परिसर में संचालित बीटेक, बीफार्मा, एमफार्मा, एमसीए, एमए (फंक्शनल हिंदी, पाली भाषा, बुद्धिस्ट कल्चर), फ्रेंच, जर्मन, मैंडरिन, स्पेनिश के डिप्लोमा पाठ्यक्रम, इंग्लिश फॉर बिजनेस, कम्युनिकेटिव स्किल्स, योग विज्ञान के सर्टिफिकेट कोर्स, बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, एमबीए, एमबीए (जर्नल, मार्केटिंग, एक्सक्यूटिव) और होटल मैनेजमेंट में प्रवेश के लिए पंजीकरण 17 मई से हो रहे हैं। कई पाठ्यक्रमों में सीटों से कम आवेदन होने पर तिथि बढ़ा दी गई है। अब छात्र 150 रुपये शुल्क अदा कर 15 जुलाई तक पंजीकरण करा सकेंगे।

# टाइगर रिजर्व में जबरन घुसने पर दरोगा समेत तीन निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सुभाषनगर थाने में तैनात पुलिसकर्मी हॉफिजगंज में विवेचना के बहाने मस्ती करने पहुंचे टाइगर रिजर्व**
- **टाइगर रिजर्व बंद होने पर चौकीदारों के रोकने पर दिखाई थी हनक, शिकायत पर एसएसपी ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाने में तैनात दरोगा विनय कुमार और मुख्य आरक्षी शाहिद अली और ऋषिपाल सिंह ड्यूटी के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जबरन घुसने और कर्मचारियों से अभद्रता करने के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने निलंबित कर दिया। एसएसपी ने तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं।

दरोगा विनय कुमार और दोनों मुख्य आरक्षी सुभाषनगर थाने से लड़की के अपहरण की विवेचना के सिलसिले में 24 जून को हाफिजगंज थाना क्षेत्र में गए थे। यहां से तीनों अफसरों को बिना बताए पीलीभीत टाइगर रिजर्व में घूमने चले गए। टाइगर रिजर्व बंद होने से चौकीदारों ने पुलिसकर्मियों को प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसने से रोक दिया। आरोप है कि इस पर पुलिसकर्मियों ने चौकीदारों से झगड़ा किया और वर्दी की हनक दिखाते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने मामले की शिकायत बरेली पुलिस के अधिकारियों से की। एसएसपी ने मामले की जांच कराई और जांच में तीनों के दोषी पाए गए। इसके बाद एसएसपी अनुराग आर्य ने दरोगा और दोनों मुख्य आरक्षियों को निलंबित कर दिया।

# फर्जी आधार और आयुष्मान कार्ड बनाने वाले पांच लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली-लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** थाना कोतवाली पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पैन कार्ड आदि बनाने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरेली-लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस की सूचना पर फरीदपुर और बिथरी चैनपुर में जनसेवा केंद्रों पर छापा मारा। मौके से कई प्रमाण पत्र भी बरामद किए हैं।

सीओ सिटी प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि बरेली-लखनऊ आर्मी इंटेलीजेंस से सूचना मिली कि बिथरी चैनपुर के बिचपुरी में और फरीदपुर के लाइन पार मठिया में जनसेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जहां पर मोटी रकम लेकर फर्जी कागजात तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने एसएसपी अनुराग आर्य को जानकारी देकर टीम बनाकर दोनों स्थानों पर दबिश दी। टीम ने फरीदपुर से नवादा बिलसंडी फरीदपुर निवासी अवनीश यादव और साजिद को गिरफ्तार किया, जबकि बिथरी चैनपुर से ग्राम बिचपुरी निवासी सुशील, बबलू कश्यप और अनुज बजाज को गिरफ्तार किया है।

### सीओ ने अपना आधार कार्ड बनवाकर किया चेक

सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि मौके पर सभी को गिरफ्तार करने के बाद उन्होंने अपना आधार कार्ड भी बनवाकर देखा। इस पर ठगों ने पांच मिनट में उनका आधार कार्ड बना दिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि डिजिटल फास्ट प्रिंट वेबसाइट और फोटोशॉप की मदद से तुरंत फर्जी कागजात तैयार कर देते थे। इसके लिए आरोपी लोगों से मोटी रकम वसूल करते थे।

### आरोपियों के कब्जे से बरामद हुए ये सामान

आरोपियों के कब्जे से पांच लैपटाप, चार प्रिन्टर, छह वेब कैमरा, एक टैबलेट, एक फिंगर प्रिन्ट स्कैनर, दो आई स्कैनर, 16 थम्ब डिवाइस समेत अन्य सामान, 57 आधार कार्ड, चार आयुष्मान कार्ड, तीन पैन कार्ड, एक वोटर आईडी कार्ड, तीन मोहर, 11 डेबिट कार्ड, तीन क्रेडिट कार्ड, पांच क्लोन थम्ब और 555 आधार कार्ड की छायाप्रतियां, 30 सिम कार्ड, एक जन्म प्रमाण पत्र समेत एक लाख 26 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

# नदी में गिरा सिलेंडरों से भरा ट्रक, ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

- **हल्द्वानी से बेरीनाग जा रहा था टानी के पास जैगन नदी में हुआ हादसा**
- **ट्रक में लदे सभी सिलेंडर खाई और नदी में बिखर गए**

**अमृत विचार:** जिले के सेराघाट क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों से लदा ट्रक नदी में गिर गया। हादसे में ड्राइवर-कंडक्टर की मौत हो गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक ट्रक (यूके04सीबी 3110) एलपीजी सिलेंडर लेकर हल्द्वानी से बेरीनाग जा रहा था।

अल्मोड़ा-सेराघाट मोटर मार्ग पर मंगलता से आगे टानी के पास ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर जैगन नदी में गिर गया। ट्रक में लदे सभी सिलेंडर खाई और नदी में बिखर गए। ग्राम प्रहरी की सूचना के बाद धौलछीना थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। खाई में ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर घायल हालत में पड़े थे। आपातकालीन सेवा 108 एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी धौलछीना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया कि चालक की पहचान हरीश चंद्र बिष्ट पुत्र प्रवीन सिंह, निवासी कर्मी थाना कपकोट (बागेश्वर) के रूप में हुई है। कंडक्टर की पहचान नहीं हो सकी है। कंडक्टर की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे का कारण पता नहीं चल सका है।

## दो करोड़ की धोखाधड़ी करने पर सरगना गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले सरगना को कुमाऊं साइबर क्राइम की टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बागपत यूपी का रहने वाला आरोपी इतना शातिर था कि ऑनलाइन ही मुनाफा देने का प्रलोभन देकर शिकार को अपने जाल में फंसाता और ऑनलाइन ही साइबर अपराध को अंजाम दे देता था। साइबर की टीम ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए कुमाऊं साइबर क्राइम थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में हल्द्वानी के कारोबारी नितिन अग्रवाल से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 90 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था। जिसकी तफ्तीश एसटीएफ और साइबर क्राइम की टीम कर रही थी।


### नाम-परिवर्तन

पहले मेरा नाम MOHAMMAD FURAKAN था अब मैंने बदलकर MOHD FURQAN S/o MOHAMMAD IRFAN H. No-29, Chak No. 8, Mohalla Masjid Kham, Teh. Tanda Rampur UP 244925, रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

### सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 173/22
श्री पवनीश कुमार
बनाम
1. गुड्डू राज
पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर सुनवाती शाहपुर रोड निकट कृष्णा पैलेस थाना मझौला जिला मुरादाबाद (वाहन स्वामी)
2. छोटे पुत्र राजवहादुर निवासी खुशहालपुर रोड पार्क के सामने वाला रास्ता, पाकबड़ा जिला मुरादाबाद (वाहन चालक)

श्री पवनीश कुमार ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 03.07.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी


## संभल

# बच्चा पैदा न होने पर कर दी थी महिला की हत्या

कार्यालय संवाददाता,संभल



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी तथा जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

- **देवर, जेठ व ननद को किया गिरफ्तार, खेत में ले जाकर डाला था शव**
- **घर में लगे खून के छींटों से खुला राज, गुन्नौर के गांव भोजराजपुर में 16 जून को हुई थी घटना**

**अमृत विचार:** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के भोजराजपुर गांव में महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। विरोधियों ने नहीं बल्कि देवर, जेठ व ननद ने ही घर के कमरे में महिला की हत्या कर खेत में शव डाला था। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया तो उन्होंने बताया कि शादी के पांच साल बाद भी बच्चा पैदा नहीं हुआ तो भाई की दूसरी शादी कराने व विरोधियों को फंसाने के लिए हत्या की थी।

भोजराजपुर गांव निवासी जयपाल सिंह की पत्नी माया देवी की 16 जून को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। माया देवी का शव खेत में पड़ा मिला था। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि हरेंद्र व उसके परिवार के लोगों ने जमीनी रंजिश के चलते खेत से घर लौटते समय उनके साथ मारपीट के बाद फायरिंग की तो गोली लगने से माया देवी की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि घटना स्थल को देखते ही पुलिस को शक पैदा हो गया था। घटना स्थल पर खून भी नहीं था। पुलिस ने घर का कमरा खुलवाकर देखा तो उसमें लगे खून के छींटों से बात साफ हो गई कि हत्या घर में की गई थी। पुलिस ने अन्य साक्षय इकटझा कर परिवार के लोगों ने गहनता से पूछताछ की गई तो माया देवी की हत्या का राज खुल गया। जेठ छोटेलाल, देवर सुनील और ननद उर्मिला ने ही घर में माया देवी की हत्या कर विरोधियों को फंसाने के लिए खेत में शव डाला था। जेठ छोटेलाल, देवर सुनील व ननद उर्मिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल तमंचा व खून से सने कपड़े किये हैं। हत्या की साजिश में शामिल कुछ अन्य लोगों की भी पुलिस को तलाश है।

### भाई की दूसरी शादी और विरोधियों को फंसाने के लिए ली माया की जान

**संभल, अमृत विचार :** माया की हत्या कर उसके देवर,जेठ व ननद ने एक तीर से दो निशाने साधने की योजना बनाई थी। शादी के पांच साल बाद भी माया को संतान नहीं हुई तो माया की हत्या कर संतान के लिए भाई की दूसरी शादी कराने और माया की हत्या के आरोप में विरोधियों को जेल भिजवाने की मंशा थी मगर तीनों अपने बुने जाल में खुद फंसकर जेल चले गये। भोजराजपुर के जयपाल सिंह की शादी पांच साल पहले गांव जमालपुर निवासी माया देवी से के साथ हुई थी।

## सामूहिक बलात्कार के तीन आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** किशोरी संग दो बार सामूहिक बलात्कार करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवकों का एक साथी फरार है।

बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अमानत, कौशल उर्फ आलोक, मोती उर्फ मोहित और कपिल अप्रैल माह में गांव की किशोरी को उसके घर से बाइक पर बैठाकर जंगल में सामूहिक बलात्कार करने के बाद वहीं छोड़कर भाग गए थे। जिसके बाद परिजनों ने किशोरी को नखासा थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां भेज दिया था। 7 जून की रात ये लोग किशोरी के रिश्तेदार के घर में घुस गए और फिर बलात्कार किया।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में सफाई कर्मियों संग किया पौधरोपण

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी का पौधे देकर स्वागत किया। वहीं डीएम ने सफाई कर्मियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

जिलाध्यक्ष धीरज पाल सिंह यादव के नेतृत्व में नवागत डीएम डा. राजेंद्र पेंसिया पौधा देकर स्वागत किया।

इसके बाद कलेक्ट्रेट पर सर में डीएम ने सफाई कर्मियों के साथ पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

डीएम ने कहा कि सभी कर्मचारी अपने-अपने राजस्व ग्रामों में पहुंचकर एक-एक पौधा अवश्य लगाने का काम करें। पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। वह हमें जीवन देने का काम करते हैं। डीएम ने कहा कि खुद तो पौधे सफाई कर्मचारी लगायें ही अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इस दौरान महामंत्री रंजीत सिंह, सुदेश कुमार, विजयपाल, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांकः- 534/न०पा०परि०ह०/2024-25 दिनाकः-29.06.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

पं० दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना की संस्तुतियो के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार/फर्मो/ से निर्माण कार्य हेतु ई-निविदायें दिनाँक 04-07-2024 से दिनाँक 14-07-2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 15-07-2024 को ही अपरान्ह 03.00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओं की उपस्थिति में https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-टेण्डरिंग से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | E-bid reference No | 534/न०पा०परि०ह०/2024-25 | | |
| 2. | Tender Release | | 30-6-2024 | |
| 3. | | Tender Download/ Uploaded | 04-7-2024 | दोपहर 12 बजे |
| 4. | Close for Bid | | 14-7-2024 | दोपहर 01 बजे |
| 5. | Bid Opening | Technical | 15-7-2024 | अपरान्ह 03 बजे |
| 6. | Bid Opening | Financial | 16-7-2024 | अपरान्ह 03 बजे |
| 7. | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर/ जिला मुख्यालय अमरोहा। |

अधिशासी अधिकारी
न०पा० परि० हसनपुर।

अध्यक्ष
न०पा०परि० हसनपुर।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांकः- 535/न०पा०परि०ह०/2024-25 दिनाकः-29.06.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगरीय पेयजल नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार/फर्मो/ से विकास कार्य हेतु ई-निविदायें दिनाँक 04-07-2024 से दिनाँक 14-07-2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 15-07-2024 को ही अपरान्ह 03.00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओं की उपस्थिति में https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-टेण्डरिंग से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | E-bid reference No | 535/न०पा०परि०ह०/2024-25 | | |
| 2. | Tender Release | | 30-6-2024 | |
| 3. | | Tender Download/ Uploaded | 04-7-2024 | दोपहर 12 बजे |
| 4. | Close for Bid | | 14-7-2024 | दोपहर 01 बजे |
| 5. | Bid Opening | Technical | 15-7-2024 | अपरान्ह 03 बजे |
| 6. | Bid Opening | Financial | 16-7-2024 | अपरान्ह 03 बजे |
| 7. | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर/ जिला मुख्यालय अमरोहा। |

अधिशासी अधिकारी
न०पा० परि० हसनपुर।

अध्यक्ष
न०पा०परि० हसनपुर।



प्रवेश प्रारम्भ
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY B.I.U.
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# नाबालिग छात्र को 4 घंटे तक बेल्ट और डंडों से पीटा

## वकील ने छात्र का किया अपहरण, प्लास से खींचे कान, बेटी के साथ देखकर हो गया था नाराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बर्बरता का शिकार नाबालिग छात्र।

**अमृत विचार :** बिठूर थानाक्षेत्र में डीफार्मा के छात्र को बेटी के साथ कोल्डड्रिंक पीता देख कर आगबबूला हुए लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष ने भाई व साथियों के साथ मिलकर छात्र को शुक्रवार रात सिंहपुर के पास से अगवा कर लिया। इसके बाद अधिवक्ता ने छात्र को फार्म हाउस में बंधक बनाकर 4 घंटों तक लाठी, डंडे व बेल्टों से बेरहमी से पिटाई की। पुलिस ने छात्र को बरामद कर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करते हुए अधिवक्ता व उसके भाई को गिरफ्तार किया। अधिवक्ता की गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही वकीलों ने हड़ताल कर पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कानपुर देहात, पुखरायां बरौर निवासी केशव शर्मा प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं। परिवार में पत्नी माधवी शर्मा व 17 व 8 वर्षीय बेटे हैं। उन्होंने बताया कि उनका 17 वर्षीय दो बेटा दो माह पहले अपनी नानी गंगपुर निवासी मुन्नी देवी के यहां रहकर डीफार्मा की पढ़ाई करने आया था। उसका बैकुंठपुर स्थित साक्षी कॉलेज में चयन हो गया था। उसकी क्षेत्र में रहने वाले वकील व लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष बृज नारायण निषाद की बेटी से दोस्ती थी। शुक्रवार शाम को दोनों ईश्वरीगंज के पास कोल्डड्रिंक पी रहे थे, तभी वहां से गुजर रहे वकील की नजर उन पर पड़ गई। बेटी को किशोर के साथ देख वकील आक्रोशित हो गए। उन्होंने अपने भाई तेज नारायण निषाद समेत अन्य लोगों को मौके पर बुलाया। किशोर के मुताबिक वह देर शाम करीब साढ़े सात बजे सिंहपुर के आगे पहुंचा ही था, तभी बाइक व एक कार सवार करीब सात-आठ लोग आए और उसे जबरन कार में बिठा लिया। इसके बाद उसे चिरान गांव के पास जंगल में स्थित एक फार्म हाउस में ले गए, जहां कमरे में बंद कर उसकी लाठी, डंडे, बेल्टों से जमकर पिटाई की।

### पापा का नंबर नहीं बताया तो ढाया जुल्म

आरोपियों की बर्बरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता था कि उनका नाम लेते ही छात्र सिहर उठता था। शनिवार को किशोर परिजनों के साथ इलाज कराने हैलट अस्पताल पहुंचा। छात्र ने बताया कि कार में बिठाए जाने के बाद से ही आरोपी लगातार उसकी पिटाई करते रहे, कसूर पूछने पर बिना कुछ बोले वह लोग सिर्फ लातों घूंसों से उसको पीट रहे थे। उन्होंने करीब चार घंटे तक कमरे में बंद कर उसकी जमकर पिटाई की और पिता का मोबाइल नंबर मांगा। मना करने पर प्लास से उसके कान और होंठ खींचे, इसके बाद उसके गुप्तांग पर लातें मारीं, जिससे उसके गुप्तांग में भी काफी चोट आई हैं।

- **फार्म हाउस में बंधक बनाया पुलिस ने किया बरामद, वकील और भाई को भेजा गया जेल**

किशोर की मां माधवी के मुताबिक अपहर्ताओं ने उनकी बहन संगीता शर्मा को फोन कर बेटे की अपहरण की जानकारी दी। आरोप है कि इसके बाद अपहर्ताओं ने उनके मोबाइल पर फोन कर 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी और हत्या कर गंगा बैराज में शव फेंकने की धमकी दी। फिरौती की धमकी से घबराए परिजनों ने बिठूर पुलिस को मामले की जानकारी दी। शुक्रवार रात करीब 12 बजे किशोर के परिजन बिठूर थाने पहुंचे। छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर अपहरण, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय, बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने फिरौती मांगने वाले नंबर को सर्विलांस पर लगाया, जिस पर नंबर अधिवक्ता बृज नारायण निषाद का मिला। इसके बाद किशोर के परिजनों से फिरौती वाले नंबर पर फोन मिलाया। आरोपियों ने उन्हें ईश्वरीगंज आने को कहा, जहां पुलिस सादे कपड़ों में उनके साथ पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने बृज नारायण निषाद को दबोचा। आरोपी वकील की निशानदेही पर पुलिस चिरान गांव स्थित फार्म हाउस पहुंची, जहां से वकील के भाई तेज नारायण निषाद को पुलिस ने हिरासत में लेकर घायलावस्था में छात्र को बरामद किया। पुलिस ने छात्र को मेडिकल के लिए सीएचसी कल्याणपुर भिजवा कर छात्र के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया।

### नांद में डुबोया, कुछ देर में हो गया था बेहोश

छात्र के मुताबिक करीब दो किलोमीटर तक आरोपी उसे कार में लेकर पीटते हुए ले गए। फार्म हाउस में पहुंचने पर आरोपियों ने जानवरों को चारा खिलाने वाली नांद में डुबो-डुबो कर पीटा। बताया कि आरोपियों ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर भी हमला किया, जिससे वह बेहोश हो गया था।

# अमेरिकी लोगों से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश

**नोएडा, एजेंसी :** नोएडा में पुलिस ने अमेरिका में रहने वाले लोगों के साथ ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया और इस सिलसिले में 70 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त हृदयेश कठेरिया ने बताया कि सेक्टर 142 थानाक्षेत्र में यह कॉल सेंटर सेक्टर 90 स्थित भूटानी एंथम परिसर में चल रहा था जहां से पुलिस ने 73 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके अनुसार उनमें 40 पुरुष एवं 33 महिलाएं हैं। उन्होंने बताया कि इस गैंग का सरगना फरार है। कठेरिया के अनुसार मौके से 14 मोबाइल फोन, 73 कंप्यूटर, तीन राउटर, 48 हजार रुपए नगद, 58 'प्रिंट आउट' आदि मिले हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि ये लोग अमेरिकी लोगों के कंप्यूटर और लैपटॉप में 'वायरस' डालकर तथा उन्हें विभिन्न प्रकार से डरा-धमकाकर अपने झांसे में लेते थे और उनसे ठगी करते थे।

- **70 से अधिक गिरफ्तार**

# कंछल 7वीं बार संभालेंगे उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की कमान


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अध्यक्ष, वरिष्ठ महामंत्री, 6 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 24 उपाध्यक्ष, 6 वरिष्ठ मंत्री निर्विरोध चुने गए**

**अमृत विचार :** उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के त्रैवार्षिक चुनाव में बनवारी लाल कंछल को फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया। वह 7वीं बार संगठन की कमान संभालेंगे। उनके साथ ही महामंत्री पद पर दूसरी बार कौशांबी के रमेश अग्रहरि को चुना गया। इसके अलावा 6 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 24 उपाध्यक्ष, 6 वरिष्ठ मंत्री निर्विरोध चुन लिए गए। 102 पदों पर 124 लोगों ने नामांकन किया है। इनमें से अध्यक्ष पद पर 3, वरिष्ठ महामंत्री पद पर 2 और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 6 व्यापारियों ने नामांकन किया था। बाद में इन पदों से पदाधिकारियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। संयुक्त महामंत्री व मंत्री के पदों पर अभी संशय बरकरार है।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का दो दिवसीय प्रांतीय त्रैवार्षिक निर्वाचन शनिवार को मोती नगर स्थित अग्रवाल कालेज में शुरू हुआ। सुबह 9 बजे से ही महाराजा अग्रसेन कालेज में गहमागहमी रही। मुख्य चुनाव अधिकारी जसवंत बत्रा, सहायक चुनाव अधिकारी सुनील गुप्ता, बसंत सिंह बग्गा, संजय अग्रवाल, आयुष द्विवेदी के साथ पहुंचे। जहां वाराणसी के विजय यादव, नोएडा के नरेश कुच्छल, गोरखपुर के प्रमोद टेकड़ीवाल, उन्नाव के रजनीकांत श्रीवास्तव व कई अन्य पदाधिकारियों ने सभी चुनाव अधिकारियों का स्वागत किया। 102 पदों के लिए कुल 124 नामांकन भरे गए जिसमें से चुनाव अधिकारी के द्वारा 2 नामांकन खारिज किए गए। अध्यक्ष पद के लिए बनवारीलाल कंछल, प्रदीप जैन बाराबंकी व राजदेव त्यागी गाजियाबाद ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वरिष्ठ महामंत्री पद के लिए रमेश अग्रहरि, कौशाम्बी व नवीन मक्कड़, सहारनपुर ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष के 6 पदों पर 14 प्रतिनिधियों ने नामांकन किए। हालांकि, नामांकन भरने वाले कई सदस्यों से मान-मनौव्वल कर नाम वापस लेने की बात होती रही। चुनाव अधिकारी की ओर से नाम वापसी के लिए अब 30 जून की सुबह 9 बजे तक का समय दिया है। अगर आपसी सहमति न बनीं तो शेष पदों पर चुनाव होगा।

### व्यापारी सम्मेलन आज, उप मुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री रहेंगे मौजूद

निर्वाचित अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे से रविन्द्रालय में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व मुख्य वक्ता आबकारी, मद्यनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल होंगे। सम्मेलन में व्यापार मण्डल ने 31 सूत्री मांग पत्र तैयार किया है। इसे भी सौंपा जाएगा।

# रोडवेज बस की टक्कर से ऑटो चालक समेत 4 की मौत, 2 घायल

संवाददाता, गंजमुरादाबाद उन्नाव

- **बांगरमऊ के गंजमुरादाबाद कस्बे में हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद मोड़ पर शनिवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में बैठी दो सवारियों की मौके पर मौत हो गई। वहीं ऑटो चालक व चार सवारियों को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने एक अन्य को मृत घोषित कर दिया।

वहीं चालक समेत तीन को जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन वहां पहुंचने से पहले चालक की भी सांसे थम गईं। कोतवाली क्षेत्र के बल्लापुर गांव निवासी रामचन्द्र (57) अपने ऑटो रिक्शा में बांगरमऊ तिकोनिया पार्क से सवारी लेकर हरदोई के मल्लावां कस्बा जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद से करीब एक किमी. पहले मोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने हरदोई की ओर से आई रोडवेज बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में पीछे बैठे श्रीकृष्ण (45) निवासी पंपापुर बांगरमऊ कोतवाली, लक्ष्मण (35) निवासी ग्राम हज़रतपुर मल्लावां की मौके पर ही मौत हो गई। चालक सहित चार सवारियों को पुलिस ने सीएचसी भेजा। जहां सुनील उर्फ कल्लू (35) निवासी ग्राम खेतहरागंज जलालाबाद मल्लावां को मृत घोषित कर दिया गया। ऑटो चालक व रामसनेही (60) निवासी ग्राम जोगी कोट थाना बेहटा मुजावर और बब्लू (30) निवासी मुन्नू मियां तलैया कस्बा बांगरमऊ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन यहां पहुंचने से पहले चालक रामचंद्र की सांस भी थम गई। हादसे की जानकारी पर बांगरमऊ एसडीएम नम्रता सिंह, सीओ अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे । बस के चालक व परिचालक भाग निकले।

# झूठी शान के लिए दामाद की हत्या, बेटी ने किया था प्रेम विवाह

**नोएडा, एजेंसी :** नोएडा में एक व्यक्ति ने बेटी के प्रेम विवाह से कथित रूप से नाराज होकर शादी के पांच साल बाद अपने दामाद की हत्या करवा दी। पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनीति ने बताया कि 16 जून को ईकोटेक-तीन थाना क्षेत्र के संगम विहार कॉलोनी के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था जिसकी बाद में पहचान संभल जनपद के निवासी भुलेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार भुलेश बिसरख क्षेत्र में रहकर ऑटो रिक्शा चलाता था और उसका ऑटो रिक्शा भी गायब था। सुनीति ने बताया कि भुलेश के परिजनों ने उसकी पत्नी प्रीति यादव के पिता बुध सिंह यादव और भाई मुकेश यादव एवं मित्र श्रीपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। पांच वर्ष पूर्व प्रीति ने परिजनों की इच्छा के खिलाफ जाकर भुलेश से शादी कर ली थी।

# ओबरा की 3 इकाइयां ठप, संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ओबरा बिजलीघर की तीन इकाइयां शनिवार को ठप हो गईं, जबकि पहले से बंद चल रहीं इकाइयां चालू नहीं हो सकी हैं। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। इसी बीच, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट झेलते रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, दोपहर बाद ओबरा की दो-दो मेगावाट की दो इकाइयां व 660 मेगावाट की एक इकाई ठप हो गई, जबकि हरदुआगंज की 105 मेगावाट की इकाई में भी उत्पादन ठप हो गया। पहले से बंद चल रही मेजा की 660 मेगावाट, रिहंद की 500 मेगावाट व सिंगरौली की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो पाई। बिजली अभियंता मेजा, रिहंद, हरदुआगंज व ओबरा की एक इकाई के देर रात तक चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताते रहे, जबकि सिंगरौली इकाई के 1 जुलाई व ओबरा की बाकी दो इकाइयों के रविवार तक चालू होने की संभावना जताई गई। इन इकाइयों के बंद होने से प्रदेश में कुल 2150 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। प्रदेश में अधिकतम मांग 26,627 मेगावाट दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि बारिश के कारण प्रदेश में बिजली की मांग घट गई है, जबकि लाइनों में खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है।

### बिजली कर्मी सतर्क रहकर काम करें : ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सतर्क रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बारिश में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए समुचित उपाय किए जाए। उन्होंने कहा कि मानसून में अंधेरा रहने से नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, ऐसे में सभी कार्मिक उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर समस्याओं का समाधान करें। सभी कार्मिक अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें कि वे बारिश में बिजली उपकरणों को छूने से बचें और उनसे उचित दूरी बनाकर रहें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली तारों को छूने वाली पेड़ की टहनियों की छंटनी की जाए, जिससे बिजली स्पार्किंग को रोका जा सके और निर्बाध बिजली आपूर्ति में व्यवधान न हो सके।

# नाबालिग को ऐसे व्यक्ति की कस्टडी में रखना अवैध जो उसका कानूनी हकदार नहीं: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग की कस्टडी से संबंधित बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर विचार करते हुए कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका अवैध या अनुचित हिरासत से तत्काल रिहाई के प्रभावी साधन प्रदान करके व्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए विशेषाधिकार प्रक्रिया है।

किसी नाबालिग की कस्टडी से संबंधित बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अनुमति देने से पहले कोर्ट का मुख्य कर्तव्य यह पता लगाना होता है कि क्या बच्चे की हिरासत गैरकानूनी या अवैध है और बच्चे के कल्याण के लिए क्या वर्तमान हिरासत को बदलना आवश्यक है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अगर किसी नाबालिग को ऐसे व्यक्ति की कस्टडी में रखा गया है जो कानूनन उसकी कस्टडी का हकदार नहीं है तो इसे अवैध हिरासत या कस्टडी के समान माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति डॉ.योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने आयरा खान और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में संरक्षक नियुक्त करने का दायित्व कोर्ट के पास होता है, ऐसे में नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए कोर्ट को उस कानून के अनुरूप निर्णय करना होता है, जिसके अधीन नाबालिग हो। संक्षेप में कहा जाए तो हिरासत के मामलों में जीडब्ल्यूए के प्रावधानों को व्यक्तिगत और वैधानिक कानून के प्रावधानों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। वर्तमान मामले में यह आरोप लगाया गया था कि एक बच्चे की मां को उसके पिता ने घर से निकाल दिया और बच्चे को अपने पास रख लिया। बाद में पिता देश से बाहर चला गया और बच्चे को दादी ने अवैध रूप से अपनी कस्टडी में ले लिया। अंत में कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए पाया कि वर्तमान मामले में कॉर्पस (नाबालिग) के हित को ध्यान में रखते हुए उसकी जैविक मां के साथ ही उसे रखना उचित होगा। अतः कोर्ट ने मां के माध्यम से नाबालिग की याचिका का निस्तारण करते हुए बच्ची को उसकी जैविक मां के साथ जाने की अनुमति दे दी।

### 18 जेलरों का तबादला,7 पदोन्नत को भी मिली तैनाती

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने 18 जेलरों का तबादला कर दिया है। इनमें वे जेलर शामिल हैं जिनका एक जगह पर तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसके अलावा 7 नव पदोन्नत जेलरों को भी नवीन तैनाती दी गई है। डीजी कारागार ने निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी तबादले वाले स्थान पर तत्काल ज्वाइन करें। जिन जेलरों का तबादला हुआ है उनमें आनंद सिंह का फिरोजाबाद से बरेली, महाप्रकाश सिंह का मथुरा से इटावा, राम सिंह यादव का प्रयागराज से सिद्धार्थनगर, सूबेदार यादव का वाराणसी से ज्ञानपुर, अरुण कुमार मिश्रा का मिर्जापुर से उन्नाव तवादला हुआ है। इनके अलावा राजेश कुमार वर्मा का ज्ञानपुर भदोही से मिर्जापुर, विजय कुमार राय का बरेली से हरदोई, मृत्युंजय कुमार पांडेय का मुरादाबाद से इटावा, मनीष कुमार का बांदा से झांसी, संजय कुमार का हरदोई से बरेली, अखिलेश कुमार का फतेहगढ़ से वाराणसी, सुरेश मिश्रा का झांसी से मुरादाबाद, गिरीश कुमार का अयोध्या से फतेहगढ़, सुशील कुमार वर्मा का इटावा से मथुरा, शोमेश कुमार सिंह का लखनऊ से अयोध्या, राजेश कुमार द्वितीय का कानपुर नगर से वाराणसी, अंजनी कुमार गुप्ता का इटावा से नैनी प्रयागराज और राजेश कुमार पांडेय का सिद्धार्थनगर से फिरोजाबाद तबादला किया गया है।

### प्रेम प्रकाश मुरादाबाद के उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण बने

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कई अधिकारियों के तबादले कर दिये। उप निदेशक मुरादाबाद मंडल एमपी सिंह को हटाकर सहारनपुर मंडल भेजा गया है। सहारनुपर मंडल के उप निदेशक प्रेम प्रकाश को मुरादाबाद मंडल भेजा गया है। उप निदेशक पिछड़ा वर्ग मुख्यालय उत्तर प्रदेश अजित प्रताप सिंह को लखनऊ मंडल का उप निदेशक बनाया गया है। लखनऊ मंडल के उप निदेशक ललित किशोर मिश्र को विभाग के मुख्यालय में तैनात किया गया है।

## वर्ग पहेली-116

**बाएं से दाएं**

3. आक्रमण

6. 1. जिसे कहा न गया हो, जिसकी अभिव्यक्ति न हुई हो, अनुच्चरित 2. गुप्त, छुपा हुआ।

7. अचानक, अकस्मात, एकाएक, एकदम, शीघ्रता से, तीव्र वेग से।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रकार की कश्मीरी अंगीठी जिसे गले में लटकाया जाता है।

2. जिसमें कूटनीति का समावेश हो, कूटनीति से संबंधित, कूटनीतियुक्त, (डिप्लोमैटिक)।

4. 1. चाय देने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक ढक्कनदार पात्र 2. पानी गरम करने का टोंटीदार बरतन जिसमें प्राय :चाय के लिए पानी गरम किया जाता है, (केटल)।

5. 1. बेकार 2. जाली, रद्दी 3. झूठा या नकली 4. कृत्रिम।

6. 1. किसी भी प्राणी को किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक कष्ट न देना 2. (योगशास्त्र) पांच प्रकार के यमों में पहला 3. जैन तथा बौद्ध धर्मों में आचार तथा धर्म संबंधी प्रमुख सिद्धांत।




### वर्ग पहेली -115 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 स | ■ | ■ | ■ | 2 को |
| लि | ■ | 3 अं | ■ | गी |
| 4 म | ति | ग | ति | ■ |
| ■ | ■ | सं | ■ | 5 द |
| 6 प | रि | ग | ण | न |
| को | ■ | ■ | ■ | द |
| ड़ा | ■ | 7 वं | ट | न |

## सुडोकू -29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 1 | |
| 5 | | | 7 | 3 | | | 2 | 4 |
| | 2 | 9 | | 1 | | 3 | | 8 |
| | | 4 | 6 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 7 | | |
| 8 | | | | | 2 | 9 | | |
| 1 | | 7 | | 9 | | 2 | 8 | |
| 6 | 3 | | | 8 | 7 | | | 5 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 9 | 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.19 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग

बु. 4, शु., गु. 2
5, सू. 3, 1 मं.
के., 6, 12 रा.
9, चं.
7, 11
8, 10 श.

**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 07.34 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** – आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार की शालीनता की लोग प्रशंसा करेंगे। आप ऑनलाइन शॉपिंग में काफी व्यस्त हो सकते हैं। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**वृष** – आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर तुरंत क्रोधित होने के बजाय उसे शांति से निपटाएं।

**मिथुन** – आज युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रुकी हुई डील होने के योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**कर्क** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप किसी कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। छोटे भाई से जुड़ी किसी समस्या का समाधान हो सकता है। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है।

**सिंह** – आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। बुजुर्ग लोगों का अपमान न करें। आप कुछ नया सीखने की इच्छा रखेंगे। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च हो सकता है। अति आत्मविश्वास से बचें।

**कन्या** – आज बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** – आज साझेदारी में नए व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक** – आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। प्रशासनिक कार्यों से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा।

**धनु** – आज बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। आपको बातचीत के दौरान सभ्य शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चो में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**मकर** – आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

**कुंभ** – आज जीवनशैली में नयापन आएगा। मार्केटिंग संबंधी कारोबार में उचित लाभ होगा। आप किसी वेबसीरीज का आनंद उठा सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई महसूस होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
संसार – सुबह : 10.41
कीमत – रात : 09.00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार – सुबह : 08.51
राधे – शाम : 05.54

SONY PIX
जॉन विक – दोपहर : 12.00
द फाउडर – रात : 09.00

ZEE CINEMA
विवाह – सुबह : 11.30
घूमर – रात : 08.00

colors CINEPLEX
भेड़िया – सुबह : 11.08
सीता राम – शाम : 05.01

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुपचाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

## एक नजर

### मोबाइल फोन चोरी के संदेह में व्यक्ति की हत्या

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में शुक्रवार देर रात को मोबाइल फोन चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इससे करीब 24 घंटे पहले इसी तरह के संदेह में एक व्यक्ति की पिटाई की गई थी और उसकी बाद में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि आधी रात के बाद पोलेनाइट इलाके में हुई घटना में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान प्रसेन मंडल के रूप में हुई है।

### अंकपत्र घोटाले में अब तक नौ लोग गिरफ्तार

**बारपेटा (असम)।** असम के गुवाहाटी विश्वविद्यालय में कथित अंकपत्र घोटाले में अब तक मुख्य आरोपी सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां गुवाहाटी, बारपेटा और धुबरी के विभिन्न स्थानों से की गई हैं तथा नवीनतम गिरफ्तारी शुक्रवार को धुबरी में हुई। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कथित घोटाले का खुलासा सबसे पहले बृहस्पतिवार को बारपेटा दौरे के दौरान एक संवादाताओं सम्मेलन में किया था। उन्होंने कहा था, कम्प्यूटरीकृत अंकपत्र प्रणाली के संचालन दायित्व से जुड़े लोग पैसे लेकर उसमें अंक बढ़ा देते हैं... यहां तक कि एक ऑपरेटर भी गुवाहाटी विश्वविद्यालय (जीयू) द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रणाली में अंकों को बदल सकता है।

# न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं: चंद्रचूड़

## सीजेआई बोले-तकनीकी मदद से अंग्रेजी में सुनाए गए फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा अनुवाद

कोलकाता, एजेंसी



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं स्वामी नहीं ,उन्हें न्यायपूर्ण तरीके से फैसला सुनाना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां टाउन हॉल में शनिवार को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं। यह न्याय का मंदिर है, तो मैं थोड़ा संकोची हो जाता हूं। गंभीर धारणा है कि हमें मंदिर में देवताओं के रूप में देखा जाता है। मैं न्यायाधीशों की भूमिका को जनसेवक के रूप में फिर से परिभाषित कर रहा हूं। ऐसा करके आप दूसरों के बारे में निर्णय लेने में करुणा और सहानुभूति की भावना लाते हैं, लेकिन दूसरों के बारे में निर्णयात्मक नहीं होते।

उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में कई बाधाएं हैं, लेकिन तकनीकी मदद से अंग्रेजी से क्षेत्रीय भाषाओं का अनुवाद किया जा सकता है। ज्यादातर फैसले अंग्रेजी में लिखे जाते हैं। तकनीक ने हमें उनका अनुवाद करने में सक्षम बनाया है। हम 51 हजार से अधिक फैसलों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं। इनमें बंगाली और उड़िया भी हैं। उन्होंने जमानत आवेदनों में सुस्ती पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह न्यायिक प्रणाली का मॉडल नहीं है। न्यायालयों को यह भी निगरानी करनी चाहिए कि किसी व्यक्ति को जमानत देने के उनके आदेश का क्रियान्वयन हुआ या नहीं, क्योंकि नौकरशाही प्रणाली आदेश के निपटान को प्रभावित करती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक मामले में किसी को भी सजा सुनाते समय न्यायाधीशों को करुणा की भावना के साथ ऐसा करना चाहिए, क्योंकि अंत में एक इंसान को ही सजा सुनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता की ये अवधारणाएं केवल शीर्ष अदालत या उच्च अदालत के न्यायाधीशों के लिए ही नहीं बल्कि जिला न्यायपालिका के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आम नागरिक की भागीदारी सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जिला न्यायपालिका से शुरू होती है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों को अंग्रेजी से संविधान के तहत मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए चल रहे कार्य में सहायता करने वाले एआई-सहायता प्राप्त सॉफ्टवेयर की भी बात की।

### न्यायपालिका राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त होनी चाहिए: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त न्यायपालिका का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि इसे बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिए। बनर्जी ने यह भी कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र, संविधान और लोगों के हितों के संरक्षण के लिए भारत की नींव का बड़ा स्तंभ है। मुख्यमंत्री ने यहां राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा-कृपया ध्यान रखें कि न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षपात न हो। न्यायपालिका पूरी तरह से पक्षपात रहित, ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए। लोगों को इसकी पूजा करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम भी मौजूद थे। बनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंदिर है और न्याय प्रदान करने का सर्वोच्च प्राधिकार है। उन्होंने कहा-यह एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है। न्यायपालिका लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है...और न्याय पाने और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए अंतिम मंच है।

# मुंबई-नागपुर राजमार्ग पर दो कारों की टक्कर में सात लोगों की मौत

जालना (महाराष्ट्र), एजेंसी

- कदवांची गांव के निकट हुआ हादसा, चार घायल

महाराष्ट्र के जालना जिले में मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर दो कार की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को समृद्धि एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कदवांची गांव के निकट हुआ। उसने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोग मुंबई के मलाड (पूर्व) और बुलढाणा जिले के निवासी थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-नागपुर से मुंबई जा रहा 'मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल' (एमयूवी) और विपरीत दिशा से आ रही एक कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक और व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि एमयूवी अवरोधक को तोड़कर सड़क के बाईं ओर जा गिरी। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। जालना के सरकारी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश जाधव ने बताया कि छह शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया है। उन्होंने बताया कि तीन घायलों का इलाज जालना के सरकारी जिला अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को छत्रपति संभाजीनगर जिले के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई।

# केरल में टैंकर से गैस रिसाव के बाद आठ विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती

**कन्नूर।** केरल में कन्नूर जिले के रामपुरम में एक टैंकर लॉरी से गैस रिसाव के बाद शनिवार को एक नर्सिंग कॉलेज के कम से कम आठ विद्यार्थियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों को बेचैनी और सांस लेने में कठिनाई होने लगी और उन्हें परियारम मेडिकल कॉलेज और पझायंगडी तालुक अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि पय्यान्नूर और परियायम पुलिस की एक दमकल टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की, लेकिन रिसाव को पूरी तरह से रोका नहीं जा सका है।

# मौत पर शराब तस्करों को दी जाएगी उम्रकैद की सजा

चेन्नई, एजेंसी

- तमिलनाडु में मद्यनिषेध अधिनियम में किया गया संशोधन

तमिलनाडु में 60 से अधिक लोगों की जान लेने वाली कल्लाकुरिचि जहरीली शराब त्रासदी के कुछ दिनों बाद राज्य सरकार ने शनिवार को मद्यनिषेध अधिनियम में संशोधन करके सजा को काफी बढ़ा दिया है।

संशोधित अधिनियम के तहत जहरीली शराब के सेवन से होने वाली मौतों के मामले में शराब तस्करों को आजीवन कारावास की सजा देने का प्रावधान किया गया है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने लोगों की जान जोखिम में डालने वाली अवैध शराब के विनिर्माण, इसके भंडारण और बिक्री जैसे अपराधों को लेकर सजा तथा जुर्माने में वृद्धि के लिए तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम 1937 में शनिवार को संशोधन कर दिया। तमिलनाडु मद्यनिषेध (संशोधन) अधिनियम-2024 सरकार द्वारा अधिसूचित तारीख पर प्रभाव में आएगा और इसका लक्ष्य राज्य से अवैध शराब के खतरे का पूरी तरह अंत करना है।

# राजस्थान में 23 करोड़ रुपये की हेरोइन समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में गंगानगर के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस ने करीब 23 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद करके तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि कल देर शाम सदर थाना क्षेत्र में हनुमानगढ़- अबोहर बाईपास पर हुंडई शोरूम के समीप मोटरसाइकिल पर जा रहे बलकारसिंह (35) और पुनीत (31) को गिरफ्तार करके उनसे 334 ग्राम हेरोइन बरामद की। इनसे पूछताछ के आधार पर सीमावर्ती श्रीकरनपुर शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी सद्दाम हुसैन (31) को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास चार किलो 80 ग्राम हेरोइन मिली।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार श्रमिकों की मौत, एक अन्य घायल

विरुधुनगर(तमिलनाडु), एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने की तीन-तीन लाख रुपये मुआवजे की घोषणा

तमिलनाडु में एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट होने से चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार यह जानकारी दी। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट तथा आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाना बताया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इकाई के नजदीक मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया और इमारतों और अन्य कमरों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने दुख जताते हुए चारों मृत श्रमिकों के परिवार को मुआवजे के रूप में तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। विस्फोट 29 जून की सुबह विरुधुनगर जिले के सत्तूर तालुक के पंथुवरपट्टी गांव स्थित एक आतिशबाजी इकाई में हुआ था। मृतकों की पहचान अचनकुलम गांव के 45 वर्षीय राजकुमार, नाडुसुरनकुडी के मारिसमी (40) और वेम्बकोट्टई के सेल्वाकुमार (35) और मोहन (30) के रूप में हुई। पुलिस के अधिकारी ने बताया घटना के बाद राहत कार्य के साथ मामले की जांच जारी है कि आखिर विस्फोट किस वजह से हुआ है।

# जद(यू) ने संजय झा को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा को अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के गठन में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए केंद्र से बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने पर विचार करने का आग्रह किया। पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महंगाई और बेरोजगारी को 'ज्वलंत मुद्दे' करार दिया गया और पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव में विश्वास जताया गया कि राजग सरकार इनसे निपटने के लिए और प्रभावी कदम उठाएगी।

## पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत को खूब भिगोएंगे बादल

# उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार से पांच दिन में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान शनिवार को व्यक्त किया। आईएमडी ने कहा है कि पूर्वोत्तर राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश के पूर्व, उत्तर-पश्चिम में निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हुआ है। उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिम हिस्से से निम्न दबाव वाले क्षेत्र की एक प्रणाली बन गई है। जिसके कारण 29 जून से तीन जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारी वर्षा होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र, झारखंड और ओडिशा में 29-30 जून को और बिहार में 30 जून से दो जुलाई तक भारी वर्षा होने का अनुमान है।

आईएमडी ने इस अवधि में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बहुत भारी वर्षा का भी अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर में, असम के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक चक्रवाती परिसंचरण अगले पांच दिन में पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम वर्षा, गरज के साथ बौछारें, बिजली गिरने तथा कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा लाएगा। अरुणाचल प्रदेश में 29-30 जून को तथा 29 जून को असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने का अनुमान है। एक जुलाई तक सौराष्ट्र, कच्छ, केरल, तमिलनाडु तथा तटीय और दक्षिण कर्नाटक में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का पूर्वानुमान लगाया है।

### राजकोट हवाई अड्डे के बाहर कैनोपी का हिस्सा ढहा



**राजकोट।** राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में पिकअप और ड्रॉप वाले क्षेत्र के ऊपर कनात से बनी छत (कैनोपी) का एक हिस्सा शनिवार को भारी बारिश के कारण गिर गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। गुजरात में हवाई अड्डे पर इस घटना के पहले दिल्ली और जबलपुर में भी इसी प्रकार की घटनाएं हुई हैं। राजकोट हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारी बारिश के कारण पूर्वाह्न 11.40 बजे टर्मिनल भवन में छत वाले हिस्से में पानी जमा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग को सूचना दी गई और छत के नीचे के हिस्से को घेर दिया गया। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11.55 बजे भारी बारिश के कारण छत पर अधिक पानी जमा हो गया, जिसके कारण कनात का कपड़ा फट कर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के भी हताहत नहीं होने की खबर है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60 से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90 से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

# विश्व बैंक ने कम कार्बन ऊर्जा विकास के लिए 1.5 अरब डॉलर देने की मंजूरी दी

## बैंक ने कहा-भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था और इसके विस्तार की है उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने भारत को कम कार्बन ऊर्जा के विकास में तेजी लाने में मदद करने के लिए दूसरे चरण में 1.5 अरब डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी है।

विश्व बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान हरित हाइड्रोजन के लिए एक जीवंत बाजार के विकास को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना जारी रखने और कम कार्बन ऊर्जा निवेश के लिए वित्त को प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा। उसने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और अर्थव्यवस्था के तेजी से विस्तार करने की उम्मीद है। उत्सर्जन वृद्धि से आर्थिक विकास को अलग करने के लिए अक्षय ऊर्जा को विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हरित हाइड्रोजन उत्पादन और खपत के विस्तार के साथ-साथ कम कार्बन निवेश के लिए वित्त जुटाने को बढ़ावा देने के लिए जलवायु वित्त के तेजी से विकास की आवश्यकता होगी।

विश्व बैंक ने कहा कि लो कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन के इस दूसरे चरण में हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइज़र के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा, जो हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है।

### रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है : कौमे

भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्टे टैनो कौमे ने कहा-विश्व बैंक को भारत की कम कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है, जो निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा रोजगार पैदा करते हुए देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। वास्तव में, पहले और दूसरे चरण दोनों में हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर मजबूत ध्यान दिया गया है। सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 25/26 से प्रति वर्ष कम से कम 450,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने और प्रति वर्ष पांच करोड़ टन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा। यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा।

# इफ्को ने ट्रायम्फ ऑफशोर मामले में एनसीएलटी से वापस ली याचिका

**नई दिल्ली।** खाद बनाने वाली कंपनी इफ्को ने एनसीएलटी में ट्रायम्फ ऑफशोर के खिलाफ दायर अपनी याचिका वापस ले ली है। इफ्को ने याचिका में ऋण चुकाने के लिए ट्रायम्फ ऑफशोर को ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी। इससे पहले इफ्को ने ट्रायम्फ ऑफशोर में अपनी पूरी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने संयुक्त उद्यम भागीदार स्वान एनर्जी लिमिटेड (एसईएल) को 440 करोड़ रुपये में बेच दिया था। इफ्को ने मार्च में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाया था और उसकी मंजूरी के बिना ट्रायम्फ ऑफशोर तथा एसईएल को कर्ज चुकाने के लिए ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी।

# वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जताया भरोसा



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति गंभीर है, क्योंकि यूक्रेन-रूस और इजरायल-हमास के बीच युद्ध और लाल सागर संकट अभी भी जारी है। मंत्री ने कहा कि यूरोप जैसे कुछ प्रमुख लोकतांत्रिक देशों में चुनाव भी हो रहे हैं। गोयल ने कहा-ऐसी स्थिति में यह सकारात्मक संकेत है कि हमारा निर्यात बढ़ रहा है (मई में नौ प्रतिशत की वृद्धि) और इससे यह पता भी चलता है कि दुनिया भारत के साथ व्यापार और निवेश करना चाहती है। हमें भरोसा है कि इस साल हमारा निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होगा और यह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा। वह रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए थे। गोयल ने कहा कि निर्यात के लिए मंत्रालय विदेश स्थित भारतीय मिशनों और निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## एक नजर

### सेल्सफोर्स इंडिया ने डिजिटल लेंडिंग सुविधा लॉन्च की

**मुंबई।** सेल्सफोर्स ने डिजिटल लेंडिंग फ़ॉर इंडिया की आगामी डिजिटल लेंडिंग सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है जो बैंकों और ऋणदाताओं को ग्राहक को ऋण देने के लिए डिजिटल तरीके से एक मंच प्रदान करेगा, साथ ही डिस्कनेक्ट किए गए, पुराने प्लेटफार्मों को बनाए रखने की लागत और बोझ को संभावित रूप से कम करेगा। कंपनी ने आज यहां कहा कि डिजिटल लेंडिंग फ़ॉर इंडिया विशेष रूप से देश के ग्राहकों को सेवा देगा।

### मुंबई में जून में 11,443 मकानों का पंजीकरण

**मुंबई।** मुंबई शहर (बृहन्न मुंबई महानगर पालिका क्षेत्र) में इस वर्ष जून में लगभग 11,443 अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया गया जो एक साल पहले इसी माह की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 89,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,850-55,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,450 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,450 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

# कोयला आयात वृद्धि दर पिछले दशक में घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आई

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त वर्ष 2023-24 के मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

भारत ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसका पता इस बात से चलता है कि कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक कोयला आयात की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि, 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही है। बयान के अनुसार-इसके अलावा, वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94 प्रतिशत था। जबकि, पिछले दशक के दौरान यह आंकड़ा गिरकर शून्य से नीचे लगभग 2.29 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू कोयला संसाधनों के अनुकूलन और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करते हुए देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रख रहा है।

# एआई क्लस्टर स्थापित करने के लिए आईबीएम गुजरात सरकार में समझौता

**नई दिल्ली।** आईबीएम और गुजरात सरकार ने शनिवार को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी में आईबीएम के वाटसनएक्स का लाभ उठाते हुए एआई क्लस्टर की स्थापना करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एआई क्लस्टर की स्थापना से वित्तीय संस्थानों के बीच नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत वित्तीय संस्थानों को कृत्रिम मेधा (एआई) सैंडबॉक्स तक पहुंच, अवधारणा का प्रमाण प्रदान करने में सहायता, एआई साक्षरता कार्यक्रम और डिजिटल सहायक समाधान प्राप्त होंगे।

# सीएस शेट्टी बनेंगे एसबीआई के नए चेयरमैन, एफएसआईबी ने सिफारिश की

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेवानिवृत्त होने वाले दिनेश कुमार खारा का लेंगे स्थान



सरकारी नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक सी एस शेट्टी के नाम की सिफारिश की है। शेट्टी को जनवरी, 2020 में प्रबंध निदेशक के तौर पर चुना गया था।

वर्तमान में वे अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों का कार्यभार संभालते हैं। वह दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे, जो 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए ऊपरी आयु सीमा है। एफएसआईबी ने इस पद के लिए 29 जून, 2024 को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

# रवि अग्रवाल सीबीडीटी के नए अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने 1988 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी रवि अग्रवाल को आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह 1986 बैच के आईआरएस अधिकारी नितिन गुप्ता का स्थान लेंगे, जिनका अध्यक्ष के रूप में विस्तारित कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। अग्रवाल वर्तमान में सीबीडीटी में सदस्य (प्रशासन) के रूप में काम कर रहे हैं। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि अग्रवाल जून, 2025 तक सीबीडीटी के प्रमुख रहेंगे।

मुरादाबाद, रविवार, 30 जून 2024
www.amritvichar.com

# विश्व कप





फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया, विराट और हार्दिक के शानदार प्रदर्शन से जीती दूसरी बार ट्रॉफी

# बारबाडोस में भारत विश्वविजेता



ब्रिजटाउन, एजेंसी

13 साल बाद भारतीय टीम ने एक बार फिर टी-20 विश्वकप के खिताब पर कब्जा जमाया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रोमांचक मैच में 7 रन जीत दर्ज कर भारत के लंबे इंतजार को खत्म किया। टी-20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी और भारतीय टीम पहले ही संस्करण में चैंपियन बनी थी। तब से लेकर अब तक 17 साल में पहली बार ऐसा हुआ कि पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही टीम भारत चैंपियन बनी। यह नौवां संस्करण है और पिछले आठ संस्करण में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई टीम एक भी मैच न गंवाते हुए चैंपियन बनी हो। 2007 से लेकर 2022 टी-20 विश्व कप तक चैंपियन बनने वाली टीम ने अभियान के दौरान कोई न कोई मैच जरूर गंवाया है। हालांकि, इस बार न तो दक्षिण अफ्रीका और न ही भारत ने एक भी मैच हारा था। दक्षिण अफ्रीका ने अंत में आकर भारत के आगे घुटने टेक दिए और भारत ने 2007 के बाद एक बार फिर 2024 में टी-20 विश्वकप पर कब्जा किया।

पावरप्ले में मिले शुरूआती झटकों से उबरते हुए विराट कोहली और अक्षर पटेल ने भारत को में सात विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। भारत ने एक समय पांचवें ओवर में तीन विकेट सिर्फ 34 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद अक्षर (31 गेंद में 47 रन) और कोहली (59 गेंद में 76 रन) ने टीम को संकट से निकाला। जवाब में हेनरिच क्लासेन (27 गेंद में 52 रन) ने एक समय दक्षिण अफ्रीका को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन भारत ने हार की कगार पर पहुंचकर जीत दर्ज की। पिछले छह महीने से क्रिकेटप्रेमियों के कोपभाजन रहे हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी।

अगला टी-20 विश्व कप नहीं खेलने वाले विराट और रोहित के चेहरे पर जीत का इत्मीनान था। कोच राहुल द्रविड़ को भी शानदार विदाई मिली। भारतीय तेज गेंदबाजों ने दो शुरूआती विकेट जल्दी निकाले जिसके बाद क्विंटोन डिकॉक (31 गेंद में 39 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (27 गेंद में 52 रन) ने 58 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को मैच में लौटाया। रोहित ने 15वें ओवर में अक्षर को गेंद सौंपी जिसमें क्लासेन ने दो छक्के और दो चौके जड़ डाले। ऐसा लगने लगा था कि भारत की जद से मैच निकल चुका है लेकिन जब आखिरी छह गेंद में 16 रन चाहिये थे, तब सूर्यकुमार यादव ने लांग ऑफ सीमा पर अद्भुत रिले कैच लपककर जीत सुनिश्चित कर दी।

इससे पहले भारत के लिए कोहली और अक्षर ने चौथे विकेट के लिए 54 गेंद में 72 रन की साझेदारी की। अक्षर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट हो गए। बीच के ओवरों में कोहली धीमे पड़े और अपना अर्धशतक उन्होंने 48 गेंदों में पूरा किया। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय कप्तान को दूसरे ही ओवर में केशव महाराज ने पवेलियन भेजा। स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में वह स्क्वेयर लेग पर कैच दे बैठे। उनके बाद आए ऋषभ पंत भी इसी अंदाज में आउट हुए। रोहित की ही तरह शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव के आउट होने से भारत को हरारा झटका लगा। उन्हें कैगिसो रबाडा ने फाइन लेग पर कैच आउट कराया। भारत ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। छह ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 45 रन था। दूसरे छोर से विकेटों का पतन देख रहे कोहली ने बीच के ओवरों में संभलकर खेला।

कोहली ने अपनी पारी का पहला छक्का रबाडा को 18वें ओवर में लगाया। दूसरे छोर से अक्षर ने अपने टी-20 कैरियर की सबसे उपयोगी पारी खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों को अच्छे स्ट्रोक्स लगाए। उन्होंने एडेन माक्ररम, महाराज और तबरेज शम्सी को एक एक छक्का लगाया। भारत ने सातवें से 15वें ओवर के बीच में 72 रन बनाए और अक्षर का विकेट गंवाया।



## स्कोर बोर्ड

| भारत | 176/6 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| रोहित शर्मा कैच क्लासेन बो महाराज | 9 | 5 | 2/0 |
| विराट कोहली कैच रबाडा बो यैंसन | 76 | 59 | 6/2 |
| ऋषभ पंत कैच डिकॉक बो महाराज | 0 | 2 | 0/0 |
| सूर्यकुमार कैच क्लासेन बो रबादा | 3 | 4 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट डिकॉक | 47 | 31 | 1/4 |
| शिवम दुबे कैच मिलर बो नॉखिए | 27 | 16 | 3/1 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा कैच महाराज बो नॉखिए | 2 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6 रन, गेंदबाजी : यैंसन 4-0-49-1, महाराज 3-0-23-2, रबाडा 4-0-36-1, मारक्रम 2-0-16-0, नॉखिए 4-0-26-2, शम्सी 3-0-26-0

| दक्षिण अफ्रीका | 168/8 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| रीजा हैंड्रिक्स बोल्ड बुमराह | 4 | 5 | 1/0 |
| डिकॉक कैच कुलदीप बो अर्शदीप | 39 | 31 | 4/1 |
| मारक्रम कैच पंत बो अर्शदीप | 4 | 5 | 1/0 |
| स्टब्स बोल्ड अक्षर | 31 | 21 | 3/1 |
| हैनरिक क्लासेन कैच पंत बो हार्दिक | 52 | 27 | 2/5 |
| डेविड मिलर कैच सूर्या बो हार्दिक | 21 | 17 | 1/1 |
| मार्को यैंसन बोल्ड बुमराह | 2 | 4 | 0/0 |
| केशव महाराज नाबाद | 2 | 7 | 0/0 |
| कगिसो रबाडा कैच सूर्या बो हार्दिक | 4 | 3 | 1/0 |
| एनरिक नॉर्टजे नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 9 रन, गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-20-2, बुमराह 4-0-18-2, अक्षर 4-0-49-1, हार्दिक 3-0-20-3, जडेजा 1-0-12-2

## कब कौन बना टी-20 विश्वकप विजेता

| वर्ष | विजेता | उपविजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2024 | भारत | द. अफ्रीका | वेस्टइंडीज |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई-ओमान |
| 2016 | वेस्ट इंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्ट इंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

## मालविका सेमीफाइनल में, त्रिसा और गायत्री का अभियान समाप्त

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी



- बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर को रोमांचक मैच में हराया

भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर पर तीन गेम की रोमांचक जीत से अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागपुर की 22 साल की मालविका ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता क्रिस्टी को 10-21 21-15 21-10 से शिकस्त दी।

49वीं रैंकिंग की मालविका ने हायलो ओपन 2022 में क्रिस्टी को हराया था जब स्कॉटलैंड की शटलर ने चोट के कारण दूसरे गेम में रिटायर होने का फैसला किया था। भारतीय खिलाड़ी इससे पहले क्रिस्टी से दो बार हार चुकी हैं। इस साल अजरबेजान अंतर्राष्ट्रीय चैलेंजर जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी का सामना अब जापान की छठी वरीय नातसुकी निडाइरा से होगा। पुरुष एकल में प्रियांशु ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह चीन के चौथे वरीय लेई लान जि की चुनौती पार नहीं कर सके और एक घंटे में 21-15 11-21 18-21 से हार गये। दूसरी वरीय त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जापान की रूई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीय जोड़ी से 17-21 21-17 19-21 पराजय झेलनी पड़ी जिससे उनका अभियान अंतिम आठ में समाप्त हो गया।

## टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में तैयारियां शुरू

**कानपुर।** 27 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच के लिये ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम पर तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। तैयारियों का जायजा लेने जुलाई के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अध्यक्ष निधि पति सिंघानिया ग्रीन पार्क का निरीक्षण करेंगे। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उनका ग्रीनपार्क मैदान पर पहला दौरा होगा।

सूत्रों ने बताया कि ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लौदेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच की घोषणा की गयी है। तब से ही तैयारियों को शुरु करा दिया गया है उसका जायजा लेने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचेगे।

## कोई प्रायोजक नहीं, सुधार के लिए जूझ रही हूं : लिली

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी



धाविका लिली दास ने जब 2016 में भारतीय एथलेटिक्स में शुरूआत की थी तो उन्हें उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं और आठ साल बाद भी वह अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक की कोशिश में जुटी हैं। प्रायोजकों की कमी के कारण लिली शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत नहीं दिखा सकी हैं लेकिन 2016 में फेडरेशन कप की जूनियर स्तर की 1500 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली पश्चिम बंगाल की यह एथलीट अभी हार मानने को तैयार नहीं है।

26 साल की लिली ने पोलैंड के बिडगोस्ज में 2016 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। इसमें लिली 1500 मीटर के फाइनल में 10वें स्थान पर रही थीं। सीनियर स्तर पर उन्होंने 2019 दक्षिण एशियाई खेलों की 800 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के अलावा कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है। लिली ने कहा, मैंने जूनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं लेकिन सीनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक नहीं जीत पा रही। यह दुखद हिस्सा है। लेकिन मैं अभी हार नहीं मान रही हूं।

## टेस्ट इतिहास में भारतीय महिला टीम ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर

- दूसरे दिन भारतीय महिला टीम ने 603 रन पर की पारी घोषित, दक्षिण अफ्रीका ने बनाए 4 विकेट खोकर 236 रन

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की। इसके बाद मारिजाने काप और सुने लुस की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 236 रन बना लिये थे। मेजबान टीम ने बीती रात के चार विकेट पर 525 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया।

अपना पांचवां टेस्ट खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लंबे प्रारूप में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 115 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि ऋचा घोष ने भी भारत का दबदबा जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी निभायी। भारत ने 576 रन बनाते ही महिला टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया द्वारा बनाया पिछला नौ विकेट पर 575 रन का सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। हरमनप्रीत के टुमी सेखुखुने की गेंद पर पगबाधा आउट होते ही 593 रन पर यह साझेदारी टूट गई। इसके 10 रन बाद ही ऋचा भी मलाबा की गेंद पर पगबाधा हो गई और भारतीय कप्तान ने पारी घोषित कर दी।

दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम ने भी शानदार जज्बा दिखाते हुए पारी की शुरूआत की जिसमें सुने लुस (65 रन) और मारिजाने (नाबाद 69 रन) की अर्धशतकीय पारियों से स्टंप तक चार विकेट पर 236 बनाने में मदद की। अब टीम भारत से 367 रन से पिछड़ रही है। दक्षिण अफ्रीका ने बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हुए लंच ब्रेक तक बिना विकेट गंवाये 29 रन बना लिये थे। लेकिन स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वुलवार्ट (20) को पगबाधा आउट कर 33 रन पर पहला झटका दिया। फिर एनेके बॉश का साथ निभाने लुस उतरीं। इस जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। राणा ने ही इस भागीदारी का अंत किया। अब काप और लुस क्रीज पर थीं। अंतिम सत्र में दोनों बल्लेबाजों ने अपने अर्धशतक पूरे करते हुए 93 रन की साझेदारी की जिसका अंत दीप्ति शर्मा ने लुस को पगबाधा आउट कर किया। यह दक्षिण अफ्रीका की इस प्रारूप में तीसरे विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी भी है। नौ गेंद बाद डेल्मी टकर खाता भी नहीं खोल सकीं और राणा की गेंद का शिकार हुई। काप और नाडिने डि क्लर्क ने मिलकर पांचवें विकेट के लिये स्टंप तक नाबाद 38 रन की साझेदारी निभा ली थी।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

## स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी घोषित) | 603/6 (115.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर पगबाधा सेखुखुने | 69 | 115 | 4/0 |
| रिचा घोष पगबाधा मलाबा | 86 | 90 | 16/0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 2 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 22 रन, गेंदबाजी : क्लास 17-2-74-0, डेर्कसन 17-0-80-0, डि क्लेर्क 12-1-79-1, सेखुखुने 14-0-70-1, मलाबा 26.1-1-122-1, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

| द. अफ्रीका (पहली पारी) | 236/4 (72 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| लॉरा वुलवार्ट पगबाधा राणा | 20 | 39 | 3/0 |
| ऐनेक बॉश का दीप्ति बो राणा | 39 | 73 | 4/1 |
| सुने लुस पगबाधा दीप्ति | 65 | 164 | 6/1 |
| मारिजाने काप नाबाद | 69 | 125 | 8/0 |
| डेल्मी टकर का रिचा बो राणा | 0 | 8 | 0/0 |
| नाडिने डि क्लर्क नाबाद | 27 | 28 | 5/0 |

अतिरिक्त : 16 रन, गेंदबाजी : रेणुका 7-0-22-0, वस्त्राकर 9-2-32-0, राणा 20-2-61-3, राजेश्वरी 16-3-50-0, दीप्ति 15-3-40-1, हरमनप्रीत 3-0-9-0, मंधाना 2-0-8-0

## विनिसियस जूनियर के दो गोल से ब्राजील ने पराग्वे को रौंदा

**लास वेगास।** विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किए दो गोल से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का दावा मजबूत किया। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। विनिसियस ने मैच के 35वें मिनट में गोलकर टीम का खाता खोला जबकि साबियो ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना किया। विनिसियस ने मध्यांतर से पहले दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बनाया। पाक्वेटा ने 61वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने में गलती नहीं की। एल्डेरेटे ने 81वें मिनट में पराग्वे के लिए सांत्वना गोल दागा। ब्राजील को अंतिम आठ में जगह बनाने की संभावना बढ़ाने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत थी क्योंकि उसे ग्रुप के शुरुआती मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित बराबरी पर रोक दिया था।



कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच गोल के लिए के और पनामा के खिलाड़ी।

## कोस्टा रिका को हराकर कोलंबिया कोपा कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडाले।** डेविंसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में 3 मिनट के अंदर गोल किए, जिससे कोलंबिया ने कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोलंबिया ने ग्रुप डी मैच की शुरुआत से ही दबदबा कायम किया। लुइस डाज ने पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 31वें मिनट में बढ़त दिला दी। सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। कोलंबिया के सामने अब मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप मैच में ब्राजील की चुनौती होगी। विश्व कप क्वालीफायर 2022 में अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की यह 25 मैचों में यह कुल 20वीं जबकि लगातार 10वीं जीत है। टीम ने इस दौरान पांच मैच ड्रॉ खेले हैं। कोस्टा रिका की टीम पूरे मैच में एक बार भी कोलंबिया की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद सकी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### ताइवान के आसपास मंडरा रहे हैं चीन के विमान

ताइपेई। ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब मंडरा रहे चीन के पीएलए के 23 विमानों और पांच जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर कहा सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 23 विमान और पांच जहाजों का पता चला। बीस विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की है और प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि मई में, द्वीप के प्रशासन के नए प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार ग्रहण करने के दो दिन बाद चीनी सशस्त्र बलों ने ताइवान के आस-पास व्यापक सैन्य अभ्यास किया।

### न्यूयॉर्क में मिनीवैन दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका में न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में मिनीवैन की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सफोल्क काउंटी के डियर पार्क अग्निशमन विभाग के प्रमुख डोमिनिक अल्बानीज़ ने बताया कि सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां चार लोग मृत पाए गए। उन्होंने बताया कि अधिकारी घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### मास्को उपनगर में छात्रावास में आग लगने से पांच की मौत

मास्को। रूस में मॉस्को के उपनगर बालाशिखा में एक छात्रावास में आग लगने पांच लोगों की मौत हो गई। तास न्यूज एजेंसी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने परिचालन सेवाओं के हवाले से बताया केरामीचेस्काया स्ट्रीट पर छात्रावास में आग लगने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई है। तीन लोगों को बचा लिया गया है और वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है तथा 10 अन्य लोगों को निकाला गया है। परिचालन सेवाओं ने कहा प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार आग का कारण विद्युत नेटवर्क का एक आपातकालीन संचालन था।

### चीन में धोखाधड़ी के आरोप में 3,350 लोग गिरफ्तार

बीजिंग। चीन में पुलिस ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों को मदद करने के आरोप में राष्ट्रव्यापी अभियान तहत 3,350 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दी। मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 106 आपराधिक गिरोहों के संदिग्धों ने कथित रूप से फर्जी वेबसाइट के पते, क्यूआर कोड और अश्लील जानकारी वाले कार्ड छपवाए और पीड़ितों को धोखाधड़ी की योजनाओं में लुभाने के लिए उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर पोस्ट किया। इस अभियान ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों की उभरती समस्या का जवाब दिया है।

# नासा की गलती से स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स हीलियम लीक के बारे में थी जानकारी, कब होगी वापसी?

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेस में फंसे हुए हैं। स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक के कारण ऐसा हो रहा है। इस बीच उनके मामले से जुड़ी एक दिल दहला देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। अमरीकन न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक लॉन्च के लिए सुरक्षित मानने के बावजूद नासा और बोइंग दोनों प्रबंधकों को इसके रिसाव के बारे में जानकारी थी। हालांकि उन्होंने इसे मिशन को खतरे में डालने के लिए बेहद छोटा माना था। लेकिन अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद चार लीक देखे गए, जिस कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी फंसी हुई है। इनकी वापसी 13 जून को होनी थी, जो अभी तक नहीं हो पाई है।

### अब नासा ने कहा- 90 दिनों तक बढ़ सकता है मिशन

नासा ने कहा है कि उसके दोनों अंतरिक्ष यात्री अधिक समय तक स्पेस में रहेंगे। क्योंकि इंजीनियर बोइंग कैप्सूल में पैदा हुई समस्याओं का निवारण करने में लगे हैं। नासा ने जमीन पर परीक्षण पूरा होने तक वापसी की तारीख तय नहीं की और कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम मैनेजर स्टीव स्टिच ने कहा नासा स्टारलाइनर के मिशन की अधिकतम अवधि को 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन करने पर विचार कर रही है। 5 जून को दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सवार होकर आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। वर्षों की देरी और असफलताओं के बाद यह पहला अंतरिक्ष यात्री लॉन्च था। यह टेस्ट फ्लाइट लगभग एक सप्ताह चलने की उम्मीद थी।

### कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को ठीक किया जा रहा

नासा और बोइंग टीम स्टारलाइनर की कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को सही करने की कोशिश है। नासा के स्टीव स्टिच का कहना है कि वो एसओपी फॉलो कर रहे हैं और डेटा के आधार पर निर्णय ले रहे हैं। एक बार इसका समाधान होने पर उनकी वापसी हो जाएगी। आईएसएस से अंतरिक्ष यात्रियों को लाने-ले जाने की स्पेसएक्स की क्षमता को देखते हुए फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान की संभावना पर चर्चा की जा रही है।



### यह दिक्कत आई सामने

नासा ने 24 जून के प्रयास के बाद घोषणा की कि स्पेस सूट कूलिंग यूनिट वॉटर लूप रिसाव के कारण स्पेसवॉक रद कर दिया गया है। अच्छी बात यह रही कि हर मामले में अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रहे। स्पेससूट को लेकर पैदा हुई चिंताओं से स्पेसवॉक का स्थगित होना नासा की समस्याओं की शुरुआत है। 2 जुलाई के लिए भी एक स्पेसवॉक निर्धारित है। केवल समय ही बताएगा कि क्या इसे हरी झंडी दी जाएगी या नहीं। स्पेस सूट में आने वाली समस्याएं दिखाती हैं कि अंतरिक्ष यात्रियों को नए सूट की जरूरत है जो 40 साल पुराने डिजाइन पर आधारित हैं।

### अंतरिक्ष में बर्फ बनने लगा पानी

नासा के लाइव फीड के दौरान इस घटना को पकड़ा गया। इसमें डायसन ने हर जगह पानी की रिपोर्ट दी। डायसन ने मिशन कंट्रोल को बताया, मैं देख सकता था कि बर्फ के क्रिस्टल निकल रहे हैं। यह एक बर्फ बनाने वाली मशीन की तरह था। जब पानी का रिसाव हुआ तब अंतरिक्ष के लिए बाहर का दरवाजा खुला हुआ था।

# अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं प्रवासी

## ट्रंप के बयान की चौतरफा निंदा, लोग बोले- वोट के लिए नस्लवादी टिप्पणी की

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बहस और शुक्रवार को एक रैली के दौरान दावा किया कि प्रवासी अमेरिका में अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं। ट्रंप के इस बयान की उनके आलोचकों ने कड़ी निंदा की और कहा कि वोट बैंक का दायरा बढ़ाने की उनकी यह नस्लवादी और अपमानजनक कोशिश है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की प्रक्रिया के तहत ट्रंप और बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को करीब 90 मिनट तक जोरदार बहस हुई थी। ट्रंप ने कोई सबूत पेश किए बिना कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चाहते हैं कि मतदाता के रूप में प्रवासी अमेरिकियों की जगह ले लें।

उन्होंने सीएनएन पर प्रसारित बहस में कहा सच्चाई यह है कि वह (बाइडन) अश्वेत लोगों पर सबसे बड़ा प्रहार उन लाखों लोगों के जरिए कर रहे हैं जिन्हें उन्होंने सीमा पार से आने की अनुमति दी है। वे अब अश्वेतों की नौकरियां ले रहे हैं। वे लातिन अमेरिकियों की



नौकरियां ले रहे हैं। आपको अभी यह समझ नहीं हा रहा लेकिन आप हमारे इतिहास की सबसे खराब चीज होती देखेंगे। ट्रंप और उनके सहयोगियों का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी बाइडन के कामकाज से असंतुष्ट अश्वेतों और लातिन अमेरिकी समुदाय तक पूर्व राष्ट्रपति की पहुंच बढ़ाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को वर्जीनिया में एक रैली के दौरान फिर से ये टिप्पणियां कीं। डेमोक्रेटिक पार्टी और अश्वेत नेताओं ने ट्रंप के इस बयान की निंदा की।

**गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है :** नेशनल असोसियेशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ कलर्ड पीपल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेरिक जॉनसन ने कहा अश्वेतों के लिए नौकरी जैसी कोई चीज नहीं होती। यह गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है। हम चिकित्सक, वकील, शिक्षक, पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी हैं। यह सूची बहुत लंबी है। उन्होंने कहा यह चिंताजनक है कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार ऐसा भेद पैदा करने की कोशिश कर रहा है जो मौजूद नहीं है, हालांकि ट्रंप का इस तरह की विभाजनकारी बात करना आश्चर्यजनक नहीं है।

### पार्टी में उठी मांग बाइडेन को उम्मीदवारी से सम्मानजनक रूप से हट जाना चाहिए



सिडनी। जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस सप्ताह की राष्ट्रपति बहस के समापन के कुछ ही मिनटों के भीतर, कई लोगों के लिए यह स्पष्ट हो गया कि 81 वर्षीय बाइडेन नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएंगे। 90 मिनट की बहस के दौरान स्पष्ट रूप से संवाद करने में उनकी असमर्थता के कारण पूरे अमेरिकी राजनीतिक हलकों, विशेष रूप से डेमोक्रेट के बीच, उनकी कड़ी आलोचना हुई। पार्टी में भी अब उनकी उम्मीदवारी छोड़ने की मांग उठने लगी है। ओबामा प्रशासन के पूर्व अधिकारी और सीएनएन विश्लेषक वैन जोन्स ने बाइडेन के बारे में कहा देश और जनता में विश्वास बहाल करने के लिए उन्हें आज रात एक परीक्षा से गुजरना था, और वह ऐसा करने में असफल रहे। हम अभी भी पार्टी सम्मेलन से दूर हैं। और इस पार्टी के लिए आगे बढ़ने का एक अलग रास्ता निकालने का समय आ गया है। बाइडेन ने ट्रंप के विभिन्न व्यक्तिगत अविवेक और 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर विद्रोह को लेकर अपने पूर्ववर्ती पर कुछ वार किए, और एक बिंदु पर कहा आप गली की एक बिल्ली जितने नैतिक हैं। लेकिन यह कई संशयवादियों को समझाने के लिए पर्याप्त नहीं था कि बाइडेन ट्रंप अभियान से लड़ने में सक्षम हैं, अमेरिकी कमांडर-इन-चीफ के कर्तव्यों को निभाने और अगले चार वर्षों तक दुनिया में सबसे कठिन काम करने का तो जिक्र ही नहीं किया गया। यदि सप्ताहांत के मतदान से पता चलता है कि बाइडेन अपने भयानक बहस प्रदर्शन के बाद समर्थन खो रहे हैं, जिसकी अत्यधिक संभावना है, तो डेमोक्रेट के उम्मीदवार के रूप में उनकी जगह लेने का कदम और भी तीव्र और अंतत: निर्विरोध हो जाएगा।

## रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत

कीव। रूस के स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उसके देश के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, दूसरी तरफ यूक्रेनी शहर डीनिप्रो में बचावकर्मी रूसी हमले में ध्वस्त हुई उस नौ मंजिला आवासीय इमारत का मलबा हटाते दिखे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने सोशल मीडिया पर कहा कि रूस-यूक्रेन सीमा पर गोरोडिशे गांव में यूक्रेनी हमले के पीड़ितों में दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि डीनिप्रो में रूसी हमले के बाद एक इमारत की शीर्ष चार मंजिलें नष्ट होने के बाद कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात महीने की बच्ची सहित 12 लोग घायल हो गए।

## नेपाल ने भारत में क्यूआर कोड से भुगतान स्वीकार किया

काठमांडू, एजेंसी

- नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की

भारतीयों को नेपाल में अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति दिए जाने के तीन महीने बाद, नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने घोषणा की कि नेपाली नागरिक अब भारत में क्यूआर कोड भुगतान प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जारी एक परिपत्र में, नेपाल राष्ट्र बैंक ने क्यूआर कोड के साथ-साथ ई-बैंकिंग, इंटरबैंक भुगतान और मोबाइल बैंकिंग जैसे अन्य भुगतान विधियों का उपयोग करके भारत और भूटान में भुगतान करने की अनुमति दी। नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की लेनदेन तय की है। यह नेपाली नागरिकों द्वारा भारतीय व्यापारियों को किए गए भुगतान, विशेष रूप से वस्तुओं और सेवाओं को संदर्भित करता है। भूटान के केंद्रीय बैंक ने इस तरह के भुगतान की अनुमति देते हुए एक परिपत्र जारी किया है। इस विनियमन संशोधन के बाद, नेपाली भुगतान प्रणाली ऑपरेटर जल्द ही भारत में इन सेवाओं को शुरू करना चाहते हैं। नेपाल राष्ट्र बैंक ने निर्देश दिया है कि डिजिटल सीमा पार भुगतान प्रणालियों में शामिल नेपाली उद्यम विदेशी भागीदारों के साथ समझौता करने या समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने से पहले केंद्रीय बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करें।

## पाकिस्तानी एजेंसियों को न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप से रोके पीएमओ

लाहौर, एजेंसी

- कई न्यायाधीशों ने वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का लगाया है आरोप

पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को निर्देश दिया कि वह इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) सहित देश की खुफिया एजेंसियों को निर्देश जारी करे कि वे अनुकूल फैसला प्राप्त करने के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके स्टाफ के किसी सदस्य से संपर्क न करें। कई न्यायाधीशों ने खुफिया एजेंसियों, विशेषकर आईएसआई, सैन्य खुफिया (एमआई) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) पर वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का आरोप लगाया है, विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के मामलों में।

## इजराइल दूतावास के बाहर सुरक्षा अधिकारी पर किया हमला

**बेलग्राद (सर्बिया)।** सर्बिया के बेलग्राद में स्थित इजराइल के दूतावास की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस अधिकारी को शनिवार को यहां एक हमलावर ने तीर मार कर घायल कर दिया। गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावर को मार गिराया। गृह मंत्री इविका डेसिक ने एक बयान में कहा कि हमलावर ने अधिकारी पर तीर से हमला किया, जो उनकी गर्दन में लगा।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर किया मिसाइल हमला

लाहौर, दुबई

- बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर शुक्रवार को मिसाइल हमले किए। ब्रिटेन की सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही इस अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं।

यूकेटीएमओ ने बताया कि इन हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने शुक्रवार रात दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले की जानकारी दी है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं।

हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं। विद्रोहियों के अनुसार, 30 मई को हुए हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई थी और 42 अन्य घायल हुए थे।

### जद्दोजहद....



असम में भारी बारिश के कारण कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। डिब्रूगढ़ में भारी बारिश के बाद बाढ़ वाले क्षेत्र से नाव से पलायन करते लोग। ● एजेंसी

## ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए पेजेशकियन और जलीली के बीच होगा सीधा मुकाबला

दुबई, एजेंसी

- उम्मीदवार पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले

ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुए मतदान में किसी भी प्रत्याशी को जीत के लिए पर्याप्त मत नहीं मिले, जिसके बाद सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच अब सीधा मुकाबला होगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

चुनाव प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने बताया कि पेजेशकियन और जलीली के बीच सीधा मुकाबला शुक्रवार को होगा। इस्लामी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव परिणाम की घोषणा की, जिसका ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने सीधा प्रसारण किया। उन्होंने बताया कि कुल दो करोड़ 45 लाख मतों में से पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 33 लाख वोट मिले और शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 2,06,000 वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा।

### मतपेटी ले जा रहे काफिले पर हमला, दो की मौत

तेहरान। ईरान के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के बाद शनिवार तड़के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में मतपेटी ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर सशस्त्र हमलावरों ने हमला किया जिसमें दो पुलिस अधिकारी मारे गए। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने सिस्तान और बलूचिस्तान पुलिस विभाग के एक बयान के हवाले से कहा कि रस्क काउंटी के जकीगुर गांव में हुए हमले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मतपेटी को जब्त करना था।

## बॉलीवुड हलचल

### श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने फिल्म कल्कि 2988 एडी में अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया है। दर्शकों को अमिताभ का अश्वत्थामा वाला किरदार बेहद पसंद आ रहा है। इस बीच श्रद्धा कपूर ने अमिताभ की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में श्रद्धा ने लिखा है, क्या नॉर्थ, क्या साउथ, क्या ईस्ट क्या वेस्ट, सारा सिनेमा एक तरफ और अमिताभ बच्चन एक तरफ।

### मेरे कपड़े फटे, गंदे थे, तभी आमिर सामने आ गए और मैं घबरा गया : नवाजुद्दीन

मुंबई। नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज बॉलीवुड के बेहतरीन और टॉप एक्टर्स में शुमार किए जाते हैं और उन्हें अच्छी फीस भी मिलती है, लेकिन कभी उन्होंने फिल्मों में बिना किसी क्रेडिट के काम किया था। यहां तक उन्हें रोजाना सिर्फ एक हजार रुपये की तनख्वाह मिलती थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी इस वक्त नई फिल्म रौतू का राज को लेकर चर्चा में हैं, और उन्होंने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपने करियर की शुरुआती फीस से लेकर ''सरफरोश'' में आमिर संग काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने यह भी बताया कि सरफरोश में जो उनका सीन था, उसमें वह असल में आमिर के सामने हकला रहे थे और बहुत डरे हुए थे। चूंकि उनका किरदार भी ऐसा ही था, इसलिए लोगों को लगा कि नवाजुद्दीन अच्छी एक्टिंग कर रहे हैं। नवाजुद्दीन ने आगे बताया सरफरोश में मेरा छोटा सा रोल था। पूरी स्क्रिप्ट में, मैं एसीपी राठौड़ को पढ़ सकता था।

### सोनू निगम ने धोए आशा भोंसले के पैर



मुंबई। मौका था देश की मशहूर सिंगर आशा भोंसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' के लॉन्च का। इस बुक लॉन्चिंग में कई दिग्गज वहां पहुंचे थे, जिनमें से कई बॉलीवुड सिलेब्रिटीज़ भी थे। स्टेज पर आशा भोंसले के साथ सोनू निगम भी नजर आए और जिस तरह का सम्मान उन्होंने इस दिग्गज सिंगर को दिया है वह अक्सर हमने पढ़ा या सुना ही होगा। बॉलीवुड में इस तरह की चीजें कम ही देखने को मिलती हैं।

खगोल विज्ञान | शुरुआती चरण में हुई 57 ग्रहों के विकिरण की जांच

## अब विकिरण आधार पर होगी जीवन योग्य ग्रहों की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने रहने योग्य ग्रह की तलाश की दिशा बदल दी है। अब सूर्य के विकिरण के आधार पर खोज की जाएगी। जिसके शुरुआती चरण में 57 तारों के ग्रहों के विकिरण की जांच की है। जिसमें कई ग्रहों पर पड़ने वाला विकिरण पृथ्वी के समान है।

पृथ्वी के समान रहनेयोग्य ग्रह की तलाश में वैज्ञानिक लंबे समय से संघर्षरत हैं। अभी तक पांच हजार बाहरी ग्रहों की खोज हो चुकी है। जिनमें कुछ ग्रह जीवनयोग्य हो सकते हैं। मगर वैज्ञानिको की नई सोच कहती है कि सूर्य के विकिरण के आधार पर जीवनयोग्य ग्रहों की तलाश उद्देश्य की पूर्ति संभव है। इस क्रम में खगोलविदों ने हाल ही में पास के 57 सितारों से आने वाले विकिरण की मात्रा को मापा है। इनमें से कुछ तारों के ग्रहों में रहने योग्य ग्रह को हमारे सूर्य से पृथ्वी के समान या उससे भी कम विकिरण प्राप्त हुआ। तारों से निकलने वाले विकिरण की मात्रा और उस तारे के ग्रहों के लिए खतरनाक हो सकता है, जिससे संभावित रूप से वे रहने लायक नहीं रह जाते हैं। इस खोज की दिशा में तारों के आस-पास रहने योग्य एक्सोप्लेनेट की तलाश तेज कर दी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ज्ञात एक्सोप्लेनेट की बढ़ती संख्या संभावित रूप से जीवन की मेजबानी कर सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी दूसरे बाहरी ग्रह पर जीवन की तलाश सबसे बढ़ी चुनौती है। भावी दूरबीनें इस चुनौती से पार पा सकती हैं।



तारे के साथ मौजूद ग्रह। ● अमृत विचार

### कई दूरबीनों के जरिए मापा गया विकिरण

नैनीताल। कैलिफ़ोर्निया स्टेट पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ब्रीना बाइंडर के अनुसार वैज्ञानिकों ने विकिरण का अध्ययन करने के लिए नासा के चंद्रा एक्स-रे वेधशाला और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक्सएमएम-न्यूटन उपग्रह का उपयोग किया और सोच के अनुरूप निष्कर्ष सामने आए। जिसे अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया।